

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 21 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## देश के नए सीजेआई बनेंगे जस्टिस सूर्यकांत

### 24 नवंबर को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में लेंगे शपथ

**समाज जागरण**

भारत को जल्द ही नया मुख्य न्यायाधीश मिलने वाला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) नियुक्त किया है। जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। केंद्र सरकार ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा कर दी है।



जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा के हिसार जिले के एक सामान्य परिवार से आते हैं। उनके पिता संस्कृत के शिक्षक और मां गृहिणी थीं। वे अपने चार भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे हैं। उन्होंने रोहतक से एलएलबी की डिग्री हासिल की। जस्टिस सूर्यकांत का कानूनी करियर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट में बतौर वकील अपने करियर की शुरूआत की थी और बाद में वहीं के न्यायाधीश बने। इसके बाद वे हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रहे। अपने फैसलों में संतुलन, संवेदनशीलता और संविधान की भावना को सर्वोपरि रखने के लिए वे जाने जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद उन्होंने कई अहम मामलों में निर्णायक भूमिका निभाई।

वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। इससे पहले, जस्टिस बीआर गवई ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस सूर्यकांत के नाम की सिफारिश की थी। जस्टिस सूर्यकांत फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में दूसरे सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं और अब वे देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

केंद्रीय कानून और न्याय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर जस्टिस सूर्यकांत को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत को 24 नवंबर 2025 से देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। मैं उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

## चतुर्थ श्री श्याम उत्सव ओबरा नगर में ऐतिहासिक भव्यता के साथ संपन्न

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय नगर में चतुर्थ श्री श्याम उत्सव का आयोजन युवा समाजसेवी सौरभ अग्रवाल की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर प्रांगण में भव्यता और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। मंगलवार की शाम 7 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर अपनी आहुति अर्पित की। उत्सव में दो हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें चोपन, रावटसगंज, अनपरा, म्योरपुर और रेणुकूट सहित विभिन्न नगरों के श्याम भक्त सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक दिलीप भारद्वाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक उपेंद्र जी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मंच पर प्रसिद्ध भजन गायक नम्रता करवा, लाडली नीलम दीदी, राजेश शर्मा, मोहित गोयल और विशी सौरभ शर्मा ने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर अखंड ज्योत, छप्पन भोग, भव्य दरबार, इत्र पुष्प वर्षा और श्याम रसाई की श्रृंखलाओं ने श्रद्धा का अद्भुत



वातावरण प्रस्तुत किया। समापन पर भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आनंद अग्रवाल, सोनू बंसल, दिवाकर अग्रवाल, टोनी सिंगल, संदीप जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग, शिवम बंसल, अमित अग्रवाल, गौरव जैन, अतुल अग्रवाल, मनोज जिंदल सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

## 12वीं आसियान सम्मेलन: मलेशिया पहुंचे रक्षा मंत्री बैठक में लेंगे हिस्सा

**समाज जागरण/संवाददाता**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को मलेशिया पहुंचे, जहां वे आगामी दो दिनों तक विभिन्न देशों के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। जहां राजनाथ सिंह रक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे, वहीं वे कई देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

मलेशिया में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान-प्लस सदस्य देशों के अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे। वे मलेशिया के वरिष्ठ नेतृत्व से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। सबसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दूसरी आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक शुक्रवार यानी 31 अक्टूबर को आयोजित होगी।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह महत्वपूर्ण बैठक मलेशिया की



अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में आसियान के सभी सदस्य देशों के रक्षा मंत्री मौजूद रहेंगे। इस बैठक का उद्देश्य भारत और आसियान देशों के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और सुदृढ़ बनाना है। इसके साथ ही इस बैठक के जरिए भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' को और गति देने का प्रयास किया जाएगा। इसके अगले दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस में हिस्सा लेंगे। यह बैठक एक नवंबर को मलेशिया के कुआलालंपुर में होगी।

भारत इस बैठक का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां भारत के रक्षामंत्री, रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस के 15 वर्षों पर चिंतन और आगे की राह तय करने संबंधी विषय पर अपने विचार साझा करेंगे।

# समुद्री क्षेत्र में निवेश के लिए भारत एक आदर्श बंदरगाह है : प्रधानमंत्री मोदी

### पीएम मोदी बोले – 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा और आधुनिक बंदरगाह भारत को वैश्विक समुद्री केंद्र बना रहे हैं




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी – निवेशकों को "आइए, भारत में निवेश करें" का आह्वान करते हुए।

**समाज जागरण संवाददाता,**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत समुद्री क्षेत्र में निवेश के लिए विश्व का आदर्श बंदरगाह बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा, आधुनिक बंदरगाह अवसंरचना, नवाचार क्षमता और मजबूत नीतिगत ढांचा देश को एक वैश्विक समुद्री केंद्र की ओर अग्रसर कर रहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने अपने लिंक्डइन पेज पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारत की रणनीतिक स्थिति और नवाचार आधारित दृष्टिकोण जहाज निर्माण, बंदरगाह संचालन, लॉजिस्टिक्स और तटीय शिपिंग के क्षेत्र में विशाल निवेश अवसर प्रस्तुत कर रहा है।

उन्होंने लिखा, "हमारे पास विश्वस्तरीय बंदरगाह, मजबूत बुनियादी ढांचा, नवाचार और स्पष्ट इरादे हैं। आइए, भारत में निवेश करें और समुद्री विकास यात्रा का हिस्सा बनें।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का लक्ष्य न केवल वैश्विक व्यापार कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है, बल्कि ग्रीन शिपिंग पहल, मूल्यवर्धित सेवाओं, और उद्योग-अनुकूल नीतियों के जरिए समुद्री क्षेत्र में नई क्रांति लाना है।

### उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर भी लिखा –

"समुद्री क्षेत्र में निवेश करना हो तो भारत के पास आदर्श बंदरगाह है... हमारे पास बुनियादी ढांचा, नवाचार और इरादा है। आइए, भारत में निवेश करें!" विशेषज्ञों के अनुसार, प्रधानमंत्री का यह संदेश भारत सरकार की ब्लू इकॉनमी मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है, जिसके तहत देश में तटीय विकास, बंदरगाह विस्तार और समुद्री रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**जानिए क्या है ब्लू इकॉनमी मिशन**

- *समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग पर केंद्रित राष्ट्रीय योजना।*
- *बंदरगाह अवसंरचना, शिपिंग, मत्स्य पालन और पर्यटन को प्रोत्साहन।*
- *उद्देश्य – भारत को वैश्विक समुद्री हब बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना।*

## बिहार में एनडीए की सरकार जीविका दीदीयों को देगी दो लाख रुपये:- अमित शाह

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ " बिहार में फिर से एनडीए के सरकार बनाइये, जीविका दीदीयों को मिलेगी दो लाख रुपये।" ये बाते पटना जिले के पालीगंज में गुरुवार को आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने कहा।



जानकारी के अनुसार बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रथम चरण में 6 नवम्बर को मतदान कराई जाएगी। जिसको लेकर सभी दलों के शीर्ष नेताओं के द्वारा भी चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पटना जिले के पालीगंज स्थित उच्च विद्यालय के खेल मैदान में एनडीए की ओर से एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसे सम्बोधित करने के लिए भारत के गृहमंत्री अमित शाह को पहुंचना था। जिसकी प्रशासनिक तैयारी तथा शुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। कदम कदम पर पुलिस तथा केंद्रीय बलो की तैनाती की गई थी। वही गुरुवार को निर्धारित समय पर पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के सिगोड़ी थाना क्षेत्र में बने हेलीपैड पर अमित शाह की हेलीकॉप्टर उतरा। जहां से सड़क मार्ग से होकर गृहमंत्री की काफिला पालीगंज स्थित सभा स्थल पर पहुंचा। जहां पहुंचते की एनडीए कार्यकर्ताओ ने नारेवाजी करते हुए गर्मजोशी से स्वागत किया। वही सभा को सम्बोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि " अभी जीविका दीदियों को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रुपये दी गयी है। बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनाइये, इस बार प्रत्येक जीविका दीदियों के खाते में रोजगार की बृद्धि के लिए 2 लाख रुपये दी जाएगी। मौके पर उन्होंने एनडीए सरकार की ओर से बिहार में कराई गई जन कल्याण सम्बन्धी कार्यो के बारे में लोगो को बताया। साथ ही सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। फिर उन्होंने जनता से आग्रह किया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पालीगंज विधानसभा क्षेत्र संख्या 190 से एनडीए की ओर से लोजपा नेता सुनील कुमार यादव को प्रत्यासी बनाया गया है। जिन्हें भारी मतों से जिताकर एनडीए को सशक्त तथा मजबूत बनाइये। मौके पर भारी संख्या में दर्शकों तथा श्रोताओं की भीड़ जुटी रही।

## रामायण व श्रीमद् भगवद्गीता स्कूलों में पढ़ाई जानी चाहिए - देवकीनंदन ठाकुर महराज।

**समाज जागरण**

कानपुर विशेष संवाददाता। मोती झील में देवकीनंदन ठाकुर महाराज पहुँचे। जिसमे कुछ समय धर्म एवं आध्यात्मिक संवाद किया। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि रामायण व श्रीमद् भगवतगीता को प्रत्येक विधालय में अनिवार्य किया जाये, हमारे बच्चों को रामायण व गीता का ज्ञान हो जाये तो वे जीवन में कभी मार्ग से नहीं भटकेंगे,न ही दुखों में टूटेंगे, युवा धर्म, संस्कार व जीवन मूल्यों से जुड़े रहेंगे, आजादी के बाद कफबोर्ड बना लेकिन हिन्दू के लिए कोई बोर्ड क्यों नहीं बना, आतंकवादी ने धर्म पूछकर निर्मम



हत्या किया, हिन्दूओ को अब एक होने की जरूरत है। हम खुद सेल्फिस हो गये है मोबाइल से वीडियो तो बनाते हैं लेकिन सनातनियों के लिए एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। कथा में पहुचे भाजपा युवा मोर्चा कानपुर उत्तर युवराज सिंह ने कानपुर मोतीझील में चल रही भागवत कथा में पधारे महाराज ठाकुर देवकीनंदन को पटका पहना कर स्वागत किया।

## चक्रवाती तूफान 'मोथा' का असर

रायबरेली. अरब सागर में उठे चक्रवाती तूफान 'मोथा' ने उत्तर भारत के मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है. उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश जारी है. इस अनियमित बारिश से जहां लोगों को ठंडक का एहसास हुआ है, वहीं किसानों की परेशानी बढ़ गई है. रायबरेली में देर रात से जारी बारिश ने धान की तैयार फसल को नुकसान पहुंचाया है. खेतों में कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलें भीगने और गिरने से प्रभावित हो रही हैं.

# लोनी में वायुमंडल व भू-जल प्रदूषण फैला रही अवैध इकाइयों पर नहीं कोई शिकंजा

- *तार जलाने से क्षेत्र की आबोहवा में घुल रहा जहर*
- *पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठ रही उंगली*

लोनी, 30 अक्टूबरः गाजियाबाद जनपद के लोनी क्षेत्र में संबंधित अधिकारियों की कारगुजारी के चलते यहां ऐसी अनेक इकाइया संचालित है जो भू-जल के साथ-साथ वायु वातावरण में भी जहर घोलने का काम कर रही है. यही नहीं यहां जींस रंगाई फैक्ट्रियों में लाखो लीटर पानी का प्रतिदिन दोहन किए जाने से धरती की कोख भी लगातार सूखती जा रही है।

**प्रदूषित इकाइयों से बिगड़ रही है क्षेत्र की आबोहवा**

इस बात को हर कोई भली भाती जानता है कि दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण की लगातार बिगड़ती स्थिति पर काबू पाने को लेकर सरकार हो या न्यायालय, सभी गंभीर हैं. इस क्रम में बात लोनी क्षेत्र की करें तो यहां विभिन्न कॉलोनियों के साथ-साथ अन्य स्थानों पर अवैध प्रदूषित इकाइयों का खुलेआम संचालन किया जा रहा है. नतीजन क्षेत्र की बिगड़ती आबोहवा के कारण क्षेत्रीय नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इन प्रदूषित इकाइयों के आस-पास बसी कॉलोनियों की ओर ध्यान आकर्षित करें तो यहां रह रहे नागरिकों का रहना दूभर है जिन्हें सांस लेने में भी दिक्कत होती हैं. जबकि इसके अतिरिक्त लोगों का अन्य घातक बीमारियों के शिकार होने का खतरा बना हुआ है. वहीं दूसरी ओर तारों के कबाडे का काम करने वाले लोगों की संख्या भी यहां कुछ कम नहीं है. जो तारों से तांबा व कोपर आदि धातु निकालने के लिए उन्हें रात के समय आग के हवाले कर देते है. इससे निकलने वाला बदबूदार धुआं वातावरण में जहर घोलने का काम करता है।

**भू-जल की बिगड़ती स्थिति**

गौरतलब हो कि दिल्ली आस-पास क्षेत्र में भू-जल दोहन पर पूर्ण रुप से पाबंदी लगाई गई है. न्यायालय के निर्देश अनुसार यहां बोरिंग या समर्सिबल लगाने पर रोक लगाई गई है. मगर इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट



के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए यहां खुलेआम जींस रंगाई फैक्ट्रियों में लाखो लीटर पानी धड़ल्ले से बर्बाद किया जा रहा है. इसके अलावा इन फैक्ट्रियों में प्रयोग होने वाले कैमिकल के कारण वहां काम करने वाले कर्मचारियों व कॉलोनी वासियों के स्वास्थ्य को बने रहने वाले खतरे को भी नकारा नहीं जा सकता. इसका जीता जागता उदाहरण राजीव गार्डन कॉलोनी में स्थित एक जींस रंगाई फैक्ट्री है. यहां विगत 16 जुलाई की शाम फैक्ट्री का कैमिकल टैंक साफ करने के दौरान दो कर्मचारियों की जान चली गई थी।

**सील हुई इकाई भी संचालित**

संदर्भ में मुख्य रूप बात सेवा धाम चौकी क्षेत्र की करें तो इसके अंतर्गत गांव टीला-मंडोली मार्ग, अमित बिहार व कृष्णा बिहार इत्यादि स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध रूप से प्रदूषित इकाइयों का संचालन धड़ल्ले से जारी है. यहां अनेक उदाहरण तो ऐसे हैं कि अवैध संचालन के चलते सील की गई फैक्ट्री उनके स्वामियों द्वारा चंद दिन बाद ही पुनः संचालित कर ली जाती हैं. जो संबंधित विभाग की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

नागरिकों का आरोप है कि अवैध रूप से संचालित इन इकाइयों के स्वामियो को पुलिस प्रशासन का



खुला संरक्षण प्राप्त हैं जो इनके संचालको से नजराने के तौर पर प्रतिमाह एक मोटी रकम वसूलकर ले जाते हैं. इन्हें क्षेत्र की बिगड़ती भौगोलिक स्थिति से कोई लेना-देना नहीं होता है और इस तरह क्षेत्र वासियों को जानलेवा बीमारियों के हवाले करने का काम कर रहे हैं।

# दक्षिण एशिया में विदेशी साजिश के संकेत और मोदी की सुरक्षा का प्रश्न

महेन्द्र तिवारी

दक्षिण एशिया आज वैश्विक भू-राजनीतिक मानचित्र का वह केंद्र बन चुका है, जहाँ विश्व की महाशक्तियों झ अमेरिका, चीन और रूस झ की प्रतिस्पर्धा और उनके रणनीतिक सहयोग दोनों की जटिल रेखाएँ एक दूसरे को काटती हैं। इस क्षेत्र में इन प्रमुख देशों के हित गहराई से उलझे



हुए हैं, और भारत, अपनी बढ़ती आर्थिक एवं सैन्य शक्ति तथा विश्व मंच पर अपनी स्वतंत्र और निर्णायक भूमिका के कारण, स्वाभाविक रूप से इस भू-राजनीतिक संघर्ष का केंद्र बन गया है। भारत की यह स्वतंत्र नीति, जो किसी एक ध्रुव पर निर्भर न रहकर बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करती है, कुछ वैश्विक शक्तियों के रणनीतिक हितों के विपरीत खड़ी है, और इसी कारण भारत के शीर्ष नेतृत्व एवं उसकी सुरक्षा को लेकर खतरे और अटकलें बढ़ गई हैं।

हाल ही में बांग्लादेश की राजधानी ढाका में अमेरिकी स्पेशल फोर्स अधिकारी टेरेंस अर्वेल जैक्सन की रहस्यमय मौत ने इन भू-राजनीतिक आशंकाओं को एक बार फिर सतह पर ला दिया है। 31 अगस्त को हुई यह घटना सामान्य नहीं कही जा सकती, खासकर इसलिए क्योंकि यह ऐसे समय पर हुई जब भारत, रूस और चीन के बीच रणनीतिक स्तर पर संवाद गहरा रहा था। इसी अवधि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चीन में एक गोपनीय 45 मिनट की बैठक संपन्न हुई थी। इस संयोग को अंतर्राष्ट्रीय खुफिया हलकों में महज दुर्घटना के रूप में नहीं देखा गया। ह्यऑर्गनाइजरह्न पत्रिका की रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि अमेरिकी अधिकारी की तैनाती का उद्देश्य केवल क्षेत्रीय सुरक्षा नहीं था, बल्कि वह भारत से जुड़े किसी गुप्त मिशन की योजना का हिस्सा हो सकता था। यदि यह दावा सत्य सिद्ध होता है, तो यह दक्षिण एशिया में एक नए और गंभीर खुफिया संघर्ष की शुरूआत का संकेत होगा, जिसका लक्ष्य भारत की स्वतंत्र नीतिगत दिशा को नियंत्रित या कमजोर करना हो सकता है।

अमेरिकी खुफिया एजेंसी, सीआईए, पर पहले से ही अन्य देशों की राजनीति को अपने अनुकूल ढालने के लिए गुप्त अभियानों में संलग्न रहने के आरोप लगते रहे हैं। ईरान में 1953 की सत्ता पलट, चिली और निकारागुआ में शासन परिवर्तन, तथा अफगानिस्तान में दीर्घकालिक गुप्त हस्तक्षेप इसके ऐतिहासिक उदाहरण हैं। दक्षिण एशिया में भी अमेरिका की सक्रियता नई नहीं है; पाकिस्तान को रणनीतिक सहयोगी बनाकर उसने भारत पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाए रखने की कोशिश की है, जबकि बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका जैसे देशों में उसकी नीति राजनीतिक और सैन्य प्रभाव दोनों बढ़ाने की रही है। ऐसे में, यदि ढाका में किसी अमेरिकी अधिकारी की संदिग्ध मृत्यु होती है और उसके तार भारत की सुरक्षा या प्रधानमंत्री मोदी को लक्ष्य बनाने की किसी साजिश से जोड़े जाते हैं, तो यह महज अफवाह नहीं बल्कि गंभीर चिंता का विषय है, जो इस क्षेत्र में विदेशी हस्तक्षेप की बढ़ती जटिलता को दशार्ता है।

भारत और रूस के बीच वर्षों से मजबूत खुफिया सहयोग रहा है, विशेषकर आतंकवाद-रोधी अभियानों में। यह माना जा रहा है कि यदि वास्तव में किसी विदेशी एजेंसी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कोई गुप्त अभियान तैयार किया था, तो वह भारत-रूस की सूचनात्मक साझेदारी और संयुक्त कार्रवाई की वजह से विफल हुआ। यह तथ्य बताता है कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था अब किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के प्रति पहले से कहीं अधिक सजग और सक्षम है। इस घटनाक्रम के कुछ ही दिनों बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में सेमीकॉन शिखर सम्मेलन में हल्के-फुल्के अंदाज में की गई अपनी टिप्पणी से राजनीतिक पर्यवेक्षकों को संकेत दिया कि हाल में कुछ ऐसी घटनाएं घटी हैं, जिन्होंने उनकी सुरक्षा और विदेश यात्राओं से जुड़े जोखिमों को एक नई दृष्टि से परखने की आवश्यकता पैदा की है।

आज की दुनिया में संघर्ष केवल सीमाओं पर सैन्य बलों के बीच नहीं लड़ा जाता, बल्कि सूचना, तकनीक, अर्थव्यवस्था और गुप्त अभियानों के मोर्चे पर भी 'साइलेंट वॉरफेयर' (मौन युद्ध) के रूप में चल रहा है। खुफिया एजेंसियों की भूमिका पहले से कहीं अधिक जटिल और गुप्त हो चुकी है। ढाका की घटना इसी गुप्त युद्ध का एक हिस्सा प्रतीत होती है, जहां लक्ष्य सिर्फ कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की नीतिगत दिशा होती है। भारत जैसे लोकतांत्रिक और तेजी से उभरते देश के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने मित्र देशों, विशेषकर रूस जैसे विश्वसनीय सहयोगियों, के साथ सूचना और सुरक्षा सहयोग बनाए रखते हुए किसी भी विदेशी हस्तक्षेप के प्रति अत्यधिक सतर्क रहे।

हालांकि इस रिपोर्ट और साजिश के दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, और अमेरिकी पक्ष ने भी इस मृत्यु पर कोई विस्तृत बयान नहीं दिया है, लेकिन यह घटना दशार्ती है कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भरोसे और संदेह के बीच की रेखा कितनी पतली होती जा रही है। भारत के लिए यह एक संवेदनशील समय है। जैसे-जैसे वह वैश्विक शक्ति समीकरण में अपनी स्वतंत्र पहचान मजबूत कर रहा है, वैसे-वैसे उसके नेतृत्व और नीति-निमार्ताओं पर बाहरी दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए भारत की सुरक्षा एजेंसियों को अब केवल पारंपरिक सुरक्षा नहीं बल्कि रणनीतिक चेतावनी और पूवार्नुमान की भूमिका निभानी होगी। भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में, भारत को अपनी संप्रभुता और नेतृत्व की सुरक्षा दोनों सुनिश्चित करनी होंगी। यह समय आत्ममुग्धता का नहीं, बल्कि गहरी रणनीतिक सतर्कता का है। विदेशी खुफिया गतिविधियों से लेकर साइबर निगरानी तक, हर स्तर पर भारत को अपनी सुरक्षा प्रणाली को सशक्त बनाना होगा, क्योंकि दक्षिण एशिया का भविष्य वैश्विक संघर्ष और सहयोग के केंद्र के रूप में ही आकार लेगा।

# योगी का गन्ना मंत्र, किसानों को राहत और सहयोगियों संग चुनावी तालमेल की मिठास

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए गन्ने के दाम में तीस रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी कर दी है। अब अगेती प्रजाति के गन्ने का मूल्य चार सौ रुपये और सामान्य प्रजाति का मूल्य तीन सौ नब्बे रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह निर्णय न केवल गन्ना किसानों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि प्रदेश की राजनीति में भी नए समीकरणों की आहट दे रहा है। इस एक फैसले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान वर्ग, सहयोगी दलों और उद्योग जगत तीनों को साधने की कोशिश की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खेतों से लेकर पूर्वांचल के गांवों तक इस घोषणा ने चर्चा का माहौल बना दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब प्रदेश में पंचायत चुनावों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और 2027 के विधानसभा चुनावों की सुगबुगाहट भी तेज होती दिख रही है।

गन्ना, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की जान कहा जा सकता है। यह सिर्फ एक फसल नहीं बल्कि करोड़ों किसानों की आजीविका का आधार है। प्रदेश में करीब 29.5 लाख हेक्टेयर भूमि पर गन्ना बोया जाता है और 122 से अधिक चीनी मिलें इसका प्रसंस्करण करती हैं। सरकार का कहना है कि इस निर्णय से गन्ना किसानों को लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। योगी सरकार का दावा है कि 2017 से अब तक उसने चार बार गन्ना मूल्य बढ़ाया है और इस अवधि में किसानों को लगभग दो लाख नब्बे हजार करोड़ रुपये का भुगतान कराया गया है, जो पिछली दो सरकारों के संयुक्त भुगतान से कहीं अधिक है। इस आंकड़े के पीछे सरकार का उद्देश्य साफ है किसानों के बीच भरोसे का माहौल बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देना।

राजनीतिक तौर पर देखें तो यह कदम बेहद रणनीतिक है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गन्ना किसानों का वोट बैंक बेहद प्रभावी माना जाता है। मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, बागपत, शामली जैसे जिलों में गन्ना किसानों की भूमिका निर्णायक होती है। 2007 में जब किसान बसपा की ओर झुके, तब मायावती सत्ता में आईं। 2012 में उन्होंने समाजवादी पार्टी का रुख किया तो अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बने। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों के बाद समीकरण बदले और किसान भाजपा के साथ खड़े दिखे। 2014 और 2017 में भाजपा ने इस समर्थन का पूरा लाभ उठाया।




लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में गन्ना बकाया और भुगतान में देरी के मुद्दे ने असर दिखाया और भाजपा की कई सीटें खतरे में आईं। उसके बाद किसान आंदोलन ने पश्चिमी यूपी की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। इस बार योगी सरकार ने समय रहते गन्ना मूल्य वृद्धि करके उसी भरोसे को फिर से मजबूत करने की कोशिश की है।

इस फैसले का असर सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं रहेगा। भाजपा के सहयोगी दल जैसे राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (एस) और सुभासपा को भी यह फैसला साधता दिखता है। आरएलडी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि योगी सरकार ने गन्ने की मिठास और किसानों की मेहनत का मान रखा है। इसी तरह सुभासपा और अपना दल (एस) ने भी सरकार की सराहना की है। यह संदेश साफ है कि भाजपा अपने सहयोगियों के साथ तालमेल को मजबूत करने में लगी है ताकि आने वाले चुनावों में विपक्ष को एकजुट होने का मौका न मिले। पश्चिमी यूपी में आरएलडी की पकड़ मजबूत है और किसान वर्ग में उसका प्रभाव भी। ऐसे में सरकार का यह कदम राजनीतिक दृष्टि से दोहरा फायदा देता है किसान खुश और सहयोगी दल संतुष्ट।

गन्ना नीति को लेकर योगी सरकार की दिशा पिछले कुछ वर्षों में काफी स्पष्ट रही है। सरकार ने बकाया भुगतान को लेकर लगातार निगरानी रखी है, चीनी मिलों पर दबाव बनाया है और ह्यस्मार्ट गन्ना किसानह्न जैसी ऑनलाइन प्रणाली शुरू की है, जिससे गन्ना पर्ची और भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है।

अब किसान का भुगतान सीधे डीबीटी के जरिए खाते में पहुंचता है। बिचौलियों का प्रभाव लगभग खत्म हुआ है। सरकार ने यह भी बताया है कि अब तक 42 चीनी मिलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा चुकी है, छह बंद मिलों को दोबारा चालू किया गया है और चार नई मिलें स्थापित की गई हैं। इन कदमों से प्रदेश में बारह हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है, जिससे गन्ना उद्योग में रोजगार के नए अवसर भी बढ़े हैं।

इथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान बनाया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य में इथेनॉल उत्पादन 41 करोड़ लीटर से बढ़कर 182 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है और आसवनियों की संख्या 61 से बढ़कर 97 हो गई है। इससे न सिर्फ किसानों को नई आमदनी के रास्ते खुले हैं, बल्कि वैकल्पिक ऊर्जा क्षेत्र को भी बल मिला है। सरकार के अनुसार, दो चीनी मिलों में अब सीबीजी संयंत्र भी लगाए जा रहे हैं ताकि गन्ने के अपशिष्ट से जैव ऊर्जा का उत्पादन हो सके। इस तरह योगी सरकार गन्ना नीति को केवल मूल्य वृद्धि तक सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि इसे ऊर्जा, निवेश और आत्मनिर्भरता के बड़े लक्ष्य से जोड़ रही है।

हालांकि, विपक्ष इस फैसले को चुनावी दांव करार दे रहा है। समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह का कहना है कि महंगाई के अनुपात में यह वृद्धि पर्याप्त नहीं है और सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने भी कहा कि दाम बढ़ाना अच्छा है, लेकिन 400 रुपये के पार जाना चाहिए था ताकि महंगाई की भरपाई हो सके। इन आलोचनाओं के बावजूद, यह भी सच है कि योगी सरकार के कार्यकाल में अब तक गन्ने के मूल्य में कुल 85 रुपये की वृद्धि हुई है, जबकि मायावती और अखिलेश यादव की संयुक्त दस वर्षों की अवधि में यह वृद्धि मात्र 65 रुपये रही थी।

गन्ने की मिठास में छिपी राजनीति को समझना आसान नहीं। यह फसल पश्चिमी यूपी के साथ-साथ पूर्वांचल में भी आर्थिक-सामाजिक प्रभाव रखती है। माना जाता है कि प्रदेश की लगभग 180 विधानसभा सीटों पर गन्ना किसानों का सीधा प्रभाव है। ऐसे में योगी सरकार का यह फैसला चुनावी समीकरणों को सीधे प्रभावित करेगा। यदि किसानों के बीच यह संदेश जाता है कि सरकार ने उनके हित में काम किया है और बकाया भुगतान समय पर हुआ है, तो यह भाजपा के लिए बड़े राजनीतिक लाभ में बदल सकता है।इस-के साथ ही सरकार ने हाल में फॉस्फेटिक और पोटासिक उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ाने का निर्णय भी लिया है। लगभग 37,952 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ यह कदम किसानों को सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खाद समय पर उपलब्ध कराने के लिए उठाया गया है। इससे गन्ने की उत्पादकता और लागत पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद है।

कुल मिलाकर, योगी आदित्यनाथ का यह निर्णय एक साथ कई मोर्चों को साधने वाला है। इससे जहां किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की छवि मजबूत होगी। सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की रणनीति और उद्योग में निवेश को बढ़ावा देने की नीति, दोनों का मेल इस फैसले में साफ झलकता है। गन्ना उत्तर प्रदेश की राजनीति का ऐसा घटक है जो हर चुनाव में स्वाद बदल देता है। इस बार योगी सरकार ने उसी मिठास को अपने पक्ष में करने की ठोस कोशिश की है। अगर आने वाले महीनों में बकाया भुगतान की स्थिति नियंत्रण में रहती है और किसान वाकई इस बढ़ोतरी का लाभ महसूस करते हैं, तो यह फैसला भाजपा के लिए पश्चिमी यूपी की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।गन्ने की बढ़ी हुई कीमत के साथ किसानों की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। यह फैसला केवल आर्थिक राहत नहीं बल्कि राजनीतिक संदेश भी है कि योगी सरकार ग्रामीण उत्तर प्रदेश को अपनी प्राथमिकता में रखे हुए है। अब देखना यह होगा कि यह मिठास कितनी दूर तक असर दिखाती है सिर्फ खेतों तक या फिर विधानसभा तक।

# समावेशी राष्ट्रवाद".की अवधारणा. विसंगतियों को अवसर में बदलने की प्रक्रिया



आजादी के बाद भारत ने औद्योगिक, कृषि, शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, किंतु सामाजिक विषमताओं का गहरा साया आज भी देश की आर्थिक प्रगति की गति को रोक रहा है। स्वतंत्र भारत के सामने सामाजिक और आर्थिक असमानता सबसे गंभीर समस्या बनकर खड़ी हुई है। जिस देश में जाति, धर्म, भाषा और वर्ग के आधार पर समाज विभाजित हो, वहां आर्थिक विकास का संतुलित प्रवाह बनाए रखना अत्यंत कठिन हो जाता है।भारतीय समाज में विविधता हमारी सांस्कृतिक पहचान तो है, किंतु यही विविधता जब विषमता में बदल जाती है, तो विकास के मार्ग में बाधा उत्पन्न करती है। स्वतंत्रता पूर्व काल में सामाजिक विषमताओं ने दासता की जंजीरों को और मजबूत किया, वहीं स्वतंत्रता के पश्चात भी इन विषमताओं ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को अनेक स्तरों पर कमजोर किया है। आज जातिगत संघर्ष, क्षेत्रीय असंतुलन, धार्मिक विभाजन और भाषाई विवाद हमारे समाज के लिए गंभीर चुनौतियां बन चुके हैं।

राजनीति ने इन विषमताओं को सुलझाने के बजाय अक्सर इन्हें भुनाया है। जातीय समीकरण और वर्गीय विभाजन सत्ता तक पहुंचने के साधन बन गए हैं। उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। यही सामाजिक असंतुलन आर्थिक असमानता को जन्म देता है, जो आगे चलकर नक्सलवाद, बेरोजगारी और अपराध जैसे रूपों में फूट पड़ता है।भारत में न केवल जातिगत बल्कि धार्मिक विभाजन भी गहरी जड़ें जमा चुका है। मंदिर-मस्जिद के विवादों ने देश के सामाजिक सौहार्द को बार-बार चोट पहुंचाई है। सांप्रदायिकता के कारण समाज में अविश्वास और असुरक्षा की भावना बढ़ती गई है, जिससे निवेश और विकास का माहौल भी प्रभावित होता है। पश्चिमी अर्थशास्त्रियों ने भी यह स्वीकार किया है कि भारत के आर्थिक विकास में जाति और धर्म आधारित असमानताएं सबसे बड़ी रुकावट हैं, क्योंकि इनकी जड़ें इतिहास में बहुत गहराई तक फैली हुई हैं।भाषाई विवाद भी इस समस्या का एक संवेदनशील पहलू है। स्वतंत्रता के बाद हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने पर दक्षिण भारत के राज्यों में भारी विरोध हुआ। आज भी बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उड़ीसा जैसे राज्यों में भाषाई पहचान को लेकर तनाव समय-समय पर उभरते रहते हैं। यह स्थिति न केवल सांस्कृतिक बल्कि आर्थिक एकता को भी प्रभावित करती है।संविधान निमार्ताओं ने इन विषमताओं को ध्यान में रखते हुए समानता, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के सिद्धांतों को भारत के संविधान की आत्मा में शामिल किया। पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से सरकार ने वर्गविहीन समाज की परिकल्पना की थी, जहाँ आर्थिक अवसर सभी के लिए समान हों। परंतु स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी वर्ग, जाति, भाषा और धर्म के नाम पर विभाजन की रेखाएं समाज में स्पष्ट दिखती हैं।

भारत के आर्थिक विकास की सच्ची अवधारणा तभी संभव है जब सामाजिक समानता को प्राथमिकता दी जाए। पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी और गरीब तबके को विकास की मुख्यधारा में जोड़ना सबसे आवश्यक कार्य है। यदि ये वर्ग आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनते हैं, तो गरीबी, भूखमरी और नक्सलवाद जैसी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी'भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में विकास केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि मानसिक एकता से संभव है। हमें 'समावेशी राष्ट्रवाद' की अवधारणा को अपनाना होगा – जिसमें हर नागरिक खुद को राष्ट्र की प्रगति का सहभागी माने। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आर्थिक राष्ट्रवाद को एक सूत्र में पिरोकर ही हम एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।आज भी देश में गरीबी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, भाषावाद और सांप्रदायिकता जैसी विसंगतियां ब्रिटिश शासन काल की तरह समाज को भीतर से कमजोर कर रही हैं। यह स्थिति बताती है कि अभी हमें बहुत लंबा रास्ता तय करना है। आर्थिक नीतियों के साथ-साथ सामाजिक सुधार भी आवश्यक हैं।राष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए यह अनिवार्य है कि समाज के हर वर्ग में समान अवसर, समान सम्मान और समान भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जब तक समाज में समानता का वातावरण नहीं बनेगा, तब तक आर्थिक प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित रहेगी, वास्तविक जीवन में नहीं उतरेगी।
अब समय आ गया है कि हम अपने मतभेदों को भुलाकर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को सर्वोपरि रखें। यदि हर नागरिक अपनी सामाजिक पहचान से ऊपर उठकर भारतीयता को अपनाए, तो भारत विश्व मंच पर न केवल आर्थिक रूप से बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक रूप से भी अग्रणी राष्ट्र बन सकता है।भारत का आर्थिक उत्थान तभी संभव है जब सामाजिक विषमताओं को मिटाकर राष्ट्रवाद, समरसता और समानता को समाज की मूलधारा बनाया जाए। यही वह पथ है जो भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्वगुरु के रूप में स्थापित कर सकता है। यदि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, तो सबसे पहले सामाजिक समानता सुनिश्चित करनी होगी। पिछड़े वर्गों, दलितों, आदिवासियों और वंचित तबकों को मुख्यधारा से जोड़ना ही वास्तविक विकास की दिशा में पहला कदम है। जब समाज का हर वर्ग शिक्षित, स्वावलंबी और सशक्त बनेगा, तभी गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद और असमानता जैसी समस्याएं मिटेंगी।

विकास केवल आर्थिक योजनाओं से संभव नहीं होता; इसके लिए मानसिक एकता और सामाजिक समरसता भी आवश्यक है। हमें "समावेशी राष्ट्रवाद" की उस अवधारणा को अपनाना होगा, जिसमें हर नागरिक खुद को राष्ट्र की प्रगति का सहभागी समझे। सांस्कृतिक और आर्थिक राष्ट्रवाद का समन्वय ही एक नए भारत की नींव रख सकता है।आज भी गरीबी, बेरोजगारी, भाषावाद, आतंकवाद और सांप्रदायिकता जैसी चुनौतियां भारत के विकास की रफ़्तार को रोक रही हैं। ब्रिटिश शासनकाल की विसंगतियां कहीं न कहीं आज भी हमारी सोच में मौजूद हैं। आवश्यकता है कि हम इन सब विभाजनों से ऊपर उठकर "राष्ट्र प्रथम" की भावना को सर्वोपरि रखें।जब हर भारतीय अपने व्यक्तिगत, भाषाई या धार्मिक मतभेदों से ऊपर उठकर 'भारतीयता' को अपनाएगा, तभी भारत विश्व मंच पर न केवल आर्थिक बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि से भी अग्रणी राष्ट्र बन सकेगा।

**संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर छत्तीसगढ़,**

31 अक्टूबर पर विशेषः -

# राष्ट्रीय एकता के प्रतीक - लौहपुरुष सरदार पटेल

मृत्युंजय दीक्षित

स्वतंत्रता के पश्चात भारत की राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एक प्रखर देशभक्त जो ब्रिटिश राज के अंत के बाद 562 रियासतों को जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध थे तथा एक महान प्रशासक जिन्होंने विभाजन कि विभीषिका से बिलखते और जलते भारत को स्थिर करने में महतवपूर्ण भूमिका निभायी ऐसे महान लौहपुरुष सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को ग्राम करमसद में हुआ था। इनके पिता झबेरभाई पटेल थे जिन्होंने 1857 में रानी झांसी के समर्थन में युद्ध किया था। इनकी मां का नाम लाडोबाई था।

वल्लभ भाई की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही एक ऐसे विद्यालय में हुई जो कक्षा चार तक ही था। आगे की शिक्षा के लिए पटेल जिस विद्यालय में गए वह उनके मूल गांव से छह से सात किलोमीटर की दूरी पर था। वल्लभ भाई की विद्यालय की शिक्षा उनके ननिहाल में हुई। उनके जीवन का वास्तविक विकास ननिहाल से ही प्रारम्भ हुआ था। उनमें बचपन से ही कुशल नेतृत्वकर्ता के गुण दिखाई देते थे । वे पढ़ने में तो तेज थे ही, गीत-संगीत व खेलकूद में भी आगे थे। उनमें एक ऐसा सम्मोहन था कि वे अपने साथियों के बीच विद्यालय के दिनों में ही लोकप्रिय हो गये थे तथा उनका नेतृत्व करने लग गये थे। वल्लभभाई की उच्च शिक्षा बहुत ही कष्टों के साथ इंग्लैंड में जाकर पूरी हुई जहां से उन्होंने बैरिस्टरी की परीक्षा उत्तीर्ण की।

पटेल कुशाग्रबुद्धि के थे तथा उनमें सीखने की अद्भुत क्षमता थी। बचपन में एक बार वे विद्यालय से आते समय पीछे छूट गये। कुछ साथियों ने जाकर देखा तो ये धरती पर गड़े एक नुकीले पत्थर को उखाड़ रहे थे। पूछने पर बोले,ह्व इसने मुझे चोट पहुंचायी है अब मैं इसे उखाड़कर ही मानूंगाह्व और वे उस पत्थर को उखाड़ करके ही घर आये। एक बार उनकी बगल में फोड़ा निकल आया।उन दिनों गांवो में इसके लिए लोहे की सलाख को लालकर उससे फोड़े को दाग दिया जाता था। नाई ने सलाख को भट्ठी में रखकर गरम तो कर लिया पर वल्लभ भाई जैसे छोटे बालक को दागने की हिम्मत नहीं पड़ी। इस पर वल्लभ भाई ने सलाख अपने हाथ में लेकर उसे फोड़े में घुसा दिया आसपास बैठे लोग चीख पड़े लेकिन उनके मुंह से उफ तक नहीं निकला।

1926 में उनकी भेंट गांधी जी से हुई और वे स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े और स्वदेशी जीवन शैली में आ गये। बारडोली में किसान आंदोलन का सफल नेतृत्व करने के कारण उनका नाम सरदार पड़ा। सरदार पटेल स्पष्ट व निर्भीक वक्ता थे। यदि वे कभी गांधी जी से असहमत होते तो वे उसे भी साफ कह देते थे। वे कई बार जेल गये। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें तीन साल की कैद हुई।

स्वतंत्रता के बाद उन्हें नेहरू मंत्रिपरिषद में गृहमंत्री बनाया गया।सरदार पटेल ने चार वर्ष तक गृह मंत्री के पद पर कार्य किया। यह चार वर्ष न केवल उनके वरन स्वाधीन भारत के भी ऐतिहासिक वर्ष हैं। उन्होने 542 रियासतों का विलय करवाया जिसमें सबसे कठिन विलय जूनागढ़ और हैदराबाद का रहा। सरदार की प्रेरणा से ही जूनागढ़ में विद्रोह हुआ और वह भारत में मिल गया।हैदराबाद में बड़ी पुलिस कार्यवाही करनी पड़ी। जम्मू कश्मीर का मामला नेहरू जी ने अपने पास रख लिया जिसका आंशिक समाधान नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 की समाप्ति के रूप में कर दिया है जबकि पाकिस्तानी कब्जे वाला कश्मीर वापस लेना अभी शेष है। सरदार पटेल ने गृहमंत्री रहते हुए रेडियो एवं सूचना विभाग का कायाकल्प किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सब-जूनियर बालिका वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल ट्रायल सम्पन्न

## स्पर्श ग्लोबल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में 60 बालिकाओं ने दिखाया दमखम

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 30 अक्टूबर 2025। जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर के तत्वावधान में आज सब-जूनियर बालिका वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल ट्रायल का सफल आयोजन स्पर्श ग्लोबल स्कूल, सेक्टर-20, ग्रेटर नोएडा में किया गया। ट्रायल में जनपद की कुल 60 सब-जूनियर बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आगामी 31 अक्टूबर को मेरठ के तोपखाना ग्राउंड में आयोजित होने वाली मंडलीय स्तरीय फुटबॉल ट्रायल में प्रतिभाग हेतु चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रायल के सफल आयोजन हेतु गठित चयन समिति में फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से नामित शारुख, स्पर्श ग्लोबल स्कूल के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. अजीत नागर तथा बी.एल.एस. वर्ल्ड स्कूल की शारीरिक शिक्षा निदेशक रितु चौधरी सम्मिलित रहीं।



चयन समिति द्वारा मंडल स्तरीय ट्रायल हेतु जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया, वे हैं –



खुशबू, दिशू, शिवानी, शैली, दीपिका, आशी, मोनिका, मानसी, काव्या, रिया, आहिस्ता, नेहा, आराध्या, पुष्पा, वाणी, यशिका तथा पवानी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि चयनित बालिका फुटबॉल टीम आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद गौतम बुद्ध नगर का प्रतिनिधित्व करेगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 30 अक्टूबर 2025। जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद के व्यापारिक वातावरण को अधिक सुगम एवं सुदृढ़ बनाना तथा व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना था।

**बैठक में व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।**

व्यापारिक प्रतिनिधियों ने अतिक्रमण, जाम, पार्किंग, सड़कों की मरम्मत, जीएसटी से जुड़ी जटिलताओं जैसी प्रमुख समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष विस्तार से रखा। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी एवं आसपास के बाजार क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याओं से भी अवगत कराया गया।



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की बाधा न आने पाए। उन्होंने नगर पालिका दादरी एवं अन्य स्थानीय निकायों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटाने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाए, ताकि दुकानदारों व ग्राहकों को आवाजाही में सुविधा मिल सके।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा पीक आवर्स में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे व्यापारी निश्चिंत होकर अपना व्यवसाय कर सकें।

इस अवसर पर विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से सुझाव प्रस्तुत किए। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी मेधा रूपम को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा जिला प्रशासन के त्वरित निर्णयों और सहयोगी दृष्टिकोण की सराहना की।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग व्यापारिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संयुक्त रूप से कार्य करें, ताकि जनपद में अनुकूल व निवेश-प्रेरक माहौल निर्मित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य व्यापारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जनपद को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाना है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (भू-अर्जन) बच्चू सिंह, उद्योग उपयुक्त अनिल कुमार, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान अनिरुद्ध कुमार, जिला लीड बैंक प्रबंधक राजेश सिंह कटारिया, ईओ दादरी शालिनी गुप्ता सहित जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल से प्रदेशाध्यक्ष विकास जैन, चेयरमैन नवनीत, उकता गुप्ता, उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, महामंत्री सचिन गोयल, सचिव मनीष शर्मा, शिवा चौहान व जिला सचिव विवेक अग्रवाल भी मौजूद रहे। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

# अनियमितताओं के बीच संपन्न हुई जल विचार गोष्ठी

**समाज जागरण**

लोनी, 30 अक्टूबरः क्षेत्र में स्थित पाभी पुस्ता के निकट कारवां बैंक्वेट हॉल में तंवर स्वच्छ पर्यावरण संस्था के तत्वाधान में जल विचार गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अ व्यवस्थाओं के बीच संपन्न हुए कार्यक्रम में रमन गिरी बाबा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

गजेन्द्र सिंह के संचालन मैं आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद दर्शक गणों की स्थिति ऐसी थी मानो कार्यक्रम को लेकर उनके बीच कोई खास उत्साह ही ना हो। जहां सम्मान समारोह शुरू होने के दौरान कई अतिथि अपना शील्ड और दुपट्टा समेटने के बाद नजर नहीं आए। अ व्यवस्थाओं के बोल बाले के साथ संपन्न हुई जल विचार गोष्ठी के दौरान आलम ऐसा था कि

सादुल्ला बाद के एक गणमान्य व्यक्ति ने तो मंच के समीप आते ही मानो कार्यक्रम के आयोजकों का मार्गदर्शन करने का प्रयास किया हो। जिन्होंने पहले गोष्ठी और अतिथियों का सम्मान होने की प्रक्रिया पर सवाल खड़ा कर दिया. मगर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हालांकि आयोजको द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया. मगर आगंतुओ की उपस्थिति उन पर भारी पड़ती नजर आई। और इस तरह अनुशासन की कमी के बीच संपन्न हुए कार्यक्रम के मौके पर मुख्य रूप से पर्यावरण विद के अलावा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा, जगत सिंह खारी, सेलकराम खारी, प्रमोद गोस्वामी, तेजपाल सिंह विपुल जैन रियाज अहमद संतराम राठी कमलेश राठौर लोकेश चौधरी सतपाल सिंह, सतपाल प्रधान अरविंद जिन्दड, अशोक कुमार, नीलम पंवार, विजय, रामपाल, कमलेश राठौर व राकेश कुमार आदि की हाजिरी रही।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए हवाई अड्डा आपातकालीन योजना समिति की बैठक सम्पन्न

## आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, ढांचे की तैयारी और चिकित्सा समन्वय को मजबूत करने पर हुई गहन चर्चा

**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगर, 30 अक्टूबर 2025। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए हवाई अड्डा आपातकालीन योजना समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ सैल्मन ने की, जबकि सह-अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी भू-अर्जन बच्चू सिंह ने की। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की आपदा प्रबंधन योजना वर्ष 2016 और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत गठित यह समिति हवाई अड्डे की आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा, अद्यतन तथा संकट की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने वाली शीर्ष इकाई के रूप में कार्य करती है।

बैठक में हवाई अड्डे की आपातकालीन तैयारियों का विस्तृत अवलोकन किया गया। इस दौरान हवाई अड्डा आपातकालीन ढांचे की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल और समन्वित प्रतिक्रिया दी जा सके।

बैठक में आपात संचालन केंद्र, पुनर्मिलन क्षेत्र और मीडिया केंद्र की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सहायता के क्षेत्र में सामूहिक दुर्घटनाओं और संभावित आपदाओं से निपटने के लिए



स्थानीय अस्पतालों, एम्बुलेंस सेवाओं और हवाई अड्डा स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

आपातकालीन चेतावनी और सूचना प्रणाली पर भी विशेष चर्चा हुई। इसमें जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नियंत्रण कक्ष, अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग तथा पुलिस विभाग के बीच सूचना प्रवाह के लिए एकीकृत तंत्र के विकास पर विचार-विमर्श हुआ।

अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच आयोजित विभिन्न मॉक अभ्यासों की भी समीक्षा की गई। इन अभ्यासों में आपातकालीन सिमुलेशन, नागरिक सुरक्षा और निकासी अभ्यास, जल बचाव अभियान तथा आपात प्रतिक्रिया प्रशिक्षण शामिल रहे। इनसे संबंधित एजेंसियों की क्षमता और समन्वय में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।

बैठक के अंत में समिति ने नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक ढांचे और विभागीय समन्वय के माध्यम से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हर स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। समिति ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में समयबद्ध, प्रभावी और एकीकृत प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

बैठक में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, पुलिस, अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, हवाई अड्डा स्वास्थ्य अधिकारी, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण तथा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रबंधन टीम के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर।

# अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल ने किया महर्षि यूनिवर्सिटी का दौरा

## शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**

नोएडा। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा कैंपस में अफ्रीकी देश बरकीना फासो से आए एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में बरकीना फासो के मंत्री श्री सनोऊ दोलाये और श्री अलीदो कोतो शामिल थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य महर्षि यूनिवर्सिटी और बरकीना फासो के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करना था।

दोनों पक्षों ने छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, संयुक्त शोध कार्य और भविष्य में निवेश के अवसरों पर विस्तृत बातचीत की। इसके साथ ही, नए कोर्स विकसित करने और संस्थागत क्षमता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई गई।




इस मौके पर डिप्लोमैटिक क्लब की रेखा कपूर और वर्ल्ड कल्चर फोरम के सिमरजीत कोचर भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय की ओर से फाउंडर डायरेक्टर जनरल प्रो. ग्रुप कैप्टेन ओ. पी. शर्मा, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स डॉ रतीश गुप्ता, डीन अकेडमिक्स डॉ तृप्ति अग्रवाल और जनसंपर्क अधिकारी शिवम् यादव ने अतिथियों का स्वागत किया।

डिप्लोमैटिक क्लब ने यह भी प्रस्ताव रखा कि भारतीय निवेशक और शैक्षणिक संस्थान बरकीना फासो में शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में सहयोग कर सकते हैं।

बैठक का समापन सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। दोनों देशों ने शिक्षा, संस्कृति और अनुसंधान के क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की इच्छा जताई और जल्द ही एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर सहमति बनी।

# एस्टर स्कूल और वैदिक इंटर कॉलेज में 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 30 अक्टूबर 2025। भारत विकास परिषद्, विवेकानन्द शाखा द्वारा गुरुवार को "भारत को जानो" प्रतियोगिता के प्रथम चरण का आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित एस्टर स्कूल, डेल्टा-1 तथा भारतीय आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज, तिलपता में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारत के इतिहास, संस्कृति, सभ्यता और गौरवशाली परंपराओं के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को जाग्रत करना था।

एस्टर स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के 219 विद्यार्थियों और कक्षा 9 से 12 तक के 238 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा में भारत के भूगोल, इतिहास, धार्मिक ग्रंथों, ऋषि-मुनियों और महान व्यक्तित्वों से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए।



जूनियर वर्ग में अनिरुद्ध ने प्रथम तथा आराध्या और अथर्व ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में आदित्य ने प्रथम, जबकि रुद्राक्षी और आरुष ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, वैदिक इंटर कॉलेज, तिलपता में कक्षा 6 से 12 तक की कुल 137 छात्राओं ने भाग लिया।

जूनियर वर्ग में डॉली कुमारी ने प्रथम तथा कल्पना, उन्नति और छवि ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में वंशिका, नीरू और इशू संयुक्त रूप से प्रथम, जबकि निकिता और शिवानी द्वितीय स्थान पर रहीं।

भारत विकास परिषद् के राजेश बिहारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिकता और भारतीय संस्कारों के प्रति चेतना विकसित की जाती है।



प्रो. विवेक कुमार ने परिषद् की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी, जबकि संगीता वर्मा एवं नबनीता महेश ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के नियम समझाए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एस्टर स्कूल के वाईस प्रिंसिपल जयवीर डागर, कोऑर्डिनेटर शगुन चड्ढा तथा वैदिक इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल अमरेश चपराना, जसवीर आर्य और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# दो मकानो के बीच सार्वजनिक गली पर लेंटर डालकर दबंगो ने कर लिया कब्जा

लोनी,30 अक्टूबरः लोनी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित वार्ड नंबर...की जवाहर नगर कॉलोनी में दबंगो द्वारा एक सार्वजनिक गली पर लेंटर डालकर उस पर अपना कब्जा बना लेने का मामला प्रकाश में आया है. कॉलोनी के कुछ नागरिकों ने इसके विरोध में गुपचुप शिकायत करने की बात कही है।सूत्रों के मुताबिक सार्वजनिक स्थान पर निर्माण की अनुमति नहीं होती है. आमने-सामने मकानों के बीच की गली (जो आमतौर पर सार्वजनिक रास्ता या सामान्य पहुंच मार्ग होती है) पर लेंटर डालना अवैध अतिक्रमण माना जाता है. जब तक कि संबंधित स्थानीय नगर पालिका या सरकारी प्राधिकरण से उचित अनुमति न ली गई हो. यदि गली एक सार्वजनिक रास्ता है, तो उस पर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण (जैसे लेंटर या छत) करना सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा माना जाता है. यह आपराधिक अतिचार के अंतर्गत आ सकता है. कुछ लोगों ने अपना नाम न बताने की शर्त पर कहा है कि यदि समय रहते उक्त अवैध लेंटर को हटाकर गली को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया तो, इस अवैध निर्माण के मामले में शिकायत करना उनकी मजबूरी होगी।



# भाकियू (टिकैत) ने एसडीएम लोनी को पत्र देकर पैदल यात्रा की दी जानकारी



***- यात्रा से पूर्व परिषद कार्यालय की होगी संपूर्ण तालाबंदी***

***- पैदल यात्रा में हजारों महिला व पुरुष किसान होंगे शामिल***

**समाज जागरण**

लोनी, 30 अक्टूबरः गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने उप जिलाधिकारी को पत्र देकर आगामी 3 अक्टूबर के दिन मंडोला विहार व ट्रॉनिका सिटी योजना से प्रभावित किसानों के अलावा क्षेत्र की अन्य समस्याओं को लेकर पैदल यात्रा निकालने संबंधित जानकारी से अवगत कराया है।

एसडीएम को दिए गए सूचनार्थ पत्र में किसान यूनियन द्वारा उल्लेख किया गया है कि भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों द्वारा मंडोला विहार योजना के क्षेत्रीय कार्यालय में जारी धरना स्थल से पैदल यात्रा निकाली जाएगी. जो जिला अधिकारी कार्यालय (गाजियाबाद) के लिए रवाना होगी. पैदल यात्रा का पहला पड़ाव लोनी तहसील में होगा. यूनियन प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों व अन्य क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ यात्रा को लेकर प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था के लिए मांग की है. पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि किसान 3 तारीख को परिषद कार्यालय की संपूर्ण तालाबंदी करके अपनी पैदल यात्रा प्रारंभ करेंगे. इस पैदल यात्रा में हजारों महिला व पुरुष शामिल रहेंगे।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण मालिक, बिल्लू प्रधान, नीरज त्यागी, मास्टर महेंद्र सिंह त्यागी, बॉबी त्यागी, दीपेश मालिक व अरुण मालिक मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानदारो में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

लोनी, 30 अक्टूबरः गुरुवार को लोनी में अतिक्रमण प्रभारी एवं नोडल चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय कुमार अवाना के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। प्रदेश सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत चलाई गई इस परियोजना के दौरान अतिक्रमणकारी दुकानदारों से 3800 की नगद वसूली भी की गई।

नगरपालिका व यातायत पुलिस टीम के साथ चलाए गए अभियान के दौरान अतिक्रमणकारी दुकानदारों के बीच उस समय हड़कंप मच गया जब मार्ग किनारे खड़े रेहड़ी-पटरी वालों व अन्य दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्रवाई शुरू की और वह तत्काल अपना सामान हटाने में जुट गए। अतिक्रमण के विरुद्ध की गई इस सख्त कार्रवाई के मौके पर अधिकारियों ने सड़क पर कूड़ा फेंक कर गंदगी फैलाने तथा सफाई



व्यवस्था खराब करने वाले दुकानदारों से मौके पर ही 3800 का जुमार्ना भी वसूल किया।

अधिकारियों ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए गए अभियान के दौरान दुकानदारों को नोटिस देकर कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा उनकी रेहड़ी-पटरी के निकट गंदगी पाई गई तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका की इस कार्रवाई के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

नगरपालिका अधिकारी ने कहा किउनका यह अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा ताकि लोनी की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात सुचारू बना रह सके।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए

# घरेलू विवाद में युवक ने जहरीले पदार्थ का किया सेवन मौत मचा

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर में बुधवार को घरेलू विवाद के चलते एक युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन किया । इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल ले गए थे जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया था। जहां उसने गुरुवार देर शाम दम तोड़ दिया जिसका बुधवार को अलीगढ़ में पोस्टमार्टम होने के बाद गांव में शव पहुंचा तो स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया ।जिसका गंगा घाट ईशमपुर पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी मृतक अनेक पाल पुत्र पूरन



उम्र 21 वर्ष बीते महीने से घरेलू क्लेश के चलते परेशान चल रहा था जिसकी लगभग डेढ़ साल पूर्व शादी हुई थी जिसके पत्नी 2 महीने पहले मायके गई थी मृतक अनेक पाल ने किसी बात को लेकर बुधवार को अचानक 2:00 के करीब जहरीला पदार्थ खा लिया जिसको आनन आनन में बबराला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां चिकित्सक ने उसे अलीगढ़ रेफर कर दिया था जिसके बाद अलीगढ़ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा थाजिसने बुधवार के देर शाम दम तोड़ दिया गुरुवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव गांव मेंपहुंचा स्वजनों का रो कर बुरा हालहो गया।

मृतक अनेगपाल दिवाकर भाई हरिशंकर समय चार भाइयों में सबसे छोटा था

गुन्नौर कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक का शव गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया स्वजनो ने कोई तहरीर नहीं दी है

# संभल तीर्थ परिक्रमा संभल का उज्ज्वल इतिहास है, उज्ज्वलतम भविष्य हम बनाएंगे - अजय शर्मा

**समाज जागरण**

संभल।भारतीय इतिहास संकलन समिति के बैनर तले आज इतिहास दिवस मनाया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि संभल के इतिहास को लेकर और अधिक जागरूकता पूरे समाज में प्रसारित की जाएगी। जिस प्रकार सम्भल तीर्थों की परिक्रमा को हिन्दू जागृति मंच ने लंबे समय तक प्रयास करके, पूरी तरह से पुनर्जीवित एवं स्थापित किया, ठीक उसी तरह सम्भल तीर्थ परिक्रमा का प्रचार-प्रसार, उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों में भी किया जाएगा।

बैठक में समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल तीर्थ परिक्रमा संभल का उज्ज्वल इतिहास है। परिक्रमा के माध्यम से संभल का उज्ज्वलतम भविष्य समाज का सहयोग लेकर बनाने में शत प्रतिशत योगदान देंगे। इतिहास दिवस पर सम्भल को और अधिक सुसज्जित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में समितियां गठित की जाएंगी, जिससे संभल तीर्थ परिक्रमा को और अच्छा बनाया जा सके।

भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने बताया कि सम्भल फेरी को शुरू करने के लिए हिंदू जागृति मंच ने बहुत संघर्ष किया था, फेरी करने वाले लोगों को पहले प्रोत्साहित किया जाता था, परिक्रमा मार्ग पर उनका स्वागत किया जाता था तथा बाद में उनके फोटो और वीडियो-रिकॉर्डिंग उनके घरों तक पहुंचाई जाती थीं। इस ऐतिहासिक कार्य को करने वाले लोगों को,अब भारतीय इतिहास संकलन समिति की ओर से पुनः सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य लोग भी इस मार्ग पर अपना सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी, कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर, अतुल कुमार शर्मा, दुर्वेश सैनी, जीतपाल प्रजापति, रजनेश , रोहित कुमार, आदित्य शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा एवं संचालन वैभव गुप्ता ने किया।

# रोड किनारे संदिग्ध अवस्था में अज्ञात शव मिलने से हड़कंप शिनाख्त नही

**समाज जागरण**

बबराला ।थाना क्षेत्र के गांव भगता नगला के नजदीक बृहस्पतिवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने बबराला अनूपशहर रोड किनारे अज्ञात शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची शव की शिनाख्त के लिए ग्रामीणों व सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है ।



शव का पंचनामा भरकर शिनाख़्त के लिए मोर्चरी भेज दिया है । वही रोड किनारे गांव के नजदीक शव मिलने से गांव में दहशत का माहौल है।

बबराला थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव को देखकर एक्सीडेंट का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट कारण सामने आएगा ।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईविएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया।



उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस से अनिल त्यागी तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित हुई

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनता बिजनौर 30 अक्टूबर, 2025:- जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित हुई।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने स्कूलों के निरीक्षण के लिए नामित किए गए विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की जिन अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण नहीं किया गया है उनसे जवाब तलब करना सुनिश्चित करें इसी के साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार स्कूलों के निरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूरा करें तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निरीक्षण के लिए एसडीएम से संपर्क कर रोस्टर तैयार करें ताकि उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण कराया जा सके।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन जर्जर विद्यालयों में पोलिंग केंद्र स्थापित हैं, उनके स्थान पर आसपास शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों को तलाश कर उनका संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण कराएं ताकि उक्त संबंध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह भी निर्देश दिए की प्रत्येक स्कूल में कंप्यूटर कि मेंटेनेंस के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करें और उनसे प्रतिमाह रिपोर्ट तलब करें यदि किसी कंप्यूटर में कोई कमी पाई जाए तो तत्काल उसको दूर कर प्रयोगार्थ बनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों के साथ मीटिंग आयोजित कर बच्चों को तत्काल रूप से दो-दो स्वेटरों की खरीद कराएं, जिनके क्रय के लिए शासन द्वारा अभिभावकों के खातों में पूर्व में धनराशि का अंतरण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रसोइयों को उनके मानदेय का शत प्रतिशत रूप से भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों के आधार कार्ड पूर्ण कराने के लिए विशेष कैंपों के आयोजन के लिए भी निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकार रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कासना सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद "एक भारत श्रेष्ठ भारत" सामाजिक-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन वालिया ग्लोबल एकेडमी मे सामाजिक-विभाग द्वारा "एक भारत श्रेष्ठ भारत" पर कोर्डिनेटर रश्मि अवस्थी के निर्देशन में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और भारतीय परम्पराओं के प्रति जागरुकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि साहू जैन डिग्री कोलेज के पूर्व प्राचार्य अल. एस. विष्ट तथा कवि साहित्यकार शिक्षक इन्द्र देव भारती ,स्कूल प्रबंधक कमल कांत वालिया , इंदु वालिया,स्कूल चेयरमैन रमाकांत वालिया , भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मोहित कर्णवाल ,डा अरविन्द राजपूत के करकमलों द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें देश की विविध सांस्कृतिक धरोहर को जानने और सम्मानित करने का



संदेश दिया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पारंपरिक परिधान भोजन, कला और हस्तशिल्प को प्रदर्शित किया। माडल, चार्ट नक्शे और झाकियाँ प्रदर्शनी के विशेष आकर्षण रहे। प्रदर्शनी को अभिभावकों, अतिथियों और शिक्षकों से भरपूर प्रशंसा मिली विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम भी घोषित किए गए। विद्यार्थियों के परिणाम संतोषजनक रहे। अनेक विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जिसमें विविधता में एकता को प्रदर्शित करते हुए भारत के अनेक राज्यों की सुंदर प्रस्तुति छात्र-छात्राओं ने की साथ ही तनिष्का सिंह ने ई-कॉमर्स और ट्रेडिशनल मार्केट, एसबीआई बैंक, जलती ज्वालामुखी को दिव्यांशी ने बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। तथा विद्यार्थियों को " एकता में अनेकता" के सिद्धान्त को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। विज्ञान प्रदर्शनी में अध्यापिका तनिशा अग्रवाल, कृतिका दुआ, खुशबु, अंकिता देवी, कुमुद कुमार, मनवीर सिंह योगेश योगेन्द्र सिंह, विनीत राणा साकेत शर्मा, तेजस्वी दीक्षित, मेहुल अग्रवाल, शुभम भारद्वाज कार्तिक हलधर, शुभम पांडे, चंचल चावला, का पूर्ण सहयोग रहा अतिथियों ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ अपना आशीर्वाद दिया

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मिलकर जसराना मार्ग बाईपास को चौड़ीकरण कराने को मांग की !

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ने टीम को साथ लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर जनपद के जसराना बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदर्रीयकर्ण के सम्बंध में मुलाकात की

भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने लखनऊ जाकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर बाईपास मार्ग जनपद एटा को जनपद फिरोजाबाद एटा-शिकोहाबाद राज्य मार्ग संख्या - 85 जिसकी लम्बाई 51.84किमी जिसमे 19.00 किमी जनपद एटा,तथा शेष 32.84 कि0मी0 जो जनपद



फिरोजाबाद में आते है।

एटा शिकोहाबाद मार्ग पर स्थित तहसील जसराना घनी आबादी वाला एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लिये एक मात्र वृहद व्यवसायिक क्षेत्र है। जिसमे जाम की स्थित बनी रहती है। जिसके कारण दिन के समय नो एंट्री की बजह से कस्बे में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहता है।

जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए जसराना मार्ग को स्वीकृत देकर चौड़ीकरण कराने की मांग की है।

मुलाकात के दौरान जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह, डॉ अमित गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# लोह पुरुष की जयंती पर एमजी कॉलेज में कई होंगे कार्यक्रम !

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! शासनादेश के अनुपालन में तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, की महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के



150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम दिवस व्याख्यान एवं शपथ कराया गया द्वितीय दिवस को कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. प्रिया सिंह एवं डॉ. निशा द्वारा किया गया। कविता प्रतियोगिता के विषय एकता में शक्तिः आज के युवाओं के लिए पटेल का संदेश, एक भारत का दृष्टिकोण, राष्ट्रीय अखंडता एवं एकीकरण, , सरदार पटेल की भावना रहे। प्रतियोगिता में 26 छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-

**प्रथम स्थान- सना -बी ए 5th सेमेस्टर**

द्वितीय स्थान- आलिमा बी ए 5th सेमेस्टर एवं दीपांशी बी ए 3rd सेमेस्टर

तृतीय स्थान -वंदना बीएससी 1st सेमेस्टर

कविता के माध्यम से छात्राओं द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन और विचारों पर सुंदर प्रस्तुति की गई। तृतीय दिवस स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के साथ विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# सिद्ध चक्र विधान से ही दूर हुआ था राजा श्री पाल का कोढ़ : विधानाचार्य कैलाश

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! इन दिनों अष्टांनिका पर्व में नगर के जिनालय श्री जी के जयकारों से गूंज रहे हैं। प्रातः काल से ही जिनालयों में जिनभक्तों का ताँता लग जाता है। जिनालयों में इन दिनों विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जिनालय जैन नगर खेड़ा में भी प्रातः सूर्योदय के पूर्व ही बड़ी संख्या में जिनभक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। देखते देखते पूरा प्रांगण जनभक्तों से खचाखच भर गया। जिसमे महिला जिनभक्तों की संख्या अधिक रही। देरी से आने वाले जिनभक्त खड़े होकर दर्शन करते नजर आये। आज प्रातः नित्य क्रिया विधि के अनुसार सर्व प्रथम जिनभक्तों द्वारा श्री जी का जिनाभिषेक किया गया तथा शांतिधारा की गई। तत्पश्चात विधान का शुभारम्भ देव शास्त्र और गुरु की पूजा के साथ हुआ और श्री विनायक यँत्र की पूजा के पश्चात पाण्डेय श्री राजेश जैन ने श्री जी की मुख्य वेदी के सम्मुख बने विशाल विधान मंडल पर सोधर्म इंद्र प्रदीप जैन एवं इन्द्राणी शशि जैन के द्वारा श्री सिद्ध चक्र विधान की लोंग के द्वारा स्थापना कराई। विधान में आज राजा श्री पाल एवं मैना सुन्दरी का स्वरुप धारण



किये राजेश नीरू जैन, महामंडलेश्वर मनीष जैन शिखा हैं, ब्रह्म इंद्र आशीष जैन शालिनी जैन,ब्राह्ममोत्तर इंद्र अनंत रंजना जैन, लावंत इंद्र सौरभ कंचन, कापिक इंद्र मुकेश कामिनी जैन द्वारा संगीतमय मन्त्रोंच्चारण कर नृत्य करते हुए मण्डल पर अष्ट द्रव्य के कुल 16 अर्घ्य चढ़ाये गए।

विधानाचार्य कैलाश चंद्र जैन ने विधान का महत्व बताते हुए कहा कि उज्जैनी के राजा प्रजा पाल ने अपनी बेटी मैना सुन्दरी से जब यह पूछा कि वह किसके भाग्य का खाती है तब बेटी ने कहा कि में अपने भाग्य का खाती हूँ तो इससे क्रोधित होकर राजा ने अपनी बेटी का विवाह एक कोढ़ी व्यक्ति श्री पाल से कर दिया जिसको मैना सुन्दरी ने सहस्त्र स्वीकार कर लिया और इसी सिद्ध चक्र विधान के द्वारा अपने पति का कोढ़ दूर कर दिया। उन्होंने कहा इसी प्रकार इस विधान को पूर्ण विधि एवं ब्राह्मचार्य के साथ करने से बड़े से बड़ा रोग दूर होता है।

विधान में शाम को 7 बजे बेंड बाजों के साथ कैलाश जैन के यहाँ से महा आरती जिनालय आई। जिसमे बड़े बड़े एवं सजे हुए थाल में 108 दीपक लेकर महिला जिनभक्त चल रही थीं। जिनालय पहुँच कर जिनभक्तों ने संगीतमय महा आरती की तथा एक एक कर सभी जलते हुए दीपक विधान मंडल पर स्थापित किये।

# गोपाष्टमी पर गो भक्तों ने की गौ माता की सेवा पूजन और आरती

## गो सेवा से अक्षय फल प्राप्त होता हैद्विजेन्द्र मोहन शर्मा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। गोपाष्टमी महोत्सव के अवसर पर श्री गौशाला सरस्वती शिशु मंदिर पर वड़ी संख्या में गौ भक्तों ने गो माता की सेवा कर पूजन किया। गौमाता की महाआरती के साथ गौशाला परिसर को दीपमालिका से सजाए गया।

गोपाष्टमी के अवसर पर गौशाला में गौ भक्तों का सुबह से लेकर देर शाम तक गोमाता की सेवा का सिलसिला जारी रहा। गो भक्तों में महिला और पुरुष और बच्चे भी शामिल रहे।गौशाला सचिव द्विजेन्द्र मोहन शर्मा ने उपस्थिति गौ भक्तों को गौ सेवा की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि गौ माता सनातन वैदिक धर्म की रीढ है गौ माता हम सभी की पूजनीय और बंदिनी है गौ माता में सभी देवताओं का जागृत वास होता है इसलिए गौ माता को स्वर्ग लोक की संज्ञा भी दी जाती है गौ माता विश्व रूपी है, गौ माता आदिकाल से सनातन परिवारों के जीवन का आधार रही है। देसी गाय



का दूध अमृत तुल्य होता है। सभी लोगों से गोपाष्टमी के अवसर पर गौ सेवा करने का आवाहन करते हुए वताया गया कि गौ सेवा से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। हम सभी सनातन बांधुओ को गौ सेवा और सुरक्षा का संकल्प लेना चाहिए।पूज्यनीय और वंदनीय हैउमाकांत पचौरी एडवोकेट ने वताया गौमाता हमारी सनातन धर्म के सभी परिवारों में माता के रुप मैं पूज्य रही जिसके दूध और दही से परवाज की बालक और सभी लोग पोषित और स्वस्थ रहते हैं हम सभी को गौमाता और गौशाला यथा संभव सेवा और सहायता करनी चाहिए।भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष सुनील शर्मानें कहा वर्तमान कलयुग के समय में गौ माता की सेवा ही एक विकल्प है जो लोगों को पापों से मुक्ति दिलाकर मोक्ष प्राप्त करा सकती है। यथासंभव सभी को गौ सेवा करनी चाहिए।कार्यक्रम में विष्णु बंसल प्रमोद गर्ग राकेश शर्मा हनुमान प्रसाद गर्ग राकेश तिवारी ओम प्रकाश वार्ष्णेय सुनील शर्मा पुरुषोत्तम शर्मा रामनरेश कटारा अजय मित्तल कन्हैया तिवारी विवेक खुराना मानसिह राजवर्धन सिंह देव व्रत पांडे विकास लहरी अश्विनी मोहन शर्मा हरीवावू शर्मा अजय मिश्रा आदि शामिल रहे।

# द गोल्ड पब्लिक स्कूल में नई भारतीय न्याय संहिता पर उपयोगी सेमिनार आयोजित

**समाज जागरण**

कांधला। गुरुवार को नगर के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल में नई भारतीय न्याय संहिता 2023 (BNXSX) पर एक अत्यंत उपयोगी सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को बीएनएस के प्रमुख प्रावधानों, नई धाराओं, सजा के नियमों, संगठित अपराध, आतंकवाद, साइबर अपराध जैसी नई परिभाषाओं तथा पीड़ितों के अधिकारों के बारे में विस्तृत एवं सरल जानकारी दी। सतीश कुमार ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और आधुनिक बनाना है। उन्होंने कानून से जुड़ी जटिल बातों को सहज भाषा में समझाते हुए छात्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा प्रकट की। यह सेमिनार छात्रों के लिए नागरिक कर्तव्यों, कानूनी अधिकारों एवं अपराधों से बचाव की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक कृष्णपाल, प्रधानाचार्य अजय कुमार, कोऑर्डिनेटर करुणा सिंह एवं अनुराधा शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। स्कूल परिवार ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं थाना कांधला पुलिस का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# कन्नौज: मां फूलमती मंदिर में नागरिक सुविधाओ के लिए 50 लाख का बजट मंजूर

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मां फूलमती मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 50 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। मंत्री असीम अरुण ने मंदिर पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। मंत्री ने कार्यदायी संस्था द्वारा लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी जताई और ठेकेदार सहित संबंधित एजेंसी का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने मंदिर परिसर के विकास कार्यों पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया, जिसमें बैठने की सीटें, सूचना पट्ट, चबूतरा निर्माण, सोलर लाइट और श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा के प्रस्ताव शामिल रहे। असीम अरुण ने कहा कि मां फूलमती मंदिर को एक भव्य स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं मतदाता पुनरीक्षण (एस.आई.आर) पर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि फर्जी मतदाता कार्ड की शिकायत पहले भी चुनाव आयोग को की गई है और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कन्नौज: आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण की धीमी प्रगति पर विधायक नाराज

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। विधायक छिबरामऊ अर्चना पाण्डेय, एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विधानसभा छिबरामऊ में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में विधायक ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय सराय प्रयाग का नवनिर्माण कार्य भूमि पूजन कराकर यथा शीघ्र प्रारम्भ कराया जाये। उन्होंनें आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिकन्दरपुर के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिये । उन्होंनें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सौरिख का निर्माण कार्य नवम्बर 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। विधायक ने निर्देश दिये कि नगर पालिका छिबरामऊ के अन्तर्गत गंगेश्वर नाथ तालाब का सौन्दर्यीकरण कार्य फरवरी 2026 तक पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंनें बस स्टेशन गुरूसहायगंज के रूके हुये निर्माण कार्य को 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि पशु चिकित्सालय छिबरामऊ का निर्माण कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कर लिया जाये। कहा कि निमाणार्धीन सड़कों के निर्माण कार्य में गति लायी जाये। गढ्डायुक्त सड़कों को गढ्डामुक्त किया जाये।

उन्होंनें कहा कि संत रविदास मिशन के अन्तर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के निर्माण कार्य में गति लाते हुये आगामी सत्र तक कक्षायें संचालित कराने का प्रयास किया जाये। नव सृजित सिचाईं खण्ड कार्यालय एवं आवासीय निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंनें कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत खुदी हुई सड़कों के मरम्मत का कार्य जब तक पूर्ण न हो जाये, तब तक संबंधित निर्माण एजेंसी को भुगतान न किया जाये। कहा कि जल निगम ग्रामीण टंकियों के निर्माण कार्य में गति लाये। जुनैदपुर व नेपालपुर इत्यादि गांव में टंकियों का निर्माण कार्य जब तक निमाणार्धीन है तब तक पानी की सप्लाई सीधे/वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से संचालित करायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाये। कहा कि कराये जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को होनी चाहिए। समस्त निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाये। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित को दण्डित किया जायेगा।

बैठक में उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी वीर सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न,गौसेवा का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

कांधला। गुरुवार को ग्राम जसाला में गौपालक चौधरी रणवीर सिंह के निवास पर आयोजित भव्य गोपाष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक बन गया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर गौसेवा का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वेद मंत्रों की गूंज और गौ पूजन से हुई। ग्रामीण पारंपरिक



रक वेशभूषा में सजकर शामिल हुए, जबकि महिलाओं के मंगल गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गौपालक चौधरी रणवीर सिंह ने कहा कि ह्लगौसेवा ही सच्ची देशसेवा है, क्योंकि गाय में समस्त देवताओं का वास है।ह्व महोत्सव में गौ पूजन, भजन संध्या और प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालुओं ने जय गौ माताह्व के नारों से गौभक्ति का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में गौसंरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में दर्जन लोग मौजूद रहे।

# कैराना में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

— मोहल्ला इकबालपुरा में पुलिस ने मारा छापा, आरोपी गृहस्वामी गिरफ्तार
— 19 निर्मित तमंचे, अर्धनिर्मित तमंचे और उपकरण बरामद



**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग) कोतवाली पुलिस ने एक मकान में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 19 निर्मित तमंचे, अर्धनिर्मित तमंचों की बॉडी और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद करते हुए आरोपी गृहस्वामी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। एक सप्लायर का नाम भी सामने आया है। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला इकबालपुरा में एक मकान के अंदर अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाई जा रही है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने पुलिस टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। पुलिस ने वहां से 12 तमंचे 315 बोर, 7 तमंचे 12 बोर, 9 नाल, 5 अर्धनिर्मित बॉडी के अलावा आरी, रेत्ती, ग्राइंडर, ट्रैगर, ब्लेड, ड्रिल मशीन, हथौड़ी, स्प्रिंग आदि उपकरण बरामद किए। मौके से आरोपी गृहस्वामी फैय्याज को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका साथी इसरार उर्फ कट्टा फरार हो गया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि तमंचों की सप्लाई में याहिया नाम के युवक की भी भूमिका है, जो इन हथियारों को अन्य राज्यों में सप्लाई करता था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया है। वहीं, फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। उधर, एसपी एनपी सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए अवैध शस्त्रों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत की गई। उन्होंने इस सफलता पर पुलिस टीम को 15 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

**800 की लागत, 2500 में बिकते थे तमंचे**

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के अनुसार, पूछताछ में फैय्याज ने बताया कि वह लंबे समय से अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहा था। किसी को शक न हो, इसलिए उसने अपने ही घर को फैक्ट्री के रूप में इस्तेमाल किया। आरोपी ने बताया कि एक तमंचा बनाने में करीब 800 रुपये का खर्च आता था, जिसे वह 2500 रुपये में बेचता था। पुलिस के अनुसार, सप्लायर याहिया इन तमंचों को अन्य राज्यों में चार से पांच हजार रुपये प्रति तमंचा की दर से बेचने की बात सामने आई है।

**पहले भी फैय्याज से दो बार पकड़ी गई थी फैक्ट्री**

यह पहली बार नहीं है, जब फैय्याज से अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद की गई हो। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2011 और 2015 में भी कोतवाली पुलिस ने उसे अवैध शस्त्रों की फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा वर्ष 2024 में बागपत जिले के बिनौली थाने में उस पर जानलेवा हमला और हथियार बरामदगी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 21 लावारिस शवों का हुआ अंतिम संस्कार, अस्थियों को गंगा जी में विसर्जन

**समाज जागरण**

शामली। अंतिम यात्रा सेवा समूह द्वारा लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया जाता है। गुरूवार को समूह के पदाधिकारियों 21 लावारिश शव का अंतिम संस्कार करने के बाद हरिद्वार के लिए रवाना हुए, जहां उन्होने पूरे विधि विधान के साथ लावारिश की आस्थियों को गंगाजी में विसर्जन किया। गुरूवार को अंतिम यात्रा सेवा समूह के पदाधिकारी निशीकांत संगल ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा गत कारोना काल से लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करती आ रही है। उन्हे यह प्रेरणा तब मिली जब कोविड के चलते लोगों ने अपने स्वजनों के शवों को लेने से इंकार कर दिया था। तभी से वह लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करते आ रहे है। उन्होने बताया अब तक उनकी संस्था कुल 187 शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। इस वर्ष 36 शवों का उनके द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। अब हाल ही में बरामद हुए 21 शवों के अंतिम संस्कार के बाद अस्थियां विसर्जन के लिए हरिद्वार गंगा घाट के लिए रवाना हुए। जहां उन्होने पूरे विधि विधान के साथ शवों की अस्थियों को विसर्जन किया। इस अवसर पर पंडित सचिन शर्मा ने मंत्रों उच्चारण के साथ अस्थियों का विसर्जन कराया। मौके पर पंकज गुप्ता, राहुल तायल, कमलकांत धीमान, वाशु ,अंशुल उपाध्याय, तुषार सिंह, नीरज ताना आदि मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य विभाग का बाबू पच्चीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार का एक और मामला गुरुवार को उजागर हुआ, जब एंटी करप्शन टीम ने सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बाबू मृतक राजस्व विभाग कर्मचारी की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए रिश्वत मांग रहा था। स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार के मामले में अक्सर सामने आते रहते है, लेकिन गुरूवार को उस समय भ्रष्टाचार की पुष्टि हो गई, जब एंटी क्रप्शन टीम ने एक रिश्वतखोर बाबू को सीएमओ कार्यालय से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। दरअसल शहर के काकानगर निवासी आशीष कुमार गर्ग पुत्र स्व सुरेन्द्र कुमार गर्ग के पिता राजस्व विभाग में डब्ल्यूबीएन के पद पर तैनात थे। जिनके रिटायर्डमेंट के बाद पेंशन आ रही थी। गत अगस्त के महीने में उनको ब्रेन हेमरेज के चलते मेरठ के एक प्राईवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी 13 अगस्त 2025 की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पिता की चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए बेटे आशीष कुमार ने सीएमओ कार्यालय में आवेदन किया था। आरोप है कि दीपावली से पूर्व सीएमओ कार्यालय में तैनात बाबू राकेश कुमार ने फाईल पास करने के लिए 25 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। काफी मनाने के बाद भी बाबू नही माना तो पीडित ने एंटी क्रप्टशन टीम को जानकारी दी। जिसके बाद एंटीक्रप्शन टीम गुरूवार को शामली पहुंची और आशीष के बेटे लक्ष्य को 500-500 के नोट देकर बाबू के पास भेजा। इस दौरान बाबू कार्यालय में देरी से पहुंची और आते ही रिश्वत के रुपए पकड़ लिया। जिसके बाद एंटीक्रप्शन टीम ने बाबू राकेश को मौके पर दबोच लिया। एंटीक्रप्शन टीम की कार्यवाही से सीएमओ कार्यालय में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी रिश्वतखोर बाबू को लेकर थाना आदर्शमंडी पहुंची और नोटों पर लगाए गए फिनॉलफ्थेलीन पाउडर को पानी डालकर दशार्या गया। टीम ने सीरियन नंबर के नोटों को बरामद करते हुए लिखा पडी करते हुए बाबू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। टीम बाबू को रिश्वतखोरी की धाराओं में जेल भेज दिया गया।

# संसार में सबसे दुर्लभ वस्तु अपने कल्याण की भावना, जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में श्री 108 विव्रत सागर मुनिराज ने कल्याण की भावना की दुर्लभता और भेद विज्ञान की अनिवार्यता को लेकर श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

मुनिश्री ने कहा कि संसार में सबसे दुर्लभ वस्तु अपने कल्याण की भावना है। जब जीव में यह भावना उत्पन्न होती है, तभी भेद विज्ञान का उदय होता है। भेद विज्ञान आत्मा और पुद्गल के बीच अंतर को समझने की विद्या है। यह मोक्ष मार्ग का आरंभ है और बिना इसके किसी ने कभी मुक्ति प्राप्त नहीं की। उन्होंने कहा कि भेद विज्ञान उस हवाई जहाज के समान है जो संसार रूपी धरती से उड़ान भरकर केवल मोक्ष में ही उतरता है, जबकि सांसारिक कर्म धरती से उठकर फिर धरती पर ही लौट आते हैं। मुनिश्री ने मानव जीवन की दुर्लभता और उसकी व्यर्थ बबार्दी पर गहरा चिंतन कराते हुए कहा कि मनुष्य अपना संपूर्ण जीवन निर्वाह और निर्माण में व्यतीत कर देता है, किंतु निर्वाण की तैयारी नहीं करता। मनुष्य जन्म मिलना अत्यंत दुर्लभ है, किंतु इससे भी दुर्लभ है उस दुर्लभता का बोध होना और उसके अनुरूप जीवन जीना। प्रवचन के अंत में उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने छोटे और दुर्लभ जीवन को आत्मकल्याण की दिशा में लगाना चाहिए; यह प्रवचन एक वैक्सीन की तरह है जो भविष्य में भटकाव से बचाता है। इस अवसर पर चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन उषा जैन एवं रेखा जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट आदेश जैन परिवार ने दी।



# सेवा और संस्कारों के संरक्षण को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया

**समाज जागरण**



शामली। शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसेन बारात घर अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कथा वाचक विजय कौशल महाराज का ससम्मान अभिनंदन किया गया।

समारोह में समाज के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में अग्रबंधुओं ने भाग लेकर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विजय कौशल महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहे। उन्होंने एकता, सेवा और संस्कारों के संरक्षण को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोबिन गर्ग, उत्तम जिंदल, प्रवीण गोयल, नीरज संगल, राहुल तायल, चरत बंसल, अनिल गोयल, मनोज मित्तल, संजीव संगल, राजेश बंसल, सनी मंगल आदि मौजूद रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आज

शामली। सरदार पटेल सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के तत्वावधान में शुक्रवार को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन महेसाणा जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ लिमिटेड केंद्र पर किया जाएगा।

इस अवसर परएक भारत श्रेष्ठ भारत तथा बिना सहकार नहीं उद्धार के सिद्धांत को किसानों और दूध उत्पादकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# छोटे बड़े सभी व्यापारी और उधोगपति समान रूप से सदस्य, घनश्याम दास गर्ग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यता विस्तार अभियान के अंतर्गत गुरूवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह व नगर इकाई के पदाधिकारी शामली स्थित सरशादी लाल इंटरप्राइजेज लिमिटेड त्रिवेणी ग्रुप शुगर मिल पहुंचे। इस अवसर पर यूनिट हेड एवं शुगर मिल के वाइस प्रेसिडेंट संजय शर्मा को पटका पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें संगठन की ओर से सदस्यता पंजीकरण प्रमाण पत्र सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल एक पूर्णतः अराजनीतिक एवं सर्वधर्म संपन्न संगठन है। इसमें छोटे-बड़े सभी व्यापारी और उद्योगपति समान रूप से सदस्य हैं। संगठन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यापारी एवं उद्यमी की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान से लेकर पटरी पर व्यापार करने वाला छोटा व्यापारी तक इस संगठन का अभिन्न हिस्सा है। इसी कड़ी में आज त्रिवेणी ग्रुप शामली को संगठन का मानद आजीवन सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर शुगर मिल के केन मैनेजर दीपक राणा, रवि संगल, सुभाष चंद्र धीमान, अनुज गोयल, महेश धीमान, सनी वर्मा आदि मौजूद रहे।



# श्रद्धालुओं ने गौशाला पहुंचकर की गौ माताओं की पूजा

**समाज जागरण**



शामली। जिले में गोपाष्टमी का पर्व श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गौशालाओं में पहुंचकर गौ माता की पूजा अर्चना की और गाय माता की आरती उतारी। महिला व पुरूषों द्वारा गोवंशों को चारा खिलाया गया। श्रद्धालु महिलाओं ने पूजन कर अपनी आस्था प्रकट की। गुरूवार को जिले में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धापूर्वक व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं का गौशालाओं में पहुंचना शुरू हो गया था। शहर में मौहल्ला पंसारियान स्थित पुरानी गौशाला में श्री गौशाला सभा शामली द्वारा गोपाष्टमी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें शहरभर से पहुंची श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों ने आकर गोवंशों की पूजा की। महिलाओं और बच्चों ने गोवंश की पूजा की और उनके लिए चारा आदि भी दान किया। महिलाओं ने गीत भी गाए और प्रसाद भी वितरित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्रामीणों ने गोशालाओं में जाकर गोपूजन किया। श्रद्धालुओं ने गाय और उनके वंशों को हरा चारा खिलाकर अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की। समाज सेविका बीना अग्रवाल द्वारा बताया गया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने गोचरण लीला आरंभ की थी। इस दिन बछड़े के साथ गाय का पूजन करने का विधान भी है। प्रातः काल गाय माता को स्नान कराकर, रोली, पुष्प, अक्षत, वस्त्र, जल, धूप, दीप, द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना की जाती है। हिंदू धर्म में गाय को मां के रूप में माना जाता है। गाय माता के अंदर 36 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। यह हमारी सभी दुखों को दूर करती हैं। इस दौरान महिलाओं ने गीत गाये और प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर राजेन्द्र गर्ग, दिनेश जैन, संजय मित्तल, रवि संगल, अजय गुप्ता, राजीव संगल, पिंकी अग्रवाल, स्नेहा गर्ग, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

# श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सती मंदिर गौशाला रोड स्थित ओम श्री बाबा श्याम परिवार शामली एवं श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का चौथा दिवस धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जलाधिवास, रसाधिवास, धान्याधिवास, स्तंभ पूजन तथा द्रव्य अभिषेक जैसे पवित्र अनुष्ठान विधि-विधानपूर्वक संपन्न किए गए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य मुकेश भारद्वाज के सानिध्य में हुआ, जिसमें काशी और देवभूमि से पधारे विद्वान पंडितों विनोद दत्त नागर काशी सहित कई आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। कार्यक्रम में यजमान के रूप में मनीष तायल, सचिन तायल, नितिन तायल, डॉ. मनोज शर्मा, श्रवण गोयल, प्रदीप संगल, नितेश जिंदल, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, नितिन जिंदल, नीतीश जिंदल, प्रियंक गोयल, आलोक गुप्ता, नीरज तायल, अंकित गोयल, लवी गर्ग, राजकुमार संगल, विजय गुप्ता, प्रणव गुप्ता, अनुराग गोयल, सचिन अरोरा, सतीश गर्ग आदि मौजूद रहे। महोत्सव के दौरान विधायक प्रसन्न चौधरी ने पहुंचकर महाआरती की और बाबा श्याम से जिले के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



## श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ गौ सेवा का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर इनर व्हील क्लब शामली की सदस्याओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ गौ सेवा का आयोजन किया। यह कार्यक्रम



पुरानी गौशाला में संपन्न हुआ, जहां क्लब की पदाधिकारी एवं सदस्याओं ने गाय माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने दीपक जलाकर, गाय माता के चरण धोकर, तिलक लगाकर, नाला बांधकर, शॉल ओढ़ाकर, तथा मीठे पकवान एवं हरा चारा खिलाकर पूजा-अर्चना की। वातावरण जय गोमाता के जयकारों से गूंज उठा। क्लब अध्यक्ष वीना अग्रवाल, रेखा गोयल, चंचल महेश्वरी, प्रिया भट्ट, वीना अग्रवाल, बिना गर्ग आदि का विशेष योगदान रहा।

## महिलाओं ने भक्ति भावना के साथ मनाया गोपाष्टी पर्व

**समाज जागरण**

शामली। लायनेस क्लब शामली दोआब की महिलाओं ने गोपाष्टी पर्व भक्तिभावनों के साथ मनाया। महिलाओं की शहर की गौशाला में पहुंचकर पूजा अर्चना की। महिलाओं ने दीपक जलाकर, गाय माता के चरण धोये और उनको हरी घास खिलाई। इस अवसर पर रश्मि वर्मा, सुनीता आर्या, शिखा गोयल, कविता संगल, अरुणा गोयल और सोनल आदि मौजूद रही।इसके अलावा अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली द्वारा गोपाष्टमी पर्व पर गोपूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनके द्वारा गौशाला में करीब 200 पूजन थालियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संजय ऐरन, राजेन्द्र गर्ग, वैभव प्रकाश गोयल आदि मौजूद रहे।

# शामली पुलिस ने वीर शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देशन में स्मृति दिवस अभियान के अंतर्गत जनपद शामली पुलिस द्वारा वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कोतवाली शामली और थाना कांधला पुलिस ने शहीदों के परिवारों के प्रति सम्मान और प्रेरणा स्वरूप विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर शहीद विपिन कुमार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी बहावड़ी की तस्वीर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल, शामली में स्थापित की गई, जहां श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। वहीं शहीद हवलदार सोहनवीर पुत्र श्याम सिंह निवासी हसनपुर की तस्वीर जूनियर हाई स्कूल हसनपुर में स्थापित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा थाना कांधला पुलिस ने ग्राम जसाला में ग्रामीणों के साथ मिलकर शहीदों की स्मृति को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किया। थाना प्रभारी कांधला के नेतृत्व में टीम व ग्रामीणों ने जसाला मार्ग पर शहीदों की तस्वीरें लगाईं और पुष्प अर्पित किए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को शहीदों के त्याग, वीरता और देशभक्ति की भावना से प्रेरणा लेने तथा समाज में एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया।



# सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

झिंझाना

सोशल मीडिया पर मारपीट का विडियो वायरल होने पर पुलिस ने वीडियो में व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे दो भाईयों में एक को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की। जिसके बाद युवक के पिता ने भाकियू के बेनर तले थाने में ही धरने पर बैठ गए। जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया ओर धरने को समाप्त कराया। बृहस्पतिवार को सोसल मीडिया पर एक विडियो वायरल हो रहा था। जिसमें दो युवक एक व्यक्ति को पीटकर गाली गलोच करते दिख रहे थे,वहीं युवक भी लहूलुहान हालत में था। जिसके आधार पर पुलिस ने वायरल वीडियो में प्रहलाद सिंह निवासी लक्ष्मणपुर के साथ मारपीट करने वाले आकाश राणा पुत्र बिल्लू राणा की पहचान कर उसको गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शांति भंग की धाराओं में चालानी कार्रवाई की गयी। जिसके बाद भाकियू के बिल्लू राणा अपने समर्थकों के साथ थाने में ही धरने पर बैठ गये। जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और समझा बुझाकर शांत किया। जिसके बाद धरने पर बैठे लोगों ने तहरीर दी, अपर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। विदित हो कि मंगलवार की देर शाम को कस्बे के बस स्टैंड पर बाइक सवार दो प्रहलाद सिंह व गोलू निवासी लक्ष्मणपुर के साथ आकाश व वंश पुत्रगण बिल्लू राणा निवासी सैदमीर के साथ कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया था। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी,तभी मारपीट का विडियो वायरल हो गया।



# किसानों और मजदूरों की विभिन्न समास्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली। किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को शामली कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर किसानों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश के किसान लगातार बढ़ती लागत और देरी से हो रहे भुगतान के कारण आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ज्ञापन में सरकार से गन्ना मूल्य 500 प्रति क्विंटल तय करने की मांग की गई। साथ ही यह भी कहा गया कि मिल चालू होने से पूर्व सभी शुगर मिलों का बकाया गन्ना भुगतान किया जाए। किसानों ने बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को बंद करने, तथा सहकारी समितियों द्वारा वसूले जाने वाले 7 प्रतिशत ब्याज में से पूर्व की भांति 4 प्रतिशत की वापसी जारी रखने की मांग की। ज्ञापन में दिल्ली-देहरादून हाईवे के निर्माण के कारण उत्पन्न समस्याओं जैसे अंडरपास, जलभराव और सर्विस रोडकृका समाधान कराने की भी मांग की गई। इसके अलावा किसानों ने कहा कि खनन से संबंधित डंपर ढककर चलें ताकि रेत व धूल न उड़े, अनावश्यक मिट्टी खनन की मंजूरी न दी जाए, और ग्राम भैसानी इस्लामपुर में अधूरे पड़े सर्विस रोड निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर ठाकुर लाखन सिंह, नरेश सिंह, डा. वेशर, शहजाद पुंडीर, सोनू कुमार, जमील अहमद आदि मौजूद रहे।



# सरदार पटेल की 150वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण बिनौली।**



गुरुवार को गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, जीवाना में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम थाना बिनौली प्रभारी राकेश कुमार शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पवन त्यागी तथा उप प्रधानाचार्य डॉ. सुशील वत्स भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेश चंद यादव, महिला दरोगा सुमन, चौकी प्रभारी संजीव कुमार, कांस्टेबल तेजवीर सिंह आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने छात्रों को नए कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और बताया कि सरकार द्वारा त्वरित एवं पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए ये कानून बनाए गए हैं। उन्होंने सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया, जिसके कारण आज भारत एकता और अखंडता के प्रतीक रूप में खड़ा है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, एकता और संवैधानिक जागरूकता की भावना को प्रबल करना था।

# दो माह से लापता बच्चा अब तक नहीं लगा सुराग, अपरहृण में किया मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण चांदीनगर।**



खेकड़ा थाना क्षेत्र के रटौल नगर पंचायत स्थित मेमुना मस्जिद निवासी 13 वर्षीय मोहम्मद कैफ पिछले दो माह से लापता है। काफी तलाश करने पर भी कही भी पता नहीं चल सका है।परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अब अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रटौल निवासी मोहम्मद कैफ 13 वर्षीय दो माह पहले अपने घर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया। लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली तो 19 अक्टूबर को खेकड़ा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। खेकड़ा थाना अध्यक्ष प्रभाकर कैंपुरा ने बताया कि मामले में अब अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने जानकारी दी है कि परिजनों के अनुसार लापता होने वाले दिन बच्चों की मां ने उसे सब्जी की जगह चटनी से रोटी दी थी। जिससे वह नाराज होकर घर से चला गया था। पुलिस इस पहलू से भी मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम लगातार किशोर की तलाश में जुटी हुई है ओर विभिन्न संभावित स्थानों पर गहन छानबीन की जा रही है। किशोर का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के हनी मिशन के तहत मुफ्त हनी बॉक्स वितरण, 31 जुलाई तक करें आवेदन

**समाज जागरण बागपत।**

उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित उत्पाद विकास, मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जनपद को 20 एससीएसपी लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को हनी बॉक्स एवं संबंधित टूलकिट्स निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करना और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। आवेदनकर्ता की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए और वह एक ही गांव, निकटवर्ती गांव या समूह का निवासी होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट https://upkvib.gov.in/ पर जाकर ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटनह्व विकल्प के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। आवेदकों का चयन शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेजों में शैक्षिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, पारंपरिक कार्य करने का प्रमाण- पत्र, और कार्यशाला की चौहद्दी/नक्शा शामिल हैं।

इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कोर्ट रोड, गली नंबर-6, बागपत में संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 15 दिनों तक खुली रहेगी।

# दिनदहाड़े हत्याकांड से मचा हडकंप, घटनास्थल पर पहुंचा भारी पुलिस बल

**समाज जागरण झिंझाना.**



ऊन के गांव खेडाभाऊ ऊन रोड पर रामवीर पुत्र सुखबीर के बाग में एक युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। राहगीरों ओर पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर एडिशनल एसपी , सीओ कैराना सहित थाना प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी जुटाई । युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बृहस्पतिवार की शाम को गांव खेड़ाभाऊ निवासी मनीष चौहान उम्र 28 वर्ष पुत्र अंगद पर ऊन खेडाभाऊ रोड पर रामवीर पुत्र सुखबीर के बाग में अज्ञात युवकों ने चाकू हमलाकर कर मौके से फरार हो गए, जिसमें मनीष गम्भीर रुप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने राहगीरों की मदद से मनीष को सीएससी ऊन में भर्ती कराया। जिनको उपचार के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद झिंझाना पुलिस ने पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पाकर एडिशनल एसपी संतोष कुमार सिंह,सीओ कैराना श्याम सिंह, कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वही फॉरेंसिक टीम ने यह घटनास्थल की वीडियो ग्राफी कर साक्ष्य जूटाए। पुलिस ने बाग मालिक रामवीर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक की लगभग लगभग सात माह पूर्व शादी हुई थी और अपने परिजनों का इकलौता पुत्र और चार बहनों का भाई था जिसमें युवक के तीन बड़ी बहनें एक छोटी बहन है।मृतक अपनी पत्नी सहित माता पिता और बहनों को रोता बिलखता छोड़ गया।मनीष की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया घटना की सूचना मिली थी शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

# झगड़ा करने पर चार लोगों का पुलिस ने किया चालान

**समाज जागरण कांधला।**



कस्बे के मोहल्ला खेल में मामूली विवाद को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर चालान कर दिया। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी भूरा ने विगत बुधवार को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि तीन भाइयों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की है और आरोपी उसे झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दे रहे हैं। आरोपी व्यक्ति के द्वारा थाने पर शिकायत करने के बाद आरोप है कि तीनों भाइयों ने शराब पीकर शिकायतकर्ता के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया और गुरुवार को चारों लोगों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झगड़ा कर रहे सलीम, इसराइल, एवं मुस्तकीम सहित दूसरे पक्ष से भूरा को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया मौके पर परिजन पहुंचकर घायल को अपने साथ प्राथमिक उपचार कराने के बाद ले गए। जनपद बागपत के कस्बा बड़ौत निवासी राजीव बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से गुरुवार को कस्बा एलम में आया हुआ था। बाइक सवार जैसे ही बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की चुख पुकार सुनकर आसपास के राहगीरों ने उपचार के लिए एलम के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद घायल अवस्था में अपने साथ ले गए। खबर लिखे जाने तक घायल उसके परिजन में थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी थी।

# बिजरौल में ग्राम चौपाल बनी समाधान का आधार, ग्रामीणों की समस्याओं पर अधिकारियों ने दिए निर्देश

--डीबीटी से वंचित 100 बच्चों पर प्रमुख सचिव की नाराजगी

--ग्रामीणों ने रखी जल, पशु चिकित्सा, विद्यालय भवन जैसी समस्याएं

--प्रमुख सचिव ने किया बाबा शाहमल सिंह बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण



**समाज जागरण बागपत।**

शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने जिले के बड़ौत तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजरौल में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकारी योजनाओं और स्थानीय समस्याओं पर खुलकर चर्चा की। चौपाल में जिलाधिकारी अस्मिता लाल, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम भावना सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख सचिव ने कहा कि शासन की मंशा है कि हर पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांवों में कैंप लगाकर पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए। बिजरौल के तीन विद्यालयों में 100 बच्चों को डीबीटी का लाभ न मिलने पर उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की और बच्चों के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र तुरंत तैयार कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने भी दस्तावेज तैयार करने की प्रक्रिया को तेज करने के आदेश दिए। चौपाल में ग्रामीणों ने पशु चिकित्सालय में स्टाफ की कमी, जल आपूर्ति में बाधा, ट्रांसफार्मर खराबी और बिजरौल इंटर कॉलेज की जर्जर छत जैसी समस्याएं रखीं। प्रमुख सचिव ने संबंधित विभागों को तुरंत समाधान करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी स्वीकार्य नहीं होगी और कार्यशैली में सुधार लाया जाए। चौपाल के उपरांत नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने अमर शहीद बाबा शाहमल सिंह की समाधि स्थल पर एक करोड़ 9 लाख की लागत से निमार्णाधीन बहुउद्देशीय हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह हॉल क्षेत्र की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों को नई दिशा देगा तथा शहीदों के बलिदान की स्मृति कोसहेजने का कार्य करेगा।

# धूमधाम के साथ मनाया गया चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट का स्थापना दिवस

**समाज जागरण बागपत।**



श्री रामानंद वाटिका अमीनगर सराय में चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट के 12 वर्ष होने पर 12वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एक सम्मान समारोह एवं मेदांता हॉस्पिटल नोएडा के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन खेकड़ा सब रजिस्ट्रार विश्वास वर्मा, राजीव गुप्ता, दिनेश जैन एवं ट्रस्ट अध्यक्ष तिलकराम द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके और बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी तिलकराम एवं संचालन एडवोकेट रणवीर चौधरी द्वारा किया गया। संस्था की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत के द्वारा अपने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 से ज्यादा व्यक्तियों द्वारा अपना मेडिकल चेकअप कराया गया। संस्था के अध्यक्ष चौधरी तिलकराम, कोषाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा एवं उपसचिव टीना चौधरी द्वारा संस्था को सदैव सहयोग करने वाले प्रत्येक सहयोगी व सम्मानित व्यक्तियों को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं धन्यवाद किया गया। दिनेश जैन, मांगेराम अत्री, मनुपाल बंसल एवं पूर्व चेयरमैन डॉ मांगेराम यादव द्वारा अपने- अपने संबोधन से संस्था परिवार का धन्यवाद भी किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट रणवीर चौधरी ने कहा कि आज ट्रस्ट ने अपने 12 वर्ष पूरे किए है, जिसमें समाज के हर व्यक्ति का बहुत सहयोग रहा है। उसके लिए ट्रस्ट परिवार आपका ऋणी रहेगा। ट्रस्ट ने आने वाली भड़लिया नवमी को 11 कन्याओं की शादी करने का भी संकल्प लिया। रिया, अनुसा, कशिश, कृति भारद्वाज, अलफिसा, भूमि और गौरी ने शानदार प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया । मेदांता हॉस्पिटल नोएडा की टीम में डॉ अरुण गिरी, सरिता, हिना, अंजलि और सुमित आदि ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। इस अवसर पर विश्वास वर्मा, दिनेश जैन, चौधरी तिलकराम, अनीता जैन, योगेश शर्मा, मुकेश पाल, सत्तार अहमद बसौद, संजय गुर्जर, गवेंद्र सिंह, बिजेंद्र खत्री, रामसिंह खत्री, साहब सिंह सरोहा, मांगेराम अत्री, धर्मपाल वत्स, मुकेश शर्मा, भाजपा नेता, मनुपाल बंसल, विनोद शाह, उपदेश भाटी, डॉ मांगेराम यादव, आकाश त्यागी, हनी त्यागी, कृष्णपाल शर्मा, राहुल सुजती, रणवीर गुर्जर कैड़वा, हरेंद्र प्रधान बली, सचिन बंसल, केशव शर्मा, प्रिया चौधरी, टीना चौधरी, इति चौधरी, रवि चौधरी, सचिन अहलावत, तनु शर्मा, हेमा त्यागी, शशि शर्मा, सोनू,जाहिदा, सोनिया,

# पशुओं में फैली बीमारी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी

**समाज जागरण चांदीनगर।**



ढिकौली गांव में पिछले एक सप्ताह से फैल रही अज्ञात बीमारी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। इस बीमारी से अब तक 50 से अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है। जबकि 100 से ज्यादा पशु बीमार बताये जा रहे है। लगातार हो रही पशुओं की मौत से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को एक मृत पशु के साथ पांची चौराहे पर प्रदर्शन किया और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार बीमारी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। गांव के अंगद, सोनू , परवीन , बिजेंदर, मदन पप्पू, राजकुमार , मनोज, उदयवीर, राजपाल, नवल, तेजपाल, प्रमोद , वीरेंद्र , अशोक पुत्र रिछपाल ओर राहुल शाहिद के किसानों के पशु या तो मर चुके है। या फिर गंभीर रूप से बिमार है। ग्राम प्रधान संदीप ढाका ने बताया कि यह बीमारी किसानों के लिए गंभीर चिंता का कारण बन चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार उच्च अधिकारियों को बीमारी की सूचना दी लेकिन गांव में अब तक कोई पशु चिकित्साधिकारी इलाज के लिए नहीं पहुंचा इसी अनदेखी से नाराज होकर ग्रामीणों ने मृत पशु के साथ पांची चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की सूचना मिलने पर चांदीनगर थाना प्रभारी अतर सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुभम और डॉक्टर नेहा मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने मृत पशु को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बीमारी की जांच शुरू करने का आश्वासन दिया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शुभम ने बताया कि कुछ पशु बीमार होने की जानकारी मिली थी जिनका इलाज क्या जा रहा है। एक पशु को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी डॉक्टरों की टीम के साथ गांव में काम कर रही है।

# पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम पहुंची खंडवारी, मृदभांड, ईंट और हड्डियां एकत्र करके की जांच

**समाज जागरण बागपत।**

सिसाना गांव में खंडवारी से मिट्टी खोदाई के दौरान प्राचीन मंदिर की आकृति की तरह दीवार दिखाई देने के बाद बुधवार को मेरठ से पुरातत्व सर्वेक्षण की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पहुंची। टीम ने मृदभांड, हड्डियां और ईंटों को एकत्र करके जांच की। वहां दीवार के नीचे से मिट्टी हटाने पर प्राचीनकाल में पानी के स्रोत जैसी आकृति दिखाई दी। वहीं ग्रामीणों ने मंदिर की आकृति वाली दीवारों की पूजा अर्चना भी की। सिसाना गांव में खंडवारी पर प्राचीन दीवार मिलने के बाद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग मेरठ के अफसरों ने संज्ञान लिया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद विनोद सिंह रावत ने बुधवार को सहायक पुरातत्वविद विवेक कुमार के साथ तीन सदस्यीय टीम को सिसाना गांव की खंडवारी में जांच करने के लिए भेजा। पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर खंडवारी के बारे में जानकारी की। ग्रामीणों ने खंडवारी के इतिहास के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने मंदिर की आकृति वाली दीवारों की जांच की और उसके नीचे से मिट्टी हटाकर भी देखा। नीचे भी ईंटों से बनी हुई आकृति मिली जो वहां पर पानी के स्रोत होने की तरफ इशारा कर रही है। यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया कि दीवारों की आकृति मंदिर की हैं या पानी एकत्रित करने वाले स्रोत कीं। इसके लिए दीवारों की नपाई की गई तो 4.25 मीटर ऊंचाई, 1.10 मीटर चौड़ाई मिली। इस दौरान ग्रामीणों ने खंडवारी क्षेत्र में दूसरी जगह पर ईंट, मृदभांड मिलने के बारे में बताया तो वहां भी जाकर जांच की। वहां पर दूसरी दीवार होने का भी संकेत मिल रहा है। इसके अलावा मिट्टी की ढांग में हड्डियां भी मिलीं। इन सभी को टीम ने एकत्र कर लिया और इनकी जांच करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही है।

**-- टीम ने गुफा भी देखी**

खंडवारी के जंगल में पहुंची पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम को ग्रामीणों ने उस गुफा के बारे में बताया, जिसको लेकर दावा किया जाता है कि लाक्षागृह में आग से बचने के लिए पांडव इसी गुफा के रास्ते से खंडवारी में सुरक्षित बाहर निकले थे। इसके बाद टीम ने उस गुफा पर पहुंचकर भी जांच की।

**--ग्रामीणों का जमावड़ा, पूजा-अर्चना की**

खंडवारी में मंदिर की आकृति वाली दीवारों की बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। इसके चलते वहां पर दिनभर ग्रामीणों का जमावड़ा लगा रहा। वहां आए लोग भी सर्वेक्षण टीम से जांच के बारे में पता लगाने के प्रयास में जुटे रहे। इसके अलावा गांव में खंडवारी के इतिहास को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं भी होती रहीं।

**--देश की धरोहर गलत हाथों में न जाने दे**

सहायक पुरातत्वविद विवेक कुमार ने कहा कि खंडवारी में मिले मृदभांड, ईंट और हड्डियां काफी प्राचीन लग रहीं हैं। सर्वेक्षण के बाद ही सही स्थिति के बारे में बताया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह बात स्पष्ट है कि खंडवारी का इतिहास काफी प्राचीन है।।

उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल से जुड़ीं वस्तुएं देश की धरोहर हैं और उसकी जांच पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारी ही करेंगे। प्राचीन वस्तुओं को गलत हाथों में जाने से रोकने और इसके लिए अलर्ट रहने की भी अपील की।

# चैन स्नैचिंग करने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़, एक को लगी गोली

**समाज जागरण झिंझाना।**
**(फुरकान जंग)**



दिन निकलते ही बाइक सवार चैन स्नैचिंग करने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई।जिसमें पुलिस की घेराबंदी में अपने आपको घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश सूरज गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरा बदमाश मिथुन भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। पुलिस बदमाशों के अपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी। बृहस्पतिवार को दिन निकलते ही कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना को क्षेत्र में चैन स्नैचिंग की घटना करने वाले बदमाशों की मुखबिर द्वारा सूचना मिली।जिसके बाद काला माजरा अजीजपुर रोड पर पुलिस ने घेराबंदी की।तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आते दिखाई दिये जिनको पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए बाइक को जंगल में कच्चे रास्ते पर दौड़ा दिया। पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की गयी तो उसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जबकि दूसरा बदमाश भागने में कामयाब रहा। पकड़े गये घायल बदमाश ने अपना नाम सूरज पुत्र लाखन निवासी खानपुर बताया जबकि फरार साथी का नाम मिथुन पुत्र बिल्लू निवासी अलाऊदीनपुर बताया । पकड़े गये बदमाश के कब्जे से एक तमंचा जिंदा कारतूस सहित बाइक बरामद की है।जिसने विशाखा पट्टनम, तमिलनाडु, दक्षिण के प्रदेशों में चैन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम दिया है।घायल को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि चैन स्नैचिंग करने वाले बाइक सवार दो बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गयी है। जिसमें एक बदमाश सूरज पुत्र लाखन निवासी खानपुर गोली लगने से घायल हो गया। जिसके कब्जे से एक बाइक, अवैध तमंचा कारतूस बरामद किए हैं।जबकि उसका साथी मिथुन पुत्र बिल्लू निवासी अलाऊ दीनपुर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया।वहीं दूसरे फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का आरोप, पुलिस ने चार का किया चालान

**समाज जागरण कांधला।**



कस्बे के बाईपास मार्ग पर रुपए की लेनदेन को लेकर एक दर्जन से अधिक लोगों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसके घर से सोने चांदी के आभूषण और नगदी भी अपने साथ ले गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी आरिफ ने बताया कि उसने कस्बा निवासी एक व्यक्ति से लाखों रुपए ब्याज पर लिए थे। ने अरोप है उक्त व्यक्ति के रुपए लौटा दिया है और ब्याज के कुछ रुपए बकाया है। गुरुवार को पीड़ित घर से बाहर कार्य करने के लिए गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी अकेली थी। तभी आरोपी 007 गैंग के दर्जनों लोगो के साथ पीड़ित के घर पर पहुंचा और जमकर तोड़फोड़ की। आरोपियों ने पीड़ित के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त करते हुए उसके घर की अलमारी में रखे लाखों रुपए और सोने चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गए। पीड़ित की पत्नी ने मामले की सूचना 112 पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंच गई और पुलिस ने मौके से चार लोगों को हिरासत में ले लिया जिनका शांति भंग में चालान किया है। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि आरोपी पूर्व मे कई बार उसके मकान पर कब्जा करने की नीयत से धावा बोल चुके हैं जिनमें कस्बे का एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश भी शामिल था। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जूटी हुई है।

# तमंचे सहित गिरफ्तार कर अभियुक्त को भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।**

पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को तमंचे सहित गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है। गुरुवार को उप निरीक्षक रणवीर सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र की बड़ी नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उक्त व्यक्ति भागने लगा पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ करने पर पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम आजाद चौहान निवासी ग्राम खंद्रावली बताया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते भी अभियोग दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है।



# कहा- आने वाले दिनों में कैडेट्स अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने के अनेक अवसर प्राप्त करेंगे

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एनसीसी की भावना का उत्सव है, यह अनुशासन, साहस और राष्ट्र सेवा का संगम है : आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल थामस कुट्टी

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 30 अक्टूबर। बहल कस्बे में जारी 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर), भिवानी द्वारा आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कैडेट्स को नशा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें हथियारों की जानकारी और फायरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।शिविर के कमांडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल थामस कुट्टी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एनसीसी की भावना का उत्सव है। यह अनुशासन, साहस और राष्ट्र सेवा का संगम है। आने वाले दिनों में कैडेट्स अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने के अनेक अवसर प्राप्त करेंगे।कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। जिसमें कैडेट्स को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और साफ-सफाई को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी गई।शिविर के



बहल में आयोजित एनसीसी शिविर के कैडेट्स को प्रशिक्षित करते सैन्य अधिकारी।

प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्स को 7.62 एमएम सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) तथा 22 राइफल के विभिन्न हिस्सों, फायरिंग पोजिशन और निशानेबाजी की तकनीक की जानकारी दी गई। कमांडिंग आफिसर के आदेशानुसार कैडेट्स को 22 राइफल की वास्तविक फायरिंग करने का अवसर भी मिला। पहली बार फायरिंग का अनुभव प्राप्त कर कैडेट्स में उत्साह देखते ही बनता था। कई कैडेट्स ने शानदार निशाना साधकर फायरिंग प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया। नशा मुक्ति पर विशेष सत्र में नारकोटिक विभाग, भिवानी से हवलदार नरेश कुमार ने कैडेट्स को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और उनसे दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में कमांडिंग आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल थामस कुट्टी ने नरेश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बटालियन सूबेदार मेजर अशोक कुमार, फर्स्ट आफिसर अर्चना गौड़, फर्स्ट आफिसर सुमन पवार, सूबेदार सुरेंद्र, बीएचएम संजीव, नायब सूबेदार हरिराम, सूबेदार पीतम, नायब सूबेदार लोकेश कुमार, हवलदार अमित कुमार, रविंद्र, सीएचएम रविंद्र, संजय, संजीव कुमार, प्रदीप, क्लर्क चैनसुख, एडम क्लर्क दिनेश कुमार तथा प्रशिक्षण शाखा से दिनेश और कृष्ण का विशेष सहयोग रहा।

# बहल सेवा केंद्र पर राजयोगी ब्रह्मा कुमार अशोक भाई की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 30,अक्टूबर। बहल सेवा केंद्र पर राजयोगी ब्रह्मा कुमार अशोक भाई की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अशोक भाई से प्रेरणा प्राप्त अनेक भाई बहनों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ब्रह्मा कुमार बजरंग भाई ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया कि कैसे अशोक भाई जी की शांत मूर्त और नम्र स्वभाव उन्हें ज्ञान मार्ग में लाने के निमित्त बने और उनसे बाबा का परिचय मिला। इसी प्रकार बीके पूनम, बीके मीना कौशिक, बीके चंदा माधोपुर, बीके सुशीला, बीके वैशाली, बीके कुलदीप, बीके ग्यारसी आदि अनेक भाई बहनों ने अपना अनुभव सुनाते हुए बताया कि कैसे अशोक भाई से उन्होंने भोजन बनाने की कला सीखी और ज्ञान की गहराई को जाना। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्मा कुमारी शकुंतला बहन ने बताया कि अशोक भाई लगभग चालीस वर्षों से इस ईश्वरीय ज्ञान में थे और उन्होंने अपना पूरा तन मन धन समर्पित किया। वे दादरी व ढिगावा सेंटर खोलने के निमित्त बने। उनके जीवन में त्याग, तपस्या, सरलता और सादगी भरपूर मात्रा में थी। वे निरहंकारी और



अथक हड्डी सेवाधारी थे। बीके पूनम बहन ने बताया कि अशोक भाई से पिता तुल्य स्नेह मिलता। उन्होंने ही मुझे सेवाकेंद्र की अनेक मयार्दाएं सिखाई। ब्रह्माभोजन बनाने की कला व कम्प्यूटर की भी ट्रेनिंग भी प्राप्त की। इस अवसर पर सभी ने अशोक भाई के अंग संग के बहुत भाव विभोर कर देने वाले अनुभव सुनाए और उन्हें मौन रहकर के श्रद्धांजलि अर्पित की। सवेरे दस बजे से ही भाई बहनों ने आकर के मौन रहकर योग साधना की और समूचे विश्व को और प्रकृति को भी अपने पवित्र वाइब्रेशन प्रवाहित किए।

# भगतनाम देवजी की 755 जयंती पर आगामी 11 नवम्बर को 17 वां विशाला कैंप का आयोजन

**समाज जागरण,**

कालांवाली 30 अक्तूबर 2025 (सुरेश जोरासिया) कालांवाली मंड़ी कि प्रमुख समाजसेवी संस्था टांक क्षत्रिय सभा कि और से सुखचैन रोड़ स्थित भगत नामदेव धर्मशाला कालांवाली में भगत नामदेवजी का जन्मोत्सव श्रद्धा भावना के साथ मनाया जाऐगा। 7 नवम्बर को श्री गुरूग्रंथ साहिब जी का प्रकाश किया जाऐगा



अंखड़ पाठ साहिब का भोग 9 नवम्बर डाला जाऐगा इस अवसर पर गुरवाणी कीर्तन से संगतो को निहाल किया जाएगा। एवं गुरूजी का लंगर अटूट बरताया जाऐगा। इस पावन पवित्र दिन को 17वां विशाल रक्तदान शिवर भी किया जाऐगा। इस समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष महेश झोरड़ विशेष तौर पर शामिल होगें। इस संस्था का रक्तदान शिवर लगाने का मुख्य उदेश्य है कि किसी भी जरूरत मंद को रक्त बिना किसी को संसार छोड़कर ना जाना पड़े। इस संस्था नेक कार्य को लेकर क्षेत्र के चारों ओर प्रशांसा होती है। संस्था की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को अपील की जाती है कि ज्यादा ज्यादा संख्या में पहुंचकर गुरु साहब का आशीर्वाद प्राप्त करें

# वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी इंटरनेट के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव से ग्रस्त होती जा रही जो चिंतनीय विषय है : इंस्पेक्टर संजय कुमार

## थाना प्रभारी ने नशा-व्यसनों के सेवन न करने व इंटरनेट की अनोपयोगिता से बचने की शपथ दिलाई

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 30, अक्टूबर। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के लौह पुरुष व राष्ट्रीय एकता के वास्तुकार के रूप में जाने जाते हैं और उनकी जयंती को हम भारतीय जनमानस एकता दिवस के रूप में मनाते हैं और रन फार यूनिटी का आयोजन कर युवाओं को एकता का संदेश देने की परंपरा रही है। सरदार पटेल अतीत और वर्तमान राजनीति, सामाजिक व्यवस्था व एकता के लिए पथ प्रदर्शक के रूप में जाने व माने जाते हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा स्कूल विद्यार्थियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल के बताएं मार्ग और शिक्षा का अनुसरण करते हुए नशा व्यसनों व साइबर क्राइम से बचने लोगों को



बहल के संस्कृति माडल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते इंस्पेक्टर संजय कुमार व अन्य।

जागृत करने की शपथ दिलाई जा रही है। इसी कार्यक्रम श्रृंखला में वीरवार को संस्कृति माडल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहल तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओबरा के विद्यार्थियों को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार ने नशा-व्यसनों के सेवन न करने व इंटरनेट की अनोपयोगिता से बचने की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में युवा पीढ़ी को इंटरनेट के दुष्प्रभावों, साइबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव से ग्रस्त होती जा रही जो चिंतनीय विषय है और इसकी रोकथाम हर हाल में अभिभावकों, समाज, राष्ट्रीयता के लिए जरूरी है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस दौर के तमाम नशा व्यसनों से सेवन कर्ता के बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक क्षीणता हो रही जो बड़ी घातक और खतरनाक साबित हो सकती है। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई हुए युवा से आग्रह किया कि वे स्वयं को नशा, इंटरनेट की अनोपयोगिता व साइबर अपराध से अलग करते हुए पुलिस का सहयोग कर इन सामाजिक बुराइयों को समूल नष्ट करने में योगदान दे। गांव मोहल्ले में नशे का कारोबार करने वाले लोगों की पहचान पुलिस को दें और लोगों में जागरूकता पैदा कर इंटरनेट उपयोगिता और साइबर क्राइम के बारे में भी हर दिन दो लोगों को प्रेरित कर बचाने की मुहिम को इनके खात्मा होने तक जारी रखें। इस अवसर पर मंडल भाजपा अध्यक्ष सुनील शेट्टी नेवी विद्यार्थियों को संबोधित किया और नशे के साथ मोबाइल फोन के नशे से बचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकसित होते समाज व राष्ट्र की मुहिम में नशे वंचित समाज की संरचना और किसी भी वैज्ञानिक तकनीक का सदुपयोग देश में समाज को सिर्फ स्थान पर ले जा सकती है। इस अवसर पर ओबरा स्कूल के प्राचार्य प्रहलाद सिंह, बहल स्कूल के अनिल कुमार, अशोक कुमार, मघाराम, सब इंस्पेक्टर गंगाराम, रेखा शेखावत, जसवंत कौर, प्रियंका, अमित, अजीत, रविंद्र कुमार सहित दोनों स्कूलों के शिक्षक स्टाफ भी मौजूद रहे।

# पुलिस थाना जैतो की ओर से शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 30 अक्टूबर :राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शिवालिक पब्लिक स्कूल, जैतो में माननीय डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस कम्युनिटी अफेयर्स पंजाब जी के निदेर्शों के अनुसार, माननीय वरिष्ठ पुलिस कप्तान फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन (आई.पी.एस.) तथा माननीय कप्तान पुलिस कम्युनिटी अधिकारी श्री मनविंदरबीर सिंह जी के आदेशों के तहत, डी.एस.पी. जैतो श्री इकबाल सिंह संधू जी के दिशा-निदेर्शों अनुसार, ए.एस.आई. गुरमुख सिंह, ए.एस.आई. जसवंत सिंह (थाना जैतो), सब-डिवीजन साझ केंद्र जैतो से वरिष्ठ सिपाही गुरप्रीत सिंह, बेअंत सिंह, वरिष्ठ सिपाही अर्शदीप कौर, महिला मित्र वरिष्ठ सिपाही भुपिंदर कौर और वरिष्ठ सिपाही किरणदीप कौर द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला (ड्रॉइंग)



प्रतियोगिता आयोजित की गई।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, सद्भावना और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना था।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एकता में शक्ति, विविधता में एकता और मेरा देश, मेरा गौरवह्व जैसे विषयों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता, समरसता और एकता का सुंदर प्रतीक प्रस्तुत किया।इस प्रतियोगिता में विद्यार्थिनी गुरसिमरन कौर ने पहला स्थान, हरमनप्रीत कौर सिद्धू ने दूसरा स्थान तथा अदिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन की ओर से ड्रॉइंग किट देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल श्री सरबजीत सिंह, डी.पी. शिक्षक अर्शनूर मुहम्मद, ड्रॉइंग शिक्षिका राजबीर कौर, गुरप्रीत कौर सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।स्कूल के प्रिंसिपल श्री सरबजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ देश के प्रति समर्पण की भावना को भी मजबूत करती हैं।शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का दृश्य।

# फिरोजपुर मंडल में आयोजित की गई एक मॉक ड्रिल।

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,30 अक्टूबर :फिरोजपुर मंडल के अमृतसर रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार के मार्गदर्शन व वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री रोहित वर्मा के नेतृत्व में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे कर्मचारियों द्वारा मुस्तैदी से किए जाने कार्यों एवं इस्का आकलन करना है। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य रेल कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों जैसे ट्रेन दुर्घटना,आग लगना या अन्य आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना है। यह मॉक ड्रिल अमृतसर यार्ड में आज दिनांक 30.10.2025 को दोपहर में एन.डी.आर.एफ. टीम के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। अभ्यास के अंतर्गत यह परिदृश्य दशार्या गया कि सेना विशेष रेक के शंटिंग कार्य के दौरान एक कोच की टक्कर अनाधिकृत रूप से पटरियों पर आए भारी सड़क वाहन से हो गई, जिससे कोच क्षतिग्रस्त होकर पटरी से उतर गया और उसमें आग लग गई। कोच में सवार लगभग 20 सैन्यकर्मी एवं 7-8 रेलवे कर्मचारी अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत कार्य हेतु अमृतसर



के SPARMV एवं ART को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। NDRF, RPF, GRP एवं स्थानीय प्रशासन की सहायता से बचाव कार्य आरंभ किया गया और सभी प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके पश्चात लगभग 70 मिनट में कोच का पुनः पटरी पर चढ़ाने का कार्य पूरा हुआ। रेलकर्मियों की सजगता और मुस्तैदी को देखते हुए इसे मॉक ड्रिल घोषित किया गया।उपरोक्त मॉक ड्रिल का प्रमुख उद्देश्य आपातकालीन स्थिति के दौरान रेलवे के विभिन्न विभागों तथा राज्य सरकार के विभिन्न अंगों – जैसे फायर ब्रिगेड, स्थानीय अस्पताल एवं एन.डी.आर.एफ. के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, ताकि संयुक्त प्रयासों के माध्यम से राहत एवं बहाली कार्यों को शीघ्रता और दक्षता से संपन्न किया जा सके। इस मॉक ड्रिल में एन.डी.आर.एफ. की 7वीं बटालियन बठिंडा ने सक्रिय रूप से संयुक्त भागीदारी निभाई। एन.डी.आर.एफ. ने डिप्टी कमांडेंट श्री पंकज शर्मा की अगुआई में मॉक ड्रिल में भाग लिया । मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलकर्मचारी आपात परिस्थिति में प्रभावी ढंग से अपना कार्य कर सके और मानसिक तथा शारीरिक रूप दोनों तरीके से किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। इस दौरान उनका मुख्य कार्य यथा प्रशासन को सही समय पर सूचित करना, मेडिकल एवं पैरा मेडिकल टीम को सूचित करना, घायलों को मदद व प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना आदि कार्य है।इस दौरान वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्री भूपेंद्र, वरिष्ठ मंडल अभियंता ।।। श्रीमती नवलप्रीत कौर सहित अन्य अधिकारी स्थल पर उपस्थित रहे।

# साधु राम कुशला पंजाब विधानसभा स्पीकर संधवां के ओ.एस.डी.नियुक्त

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 30 अक्टूबर : पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने श्री अग्रवाल सभा, बठिंडा के संस्थापक संरक्षक साधु राम कुशला को अपना ओएसडी नियुक्त किया है। नवनियुक्त ओएसडी साधु राम कुशला ने कहा कि वह पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी तन-मन से निभाएंगे। श्री अग्रवाल सभा बठिंडा के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, संरक्षक अनिल भोला, महासचिव राम सिंगला, सचिव विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवराज, प्रेस सचिव सुखदेव बंसल और कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र गुप्ता सहित सभा के सदस्यों ने साधु राम कुशला को अपना ओ.एस.डी. नियुक्त करने के लिए पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि साधु राम कुशला एक समाजसेवी और एक मिलनसार व्यक्ति हैं जिनका समाज में एक विशेष स्थान है।साधु राम कुशला, जिन्हें विधानसभा अध्यक्ष संधवान का ओएसडी नियुक्त किया गया है। इस दौरान पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष शैली गर्ग व पंजाब व्यापार मंडल के प्रदेश मीडिया सलाहकार रघुनंदन पराशर जैतो सहित विभिन्न संगठनों ने साधु राम कुशला की नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी है।



# लोकसभा सदस्य हरसिमरत कौर बादल के जोरदार दौरे से तरनतारन में अकाली आंदोलन को मिला बल, 'आप'-कांग्रेस से लोगों का मोहभंग – ब्रह्मपुरा

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 30 अक्टूबर : तरनतारन उपचुनाव के मद्देनजर शिरोमणि अकाली दल के चुनाव प्रचार को आज उस समय और बल मिला जब पूर्व केंद्रीय मंत्री लोकसभा सदस्य बीबा हरसिमरत कौर बादल ने खडूर साहिब विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी और पार्टी उपाध्यक्ष रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा के पैतृक गाँव गोहलवार में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री ब्रह्मपुरा, जो इस क्षेत्र के जोन प्रभारी भी हैं, के नेतृत्व में उमड़े इस विशाल जनसमूह ने पार्टी उम्मीदवार प्रिंसिपल सुखविंदर कौर रंधावा की जीत सुनिश्चित कर दी। इस अवसर पर बोलते हुए बीबा हरसिमरत कौर बादल ने 'आप' सरकार और कांग्रेस को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया और दोनों पार्टियों को पंजाब विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पंजाब की पीठ में छुरा घोंपा है और आप सरकार ने झूठे वादों से लोगों को ठगने के अलावा कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब का





किसान, व्यापारी और नौजवान सभी परेशान हैं और मुख्यमंत्री दिल्ली के इशारों पर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए स. ने कहा कि श्रीमती बादल के दौरे से कार्यकताओं में नया जोश भर गया है और यह साबित हो गया है कि तरनतारन में माहौल पूरी तरह से शिरोमणि अकाली दल के पक्ष में हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग अकाली दल के उस शासन को याद कर रहे हैं जब पंजाब ने तरक्की की थी। इस अवसर पर पूर्व सदस्य निरवैर सिंह ने अपने परिवार सहित शिरोमणि अकाली दल को समर्थन देने की घोषणा की, जिन्हें श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने पार्टी में शामिल किया। श्री ब्रह्मपुरा ने बताया कि उनके नेतृत्व में जोन नंबर 15, जिसमें गाँव गोहलवार, बालाचक्क, कोट दसंदी मल्ल, पंडोरी रण सिंह, पंडोरी सिधवां और पंडोरी रमाणा शामिल हैं, के कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और इन सभी गाँवों से अकाली उम्मीदवार को भारी बढ़त से जिताने का भरोसा दिला रहे हैं। इस अवसर पर अन्यों के अलावा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) सदस्य अमरजीत सिंह बंडाला, हलका इंचार्ज जंडियाला संदीप सिंह ए.आर., जगजीत सिंह राणा, बलजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, प्रो. राजविंदर सिंह, गोपी मेंबर पंचायत सहित बड़ी संख्या में अकाली कार्यकर्ता और महिलाएं मौजूद थीं।

# घाटशिला उपचुनाव के ठीक पहले भाजपा को बड़ा झटका, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जंबू अखाड़ा के संचालक बंटी सिंह, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष सौरभसमेत कई नेता झामुमो में शामिल

**समाज जागरण 30.10.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के घाटशिला विधानसभा के होने वाले उपचुनाव के ठीक पहले भाजपा को झामुमो ने बड़ा झटका दे दिया है. भाजपा के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर के जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, भालुबासा के जंबू अखाड़ा के संचालक बंटी सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चक्रवर्ती, भाजपा में शामिल हुए जिला परिषद सदस्य खगेन महतो, घाटशिला भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मुसाबनी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पात्रों, भाजपा के मीडिया प्रभारी सुरेश महाली समेत कई लोगों ने झामुमो का दामन थाम लिया है. झामुमो के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी के नेतृत्व में सारे लोगों ने ज्वाइनिंग की.झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलायी. घाटशिला उपचुनाव के ठीक पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी का स्वागत किया. इस ज्वाइनिंग



के दौरान जमशेदपुर की जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू भी मौजूद थी.विधानसभा चुनाव के वक्त जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, लक्ष्मण टुडू, कुणाल षाडंगी समेत कई लोगों ने झामुमो का दामन थामा था. अब नये सिरे से सारे लोगों की ज्वाइनिंग हुई है, जिससे भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है. उनकी ज्वाइनिंग के बाद भाजपा ने अचानक से प्रेस रिलीज जारी कर सारे भाजपा नेताओं के निष्कासित करने की जानकारी साझा कर दी.दूसरी ओर, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं घाटशिला विधानसभा को प्रदेश के आदेश से मुख्य रूप से देख रहे अभय सिंह ने कहा कि जो लोगों ने घाटशिला भाजपा से इस्तीफा देकर दल बदल करके झामुमो छोड़कर चले गए है. वैसे लोगों ने पार्टी का उद्धार किया है. पार्टी ऐसे लोगों के कारण ही भारी नुकसान करना पड़ रहा था. जब इस बार के चुनाव में भीतरघात करने का मौका इन लोगो को नहीं मिल रहा था तो बेचैनी स्वाभाविक है.आज पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं की राहत की सांस लिया है ग्रामीण के सभी कार्यकर्ता निष्ठा के साथ अब जोर शोर से और लग चुके हैं. ऐसे लोग पार्टी में शरीर से विगत 5 वर्षो से थे. लेकिन मां दूसरे जगह नाच रहा था. पैसे के प्रलोभन यहां नहीं मिलना ठेस पहुंचा रहा था और पैसे के लोग में दूसरी डाल पर जाना इनका स्वाभाविक नेचर बन गया. पार्टी में लगातार 3 वर्षो से निष्क्रिय व्यक्ति पार्टी को दीमक की तरह चाट रहा था।

# झामुमो की एकता घाटशिला में दिलाएगी एकतरफा जीत, भाजपा अपने अंतर्कलह और जनविरोधी नीतियों से खात्मे की ओर : संजीव सरदार

**समाज जागरण 30.10.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को पोटका के विधायक संजिव सरदार ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में घाटशिला विधानसभा के कई गांवों का दौरा कर जनता से संवाद किया और पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की एकता और



जनता का विश्वास इस चुनाव में निर्णायक साबित होगा। भाजपा आज अपनी अंतर्कलह और जनविरोधी नीतियों के कारण खात्मे की कगार पर है। घाटशिला की जनता झूठे वादों में अब नहीं आने वाली।

**जनता का उत्साह झामुमो की जीत की गारंटी – संजीव सरदार**

विधायक ने कहा कि झामुमो का उद्देश्य केवल सत्ता नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार देना है। उन्होंने कहा, ह्लजनता का विश्वास और झारखंड मुक्ति मोर्चा का संकल्प मिलकर हम घाटशिला को विकास, शिक्षा, रोजगार और सम्मान की नई राह पर ले जाएंगे।ह्व

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रामदास सोरेन ने हमेशा जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए जो कार्य शुरू किए थे, झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन उन्हीं अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया और कहा कि अबुआ सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचा है। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग, ग्राम प्रधान और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल ने 565 रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोया: सुरेन्द्र अग्रहरी

**समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलनकारियों में देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की भलाई के लिए कई आंदोलनों में भाग लेकर देश के नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे मे जानकारी दिया । गुजरात के नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बाँध के सामने स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनी हुई है जो सरदार बल्लभ भाई पटेल जी को समर्पित हैं। विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की ऊंचाई 182 मीटर है जिसे 31 अक्टूबर 2018 को सरदार पटेल को समर्पित किया गया जो देश के इतिहास में उनके द्वारा राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने के योगदान के प्रति समर्पण को दशार्ता हैं।

मां गायत्री पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुद्धी के प्रांगण में उनकी 150 वीं जयंती पूर्व संध्या पर मनाया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर और पदयात्रा निकाल कर उनके समर्पण को याद किया और नारे भी लगाए। उसके पश्चात विद्यालय के प्रबन्धक और अध्यापक गणों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया ।छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबन्धक सुरेन्द्र अग्रहरि ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को आजादी मिलने के साथ ही पाकिस्तान का विभाजन और देश की छोटी बड़ी रियासतें भी स्वतंत्र होकर अलग होने की कोशिश कर रही थी जिसे देश के तत्कालीन उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल जी ने रियासतों को एकता के सूत्र में पिरो कर अखण्ड भारत का निर्माण किया। झवेर भाई पटेल और लाडवा पटेल की चौथी सन्तान के रूप मे जन्मे बल्लभ भाई पटेल ने हमेशा ब्रिटिश सरकार और इसके कठोर कानूनों का विरोध किया। महात्मा गांधी के विचार धाराओं और सरकार के प्रति घृणा ने उन्हे आजादी के लिए भारतीय संघर्ष में गोता लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों से करो का भुगतान करने के लिए मन किया क्योंकि सरकार ने खेड़ा बाढ के बाद उनसे करो की माँग की थी।उनके पास अच्छे नेतृत्व के गुण थे, उन्होंने कई आंदोलनों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया था इसलिए उन्हें सरदार की उपाधि से नवाजा गया। 1991में मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनीत यादव, सिकन्दर, सनाउल्लाह, इंद्रावती, प्रिया, शब्बा अध्यापक,अध्यापिकाएं और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## मां दुर्गा मंदिर मुरली में होगा पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव

**समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर परम वंदनीया माताजी के जन्म शताब्दी समारोह के अनुयाज क्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार चोलापुर के तत्वावधान में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मां दुर्गा मंदिर मुरली, चोलापुर परिसर में दो दिनों तक संपन्न होगा।

आयोजकों के अनुसार, प्रथम दिवस 01 नवम्बर (शनिवार) को सायं 4:30 बजे से 7:30 बजे तक विराट दीप महायज्ञ एवं प्रवचन का आयोजन होगा। वहीं 02 नवम्बर (रविवार) को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निर्धारित है।

महोत्सव का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज में संस्कार, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का संदेश दिया जाएगा। यज्ञ में विवाह, नामकरण, मुंडन, विद्यारंभ सहित सभी प्रकार के संस्कार संपन्न कराए जाएंगे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं सहित युवा शामिल होंगे। यह जानकारी गायत्री परिवार के सदस्य रामजी यादव ने दी है।

## हरहुआ ब्लाक में आरंभिक कार्यशाला आज, शामिल होंगे दस गाँवो के प्रतिनिधि

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। वाटरएड,इंडिया द्वारा महिला जल सहयोग परियोजना के अंतर्गत समुदाय को न्याय संगत सतत जल की उपलब्धता तथा स्वच्छता तक बेहतर पहुंच बनाने हेतु स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता के मुद्देपर हरहुआ ब्लाक के 10 ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव ,पंचायत सहायक प्रतिभाग कर जानकारी लेंगे।

बीडीओ हरहुआ बी0पी0 वर्मा व एडीओ पंचायत रवि कुमार के अनुसार ब्लाक के बेदी ,मोहनपुर ,अनौरा ,आदमपुर ,मुर्दहा ,पलहीपट्टी ,भटपुरवा कला ,सुलेमापुर ,गुरवट और रामगांव के प्रधान ,सचिव व पंचायत सहायक प्रतिभाग करेंगे स्वच्छ भारत मिशन के डीसी, जल जीवन मिशन के आईएसए समन्वयक एवम एनआरएलएम के बीसी व डीसी प्रतिभाग कर चर्चा ब्लाक सभागार में करेंगे।

## जैव प्रौद्योगिकी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। डॉ राम मनोहर लोहिया पी जी कॉलेज भैरव तालाब, राजा तालाब , वाराणसी के विज्ञान संकाय में संगोष्ठी का आयोजन किया




गया जिसमें अमेरिका के वैज्ञानिक डॉ अश्विनी कुमार मिश्रा ने जैव प्रौद्योगिकी विषय पर व्याख्यान दिया । औषधि निर्माण प्रक्रिया पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने जैव रसायन, जीन थेरेपी, वैक्सीन निर्माण प्रक्रिया पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने विभिन्न अनुभवों से अवगत कराया । डॉक्टर मिश्रा ने बी एस सी के विद्यार्थियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया।

विज्ञान संकाय में अमेरिका के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक के आने से छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आशुतोष कुमार ने किया। महाविद्यालय के प्रबंधक श्री तोयज कुमार सिंह ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर वैज्ञानिक डॉ अश्विनी कुमार मिश्रा का सम्मान किया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के संस्थापक लोकबंधु राज नारायण और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के मूर्ति पर माल्यार्पण करके हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर नरेंद्र नारायण राय और आयोजन सचिव डॉ विनय कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । इस अवसर पर प्रोफेसर सुमन लता, प्रोफेसर रणधीर सिंह, प्रोफेसर बृजेश कुमार जायसवाल , डॉ कृपा शंकर पाठक, डॉ सुप्रिया राय, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, डॉ संजय कुमार पांडे , कलेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ दीपक कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार पटेल, जयदीप राय, सोनम पटेल एवं महाविद्यालय के कर्मचारियों के साथ साथ छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को दी नए तीन कानूनों की विस्तृत जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस द्वारा क्षेत्र के एक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को हाल ही में लागू हुए तीनों नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में कानून की समझ विकसित करना और उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना था।

इस मौके पर पुलिस ने बताया कि ये नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी आधुनिक और जनता केंद्रित बनाने के लिए लागू किए गए हैं। इनके अंतर्गत डिजिटल साक्ष्य, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और ट्रैफिक उल्लंघन जैसे मामलों में त्वरित न्याय की व्यवस्था की गई है। अधिकारीयों ने कहा कि नए कानूनों में तकनीकी साक्ष्यों की अहम भूमिका तय की गई है ताकि अपराधियों को जल्द सजा मिल सके और निदोर्षों को राहत।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनी उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि कानून का पालन न केवल नागरिक का कर्तव्य है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और कानूनों के प्रति गहरी रुचि दिखाई। पुलिस टीम ने उन्हें आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से समाज में कानून पालन का उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से थाना प्रभारी जंसा अनिल कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी जंसा कस्बा पवन यादव,उपनिरीक्षक रामानंद शर्मा, उपनिरीक्षक ताबिश खान, महिला कास्टेबल मंजू चौरसिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

## अवादा ग्रुप की सिंदूर मित्तल ने जीता रजत पदक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी।। अवादा ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन (उपाध्यक्ष) सिंदूर मित्तल ने फ्लोरिडा, अमेरिका में आयोजित पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 में भारत का परचम लहराते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। उन्होंने यह ऐतिहासिक जीत महिला ओपन डबल्स 5.0 श्रेणी में अपनी जोड़ीदार रक्षिका रवि के साथ साझेदारी में हासिल की।

दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में सिंदूर मित्तल और रक्षिका रवि की जोड़ी ने असाधारण खेल का प्रदर्शन किया। उनकी इस शानदार साझेदारी और जीत ने पिकल बॉल के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूती से स्थापित कर दिया है।

अपनी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बात करते हुए सिंदूर मित्तल ने कहा, "पिकल बॉल एक ऐसा खेल है जो फुर्ती, रणनीति, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को महत्व देता है। ये वे गुण हैं जो अवादा में हमारी कॉर्पोरेट कार्यप्रणाली का भी एक अभिन्न हिस्सा हैं। पिकल बॉल जैसे उभरते खेल में वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और देश के लिए पदक घर लाना एक अविश्वसनीय और गर्व का अनुभव है।"

पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 ने दुनिया भर के प्रमुख खिलाड़ियों को एक मंच पर एकत्रित किया। यह आयोजन इस खेल की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और विश्व पटल पर भारत की बढ़ती उपस्थिति का स्पष्ट प्रमाण है।वही सिंदूर मित्तल के इस उपलब्धि पर गुरुवार को अवदा फाउंडेशन जयापुर और नागेपुर वाराणसी सेंटर पर बधाई कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चो को उनके उपलब्धि के बारे में बताया गया।

## पूर्व शिक्षक पं0 रामयश त्रिपाठी का निधन, शोक में विद्यालय बंद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। श्री युगल बिहारी इंटर कॉलेज के पूर्व वरिष्ठ शिक्षक प0रामयश त्रिपाठी निवासी जगापट्टी का बुधवार मध्य रात्रि लंबी बीमारी के बाद 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। काफी लंबे समय से हृदय रोग से पीड़ित थे। इनके निधन की सूचना मिलते ही आस पास गांवों के लोग घर पहुंचकर अंतिम विदाई दी।शोक में दो मिनट का मौन रखकर विद्यालय बन्द कर दिया गया।

प0 रामयश त्रिपाठी जी एक कुशल कला शिक्षक के साथ -साथ विद्यालय विकास के लिए व्यक्तिगत प्रयास कर कई भवन व परिसर में सरस्वती मन्दिर का निर्माण कराया। इन्होंने व इनके परिवारजनों का विद्यालय के प्रति विशेष उल्लेखनीय ,सराहनीय योगदान रहा।कला का प्रेम जिंदगी के अंतिम पड़ाव तक जीवंत निखारते रहे।

शव यात्रा में अवकाश प्राप्त सप्लाई इंस्पेक्टर महाबली त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,सुनीत दत्त त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, एडवोकेट जनार्दन त्रिपाठी, ग्राम प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव, प्रमोद दुबे, प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू,प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव सहित आस पास गांवों के शिक्षक, पत्रकार,वकील ,प्रधान, चिकित्सक ,समाजसेवी जनों सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न हुआ। मुखाग्नि छोटे पुत्र संजय त्रिपाठी ने दी।

## स्थापना दिवस की तैयारियों पर विधायक पल्लवी पटेल ने किया बैठक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। अपना दल (कमेरावादी) की वरिष्ठ नेता और सिराथू विधानसभा से विधायक पल्लवी पटेल गुरुवार दोपहर 12 बजे आराजी लाइन विकासखंड के काशीपुर गांव पहुंचीं। उन्होंने अपना दल के 31वें स्थापना दिवस के संबंध में एक बैठक की जहां ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

बैठक में पल्लवी पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि अपना दल कमेरा समाज का परिवार है। उन्होंने आगामी 04 नवंबर को पटेल तालाब कोरौता में आयोजित होने वाले अपना दल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचकर उसे सफल बनाने के लिए सभी को आमंत्रित किया। उन्होंने गांवों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि यह तभी संभव है जब स्थानीय लोग एकजुट होकर अपनी भागीदारी निभाएं। विधायक पटेल ने सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना की और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस दौरान पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों ने आगामी 04 नवंबर को पटेल तालाब कोरौता में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से देवराज पटेल, योगीराज पटेल, अभय पटेल, राजेश पटेल, गगन यादव दिलीप सिंह पटेल, शमशेर बहादुर वर्मा,भाई लाल पटेल, सहित पार्टी के पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मोंथा तूफान से धान के फसल की भारी नुकसानी, किसान चिंतित

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। मोंथा तूफान के कारण पिछले तीन दिनों से हो रही बेमौसम बारिश और तेज हवाओं ने खरीफ की मुख्य फसल धान को भारी नुकसान पहुँचाया है।पूरी रात गुरुवार के सुबह हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह से लेट गई है।

जो धान पहले ही कट चुका था, वह खेतों में सड़ने लगा है। वहीं, देर से पकने वाली धान की किस्में अभी पुष्पन (फूल आने) की अवस्था में हैं, जिन पर बारिश का सीधा असर पड़ा है।

हरहुआ ब्लाक के आयर गाँव के किसान कन्हैया पटेल, प्रदीप पटेल और दयाराम पटेल ने बताया कि लगातार बारिश से उनकी फसलें पूरी तरह से लेट गई हैं। नीचे की बालियाँ काली पड़ने लगी हैं और सड़ रही हैं, जिससे भारी नुकसान हुआ है।

किसान मुन्नालाल राजभर ने बताया कि उन्होंने काला नमक प्रजाति का धान लगाया था, जिसमें अभी बालियाँ निकल रही थीं। बारिश के कारण फूल झड़ गए हैं और फसल लेट गई है, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि कीटों का प्रकोप बढ़ गया है और खेतों में ही दाने झड़ने लगे हैं।

किसान रामदुलार ने कहा कि मोंथा तूफान ने धान की पैदावार को काफी कम कर दिया है, और जो कुछ बचेगा वह दरायी (थ्रेशिंग) करते समय टूट जाएगा। किसान मधुवन यादव, रविन्द्र यादव, संजय कुमार ,राजनारायण पटेल ,भगत यादव ने धान की नुकसानी पर चिंता व्यक्त की।

चक्का, करोमा, बेरवा, अनौरा ,हरहुआ, औसानपुर,मुर्दहा, औरा, सुलेमापुर,पलहीपट्टी, उदयपुर,गुरवट ,कोहासी,कोइराजपुर, वाजिदपुर, मोहनपुर समेत लगभग गाँवो में धान की फसल नुकसान हुआ है।

प्राविधिक सहायक कृषि कृष्ण कुमार मौर्य ने किसानों को सलाह दी है कि जिन्होंने अपनी फसल का बीमा कराया है, वे नुकसान के आकलन के लिए 14447 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## दुकान का शटर तोड़ते पांच चोर सीसीटीवी में कैद

**- पड़ोसी की नींद खुलने के बाद भागे चोर**
**- लाखों की चोरी की घटना होते-होते बची**

**समाज जागरण अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**



सारनाथ थाना क्षेत्र के सरायमोहना चौकी अंतर्गत कोटवा चौराहे के समीप स्थित रवि सेठ की ईशान ज्वेलर्स नामक दुकान का शटर बुधवार देर रात्रि लगभग आधा दर्जन की संख्या में चोरों ने बल्ली और राड के मदद से चाड़ दिया, तभी दुकान के सामने सो रहे किसी व्यक्ति की नींद खुलने पर कर टूटा शटर छोड़कर मौके से भाग निकले। आसपास के लोगों ने रवि सेठ को फोन कर घटना की सूचना बताई। मौके पर पहुंचे दुकान के मालिक रवि सेठ ने 112 नंबर पर तथा सरायमोहना चौकी पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस व्यापारी को सुबह आने की बात कह कर वापस लौट गई। घटना दुकान के बाहर लगी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। वहीं दूसरी तरफ गुरुवार प्रातः घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों सरार्फा व्यवसायी मौके पर पहुंचे तथा पुलिस से वार्ता करते हुए जाड़े की दिनों में होने वाली सराफा व्यवसाय प्रतिष्ठानों पर चोरी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर पहुंचे उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के जिला अध्यक्ष बबलू सेठ पदाधिकारी श्री बबलू सेठ, पंचकोशी स्वर्णकार संघ अध्यक्ष पंचम सेठ, संतोष सेठ, संजय सेठ,आशीष सेठ , लालू सेठ , राजेंद्र पटेल, विजय सेठ,मनोज सेठ, राकेश सेठ(रवि), ने थाना प्रभारी सारनाथ से वार्ता करते हुये चोरी का प्रयास करने वाले अपराधियों की धर पकड़ की मांग की जिस पर पुलिस ने एक सप्ताह का समय मांगा। वहीं व्यापारियों का कहना था कि यदि पड़ोस का व्यक्ति समय से जगा नहीं होता तो लाखों की चोरी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# बिहार/झारखंड

## लोकतंत्र में मतदान का महत्त्व समझें – निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व मतदान दिवस पर उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान केवल नागरिक का अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता का सर्वोच्च दायित्व भी है। इसी के माध्यम से हम अपनी सरकार का गठन करते हैं और देश की नीतियों एवं दिशा को निर्धारित करते हैं।

जिला प्रशासन ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को किसी भी प्रकार के लोभ, लालच, भय या दबाव से मुक्त होकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए। प्रशासन का संकल्प है कि किशनगंज जिला में संपूर्ण मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न हो।

यदि किसी मतदाता को मतदान में बाधा उत्पन्न होती है, भय दिखाया जाता है या मतदान से रोकने का प्रयास किया जाता है, तो वह तत्काल इसकी सूचना जिला नियंत्रण कक्ष, किशनगंज के दूरभाष संख्या 06456-225152 पर दे सकता है। प्राप्त प्रत्येक सूचना पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया गया है, जो 2407 कार्यरत है। इस नंबर पर कॉल कर कोई भी मतदाता–

**मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है,**

यदि मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो वैकल्पिक पहचान पत्रों से मतदान की प्रक्रिया जान सकता है, अपने इछड की जानकारी प्राप्त कर सकता है,

PWD एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए होम वोटिंग सुविधा (प्रपत्र 12-D) से संबंधित जानकारी हासिल कर सकता है,

एवं e-EPIC डाउनलोड से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकता है।

इसके अतिरिक्त, मतदान दिवस पर यदि किसी मतदान केन्द्र पर EVM-VVPAT में तकनीकी खराबी, राजनीतिक दलों द्वारा किसी प्रकार का व्यवधान, या पेयजल, रैंप, शौचालय जैसी न्यूनतम सुविधाओं के अभाव की स्थिति उत्पन्न होती है, तो मतदाता कम्युनिकेशन प्लान के अंतर्गत संबंधित पदाधिकारी को तत्काल सूचना दे सकते हैं ताकि शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे जागरूक, जिम्मेदार एवं निर्भय मतदाता बनें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

## छात्र की संदिग्ध मौत ने फैलीं सनसनी, परिजनों ने हॉस्टल संचालक और उसके साथी द्वारा शारीरिक शोषण और उत्पीड़न का लगाया आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिला अंतर्गत पोठियाः पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के छत्तरगाच्छ पुरब बस्ती में एक छात्र की संदिग्ध मौत ने सनसनी फैला दी है। परिजन और ग्रामीण इस मौत को आत्महत्या नहीं मान रहे हैं। उनका आरोप है कि कोचिंग सह हॉस्टल संचालक और उसके साथी द्वारा लंबे समय से किए जा रहे शारीरिक शोषण और उत्पीड़न के कारण छात्र ने यह कदम उठाया हैं। परिजनों ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

जानकारी के अनुसार छत्तरगाच्छ पुरबबस्ती निवासी देवनंदन राय उर्फ सुरजीत कुमार राय, उम्र 16 वर्ष, जो इंटर का छात्र था। पढ़ाई के लिए वह छत्तरगाच्छ मियां बस्ती निवासी आदिल रब्बानी द्वारा संचालित कोचिंग में जाता था और वहीं हॉस्टल में रहता था। परिजनों का कहना है कि आदिल रब्बानी उसके साथ कई बार गलत संबंध बनाता था, जिसमे जीशान नाम का युवक भी शामिल था।

रात को नदी किनारे ले जाकर बालू उठवाता था तथा गलत काम करने के लिए दबाव बनाते थे। विरोध करने पर उसे धमकाया जाता था। इससे छात्र गहरे तनाव में आ गया था।

परिजनों के मुताबिक पीड़ित ने प्रताड़ना से बचने के लिए वह कोचिंग छोड़ दी और पौआखाली स्थित एक अन्य शिक्षक इंतखाब के यहां रहने लगा, लेकिन दोनों आरोपी वहां भी पहुंचकर उसे परेशान करते रहे।

मंगलवार की रात सुरजीत अपने घर आया था, घर में बिजली गुल होने पर वह पीछे के कमरे में चला गया,इसी दौरान परिवार के लोगों ने चीख सुनकर दरवाजा तोड़ा तो देखा कि वह छत के कुंडे से लटका हुआ था,उसे आनन फानन में रेफरल अस्पताल छत्तरगाच्छ ले जाया गया डॉक्टर नहीं रहने के कारण उसे किशनगंज सदर अस्पताल ले जाया गया जहा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**मृतक के सुसाइट नोट से खुली राज**

परिजनों ने छात्र की कॉपियां खंगालनी शुरू कीं. इसी दौरान दो सुसाइड नोट मिले, एक में पिता से माफी मांगी गई है, दूसरे में कोचिंग छोड़ने और मानसिक उत्पीड़न का जिक्र है, नोट में साफ लिखा है कि आदिल की वजह से वह पढ़ाई नहीं कर पा रहा था और तनाव में था।

ग्रामीणों ने भी इस घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। सूरज राय ने कहा कि यह शिक्षा के नाम पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

इस बीच मृतक की मां रोते हुए बार बार यही कह रही हैं कि मेरे बेटे को जबरन गलत रास्ते पर ले जाया गया, अब मुझे केवल न्याय चाहिए।

मृतक के परिजनों ने सरकारी चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक की मौसी सीमा ने बताया कि 2 से 3 घंटा हो गया लेकिन अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं थे।घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे नीचे उतारा और आनन फानन मे छत्तरगाछ रेफरल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर और एम्बुलेंस नहीं होने से परिजनों मे आक्रोश दिखा। छात्र की स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने प्राइवेट गाड़ी के द्वारा लड़के को किशनगंज सदर अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद उसे एमजीएम लेकर गए लेकिन डॉक्टर ने कहा कि आप लोग लेट कर गए हैं आप 10 मिनट पहले लेकर आते तो हम लोग बचा पाते।

एसडीपीओ मंगलेश कुमार ने बताया कि उक्त मामले में कांड दर्ज कर ली गई हैं। परिजनों के बयान और मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। पुलिस ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि बच्चों की सुरक्षा और कोचिंग संस्थानों की निगरानी को लेकर प्रशासन जल्द सख्त कदम उठाए।

## पटना जिले के पालीगंज में लोआई नदी से हुआ एक अधेड़ की शव बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ गुरुवार की सुबह पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत इमामगंज



थाना के मुंगीला गांव के पास लोआई नदी से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार पटना जीके के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत इमामगंज थाना क्षेत्र के मुंगीला गांव निवासी भिक्षण चौधरी के 45 वर्षीय पुत्र अमरूदी चौधरी बुधवार की शाम घर से निकला था। जब वह देर शाम तक घर नही लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया लेकिन कोई पता नही चल पाया। जब सुबह ग्रामीण गांव के पास लोआई नदी की ओर गया तो अमरुदी चौधरी का शव नदी में तैरता देखा। जिसकी सूचना फैलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची इमामगंज थाने की पुलिस शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार अमरूदी कि मौत नदी के जल में डूबने से हुई है। जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण 30.10.2025**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उप निर्वाचन 2025 के परिप्रेक्ष्य में मतदाता जागरूकता अभियान (SVEEP) के तहत जादूगोड़ा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला श्री सुनील चंद्र ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा ।प्रभात फेरी में परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय, जादूगोड़ा के एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान कैडेट्स ने मतदाताओं से मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की और 'मतदान करें, लोकतंत्र को मजबूत करें' जैसे नारों के माध्यम से पूरे क्षेत्र में जनजागरूकता का संदेश फैलाया।



अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'हर एक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है। मतदान न केवल हमारा अधिकार है बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का अवसर भी है। सभी मतदाता 11 नवंबर 2025 को मतदान अवश्य करें।' उन्होंने कहा कि घाटशिला अनुमंडल में SVEEP के तहत लगातार विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन, युवागण और स्थानीय निकाय सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता शपथ भी ली कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि SVEEP कार्यक्रम नागरिकों को लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम है, और प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हो।

# सीमावर्ती नदियों में रेत का काला कारोबार चरम पर।

**प्रशासन मूकदर्शक, नदियों का अस्तित्व और भूजल स्तर खतरे में-**

**समाज जागरण**
**जतेंद्र शर्मा बिजुरी।**

पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के थानगांव, कोठी, उमरदा और छतई ग्राम के आसपास बहने वाली नदियाँ इन दिनों अवैध रेत उत्खनन के एक खतरनाक मकड़जाल में बुरी तरह जकड़ी हुई हैं। नदियों की सुनहरी रेत का अंधाधुंध दोहन अब महज चोरी नहीं, बल्कि एक संगठित काला कारोबार बन चुका है, जिसे रेत माफिया दिन-दहाड़े और रात के अंधेरे में खुलेआम अंजाम दे रहे हैं। प्रशासन की चौंकाने वाली उदासीनता के कारण, नदियों की कोख उजाड़ रहे ये माफिया तंत्र के समक्ष चुनौती बने हुए हैं। नदियों की कोख उजाड़ रहे माफिया, रोजाना सैंकड़ों ट्रालियां रेत चोरी- जानकारी अनुसार रेत



माफिया इस अवैध कारोबार को इतनी निर्भीकता से अंजाम दे रहे हैं कि नदी तल को रौंदते ट्रैक्टर और डंपर दिन-रात धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। यह चोरी अब स्थानीय उपभोग तक सीमित नहीं है। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रोजाना सैकड़ों ट्रालियां रेत निकालकर न केवल आसपास के क्षेत्रों में, बल्कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ तक भेजी जा रही हैं। यह अवैध उत्खनन नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को विकृत कर रहा है, जिससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुँच रही है और नदी तटों का क्षरण बढ़ रहा है।

खनिज और पुलिस विभाग की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल-
इस गैरकानूनी और पर्यावरण-विरोधी कारोबार पर खनिज विभाग और स्थानीय बिजुरी पुलिस दोनों का अंकुश न लगा पाना सबसे चिंताजनक पहलू है। दोनों विभागों की उदासीनता और निष्क्रियता ने रेत माफियाओं के हौसले बुलंद कर दिए हैं। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यह सब कुछ विभागीय मिलीभगत या फिर पुलिस की मूकदर्शक नीति के कारण ही संभव हो पा रहा है। जनता के बीच यह चर्चा आम है कि यदि विभागीय अधिकारी और पुलिस जरा भी सक्रिय होते, तो इतना बड़ा संगठित अवैध कारोबार इस क्षेत्र में पनप ही नहीं सकता था। सूचना देने पर भी पुलिस की खामोशी, या पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति- स्थानीय निवासियों एवं पत्रकारों ने दर्द बयाँ करते हुए बताया कि जब कभी अवैध रेत उत्खनन की सूचना बिजुरी पुलिस को दी जाती है, तो पुलिस या तो खामोश रहती है, या फिर मामले से पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति दिखाती है या फिर फोन उठाना भी मुनासिब नही समझती। इस रवैये से यह स्पष्ट होता है कि या तो पुलिस पर रेत माफियाओं का दबाव है, या फिर इस कुशल कारोबार को रोकने की कोई ठोस मंशा ही नहीं है। अंधेरे में ट्रैक्टरों और डंपरों को नदियों में उतरते देख हर कोई भयभीत हैं, लेकिन उनकी शिकायतें अनसुनी की जा रही हैं।
भविष्य का विकराल संकट, नदियों का अस्तित्व और भूजल स्तर खतरे में- यदि इस रेत की लूट को शीघ्र नहीं रोका गया, तो इसके भविष्य में बेहद भयावह और दूरगामी परिणाम देखने को मिल सकते हैं,

कारण नदियों की अत्यधिक गहराई बढ़ने और प्रवाह मार्ग बदलने से उनका अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। वहीं अत्यधिक रेत दोहन से प्राकृतिक जल फिल्टर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे भूजल स्तर में भारी गिरावट निश्चित है और क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने की प्रबल संभावना है। लिहाजा ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने तत्काल मांग की है कि प्रशासन एक संयुक्त कार्रवाई अभियान चलाए, जिसमें राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग शामिल हों, ताकि नदियों की इस संगठित लूट को रोका जा सके और बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हो सके। अन्यथा, प्रशासन की यह निष्क्रियता आने वाली पीढ़ियों को इस पर्यावरणीय अपराध की भारी कीमत चुकाने को मजबूर कर देगी।

# लौह पुरुष जयंती पर आज धूमधाम से निकाली जायेगी रैली

**सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल द्वारा सभा का आयोजन**

**समाज जागरण**

शहडोल : लौह पुरुष जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहडोल जिला मुख्यालय में धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सरदार पटेल स्मारक संस्थान शहडोल के संरक्षक शिवकुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की भारत रत्न लौह पुरुष किसानों के मसीहा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामय तरीके से शहडोल में किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती विद्यावति पटेल पूर्व विधायक गुढ़ जिला रीवा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अनुजा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत उमरिया द्वारा किया जाना है वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ जीडी सिंह डॉ वी पी पटेल डॉ एम पी सिंह डॉ विपिन पटेल श्रीमति पल्विका पटेल , शिवकुमार पटेल पूर्व जनपद सदस्य अनूपपुर , विश्वेश पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, पी के लग, अनुराग पटेल,रामभजन पटेल एवं आर एस पटेल सम्मिलित होंगे जानकारी देते हुए श्री पटेल द्वारा बताया गया कि वाहन रैली छोटेलाल पटेल छात्रावास शहडोल से रवाना होकर बाणगंगा मेला मैदान चौराहा होते हुए जय स्तंभ अंबेडकर चौराहा गांधी चौराहा बुढार चौराहा नया बस स्टैंड से होते हुए कोतमा तिराहा जहां पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा स्थापित है प्रतिमा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के उपरांत रैली कार्यक्रम स्थल छोटेलाल पटेल छात्रावास पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी इस विशाल आयोजन में सर्वधर्म समाज से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील श्री पटेल द्वारा की गई है। वही आयोजक कमेटी में विशेष रूप से आर के पटेल अध्यक्ष, एमपी पटेल सचिव ,डॉ सिद्धार्थ सिंह निशांत पटेल, दीपक सिंह प्रदीप पटेल एवं अजय पटेल द्वारा आयोजन व्यवस्था की जाएगी।

# जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की लड़ाई –पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह उईके के नेतृत्व में परौर में उभरा विरोध

**महिलाओं ने भी संभाला मोर्चा, कहान जमीन देंगे न पानी हमारा गांव नहीं बिकेगा किसी कीमत पर**

**समाज जागरण**

जमुनाकोतमा जिला मुख्यालय अनूपपुर के ग्राम पंचायत परौर में आज अनूपपुर थर्मल एनर्जी म०प्र० प्राइवेट लिमिटेड (जिसे ग्रामीण अडाणी समूह का प्रोजेक्ट बता रहे हैं) द्वारा बिछाई जा रही भूमिगत वाटर पाइपलाइन के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा ग्रामीणों ने काम रुकवाते हुए कंपनी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह उईके की अगुवाई में ग्रामीणों ने इसे मध्य प्रदेश पेसा नियम 2022 (PESA Rules 2022) का सीधा उल्लंघन बताया है

**क्या है 'पेसा' कानून का पेंच?**

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे पूर्व सरपंच उमाकांत सिंह



उईके ने आरोप लगाया कि परौर का यह पूरा प्रकरण पेसा नियमों के सीधे उल्लंघन का एक स्पष्ट मामला है उन्होंने कहा कि ये नियम अनुसूचित क्षेत्रों में "जल, जंगल और जमीन" पर अंतिम अधिकार ग्राम सभा को देते हैं नियमों के अनुसार, किसी भी निजी या सरकारी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण करने, सर्वे करने या गाँव के प्राकृतिक संसाधनों (जैसे नदी या तालाब) का उपयोग करने से पहले ग्राम सभा की "अनिवार्य सहमति" लेना आवश्यक है ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने बिना कोई सहमति या सूचना दिए, सर्वे के लिए पत्थर गाड़कर काम शुरू करने का प्रयास किया SDM ने माना- "बिना बताए हुआ सर्वे", पर कहा- "ग्रामीण भ्रमित हैं हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंचे SDM कमलेश पुरी ने रिपोर्टर को बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि यह सर्वे "बिना ग्राम सभा में बताए" किया गया था उन्होंने कहा, "इस संबंध में हमने चर्चा की है और फिलहाल काम रोक दिया गया है पहले इस पर एक बार फिर ग्राम सभा की बैठक की जाएगी, उसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई होगी हालांकि, SDM पुरी ने ग्रामीणों के विरोध को भ्रम की स्थिति बताया उन्होंने कहा, "ग्रामीण अभी कुछ भ्रमित हैं, उन्हें बताने की आवश्यकता है क्योंकि यह प्रोजेक्ट है, वो तो बनेगा ही उन्होंने ग्रामीणों की जल स्तर घटने की आशंका को भी खारिज करते हुए कहा, नहीं नहीं, ऐसी कोई स्थिति नहीं बनती है हमें आमदनी नहीं, उलटा घटेगा पानी"–उप-सरपंच प्रशासन के भ्रमित वाले बयान के ठीक उलट, ग्राम पंचायत परौर के उप-सरपंच लखनलाल केवट ने ग्रामीणों के पक्ष को पूरी मजबूती से रखा उन्होंने रुद्ध के दावों को सिरे से खारिज कर दिया श्री केवट ने कहा, "हमारा आखिरी निर्णय है कि हम पानी नहीं देंगे हमें इस प्रोजेक्ट से कोई आमदनी नहीं दिख रही है, उल्टा हमें बताया जा रहा है कि इससे हमारा 'पानी का स्रोत घटते क्रम' में चला जाएगा
उन्होंने अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा, "हम इसके लिए 4-5 बार मीटिंग कर चुके हैं लेकिन न कंपनी, न कलेक्टर, न SDM हमारी सुन रहे थे आज विरोध के बाद SDM ने काम रुकवाया है "गांव बचाएंगे, मुआवजा नहीं चाहिए महिलाओं ने संभाला मोर्चा
विरोध प्रदर्शन में गांव की महिलाओं ने भी कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है ग्रामीण महिला श्रीमती संतोषी बाई ने कहा, "हम कंपनी को पानी नहीं देंगे, हम अपने गांव को बचाएंगे न हमें मुआवजा चाहिए, न कोई लालच हम अपनी जमीन ही नहीं देंगे
एक अन्य महिला श्रीमती फूल कुमारी ने भी दो टूक कहा, "यहाँ से न पानी जाएगा, न जमीन देंगे, और न यहाँ कंपनी बैठेगी किसी कीमत पर नहीं फिलहाल, SDM कमलेश पुरी के आश्वासन के बाद काम रुका हुआ है लेकिन ग्रामीणों के उग्र तेवर और 'पेसा कानून' के उल्लंघन के आरोपों ने इस पूरे प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों के अलावा कमलेश पुरी के साथ तहसीलदार नायक तहसीलदार पटवारी व पुलिस व अडानी कंपनी के कई लोग मौजूद रहे

# अनुशासन, दक्षता और समर्पण का परिचय – IG गौरव राजपूत ने सीधी पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया

**परेड, बलवा नियंत्रण ड्रिल और सैनिक सम्मेलन के जरिए पुलिस की तैयारी का मूल्यांकन मेडिकल नशे के खिलाफ निर्णायक अभियान का आह्वान**




**समाज जागरण**
**विजय तिवारी सीधी।**

रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव राजपूत ने आज सीधी पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया। दो दिवसीय निरीक्षण के पहले दिन उन्होंने पुलिस परेड, बलवा नियंत्रण ड्रिल, शाखा निरीक्षण और सैनिक सम्मेलन के माध्यम से जिले की पुलिस व्यवस्था, अनुशासन और दक्षता का गहन मूल्यांकन किया।
निरीक्षण के दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत कड़वे तथा रक्षित निरीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमरे मौजूद रहे। परेड में दिखा अनुशासन और उत्कृष्ट टर्नआउट वार्षिक निरीक्षण परेड का आयोजन पुलिस ग्राउंड, सीधी में किया गया।
परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमरे ने किया। आईजी श्री गौरव राजपूत ने परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों के ड्रिल और शस्त्र अभ्यास का निरीक्षण करते हुए सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। बलवा नियंत्रण ड्रिल में झलकी सीधी पुलिस की तत्परता निरीक्षण के दौरान आयोजित बलवा नियंत्रण परेड में सीधी पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता और संयम का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। परिवीक्षाधीन डीएसपी श्री सुजीत कड़वे ने कमांडर के रूप में दायित्व निभाया। अश्रु गैस पार्टी, कैन पार्टी, राइफल पार्टी और इंतजामी पार्टी ने मिलकर बलवा की स्थिति में नियंत्रण की रणनीति का सजीव प्रदर्शन किया। आईजी ने सुरक्षा उपकरणों – बॉडी गार्ड, कैन, शील्ड और हेलमेट की मजबूती का परीक्षण किया और कहा कि संकट की स्थिति में प्रशिक्षित और संयमित बल ही जनता का विश्वास अर्जित करता है।
सैनिक सम्मेलन में समस्याओं की सुनवाई निरीक्षण के उपरांत आयोजित सैनिक सम्मेलन में पुलिस महानिरीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित निराकरण का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी और कर्मचारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे। क्रोध को नियंत्रित कर उसे सकारात्मक ऊर्जा में बदलें। मीठा बोलने वाला सदैव सम्मानित होता है, जबकि कटु वाणी व्यक्ति के गुणों को भी धूमिल कर देती है। मेडिकल नशे के विरुद्ध निर्णायक जंग का संकल्प आईजी श्री गौरव राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेडिकल नशे को जिले के साथ-साथ पूरे संभाग से समाप्त करना हमारी प्राथमिकता है। यह केवल कानून का नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को बचाने का अभियान है। जब पुलिस और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तो कोई भी बुराई अधिक समय तक नहीं टिक पाती।
निरीक्षण में शामिल अधिकारी इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कोरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक श्री सुजीत कड़वे, रक्षित निरीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमरे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ एवं जिला पुलिस बल उपस्थित रहा। आने वाले छह माह में मेडिकल नशे पर निर्णायक प्रहार करेंगे– IG गौरव राजपूत पुलिस महानिरीक्षक ने सीधी पुलिस को मेडिकल नशे के खिलाफ सशक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक दायित्व का विषय है, और इसमें हर पुलिसकर्मी की सक्रिय भूमिका अपेक्षित है।

# अनूपपुर जं.स्टेशन परिसर के बाहर यात्रियों के लिए नहीं है कोई सुलभ काम्प्लेक्स खुले में गंदगी से लोग परेशान

**समाज जागरण**

अनूपपुर (ब्यूरो)अमृत भारत एवं गतिमान योजना के तहत अनूपपुर जंक्शन स्टेशन के नवीनीकरण का कार्य नौ दिन चले अढ़ाई कोश की तरह चल रहा है।बड़ी-बड़ी दिवाले खड़ी कर दी गई है।प्लेटफॉर्म ऊंचे कर दिए गए, पैदल पुल की व्यवस्था 4 वर्षों बाद भी आधी अधूरी है। यात्रियों को लंबे पुल से लंबा सफर करना पड़ता है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों को,बच्चों,महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन परिसर का इलाका बढ़ा दिया गया लेकिन सामान्य यात्रियों के लिए किसी तरह का सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण नहीं कराया गया।जिससे यात्रियों के साथ ही महिला यात्रियों को काफी



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट ने कई बार रेलवे महाप्रबंधक एवं रेलवे प्रबंधक को पत्र लिखकर मांग की कि अनूपपुर स्टेशन परिसर के बाहर सुलभ काम्प्लेक्स(पे एंड यूज) का निर्माण कर दिया जाए।लेकिन उनके कान में जू तक नहीं रेंगी। जिससे यात्री काफी परेशान है। अनूपपुर स्टेशन के बाहर परिसर का क्षेत्रफल बढ़ा दिया गया है।कुछ दिन रेलवे सुरक्षा बल स्टेशन परिसर के अंदर पेशाब करने वालों पर काफी कड़ाई की एवं जुमार्ना भी वसूला।लेकिन धीरे-धीरे वह कड़ाई भी बंद हो गई। पूरे परिसर क्षेत्र में लोगों का निकलना भी दुर्भर हो गया। लोग अपने नाक को बंद कर उस क्षेत्र से निकलते हैं।
स्टेशन परिसर के बाहर शौचालय की व्यवस्था न होना एक गंभीर समस्या है,जिससे यात्रियों और आस-पास के लोगों को परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना करना पड़ता है। सुलभ काम्प्लेक्स नहीं होने से कई बार लोग बच्चों को खुले में शौच करा देते हैं और पेशाब करने वालों की बात ही ना करें उन्हें जहां मिला वहां कर के चल दिए। लेकिन उस स्थल से निकालने वालों को नाक बंद कर निकालना पड़ता है इसे देखने वाला कोई नहीं है। रेलवे स्टेशन परिसर में बाहर की दिशा में सुलभ काम्प्लेक्स नहीं होने से लोग मजबूर हैं शौच एवं पेशाब करने के लिए।जिससे परिसर और आस-पास का इलाका बेहद गंदा हो जाता है। खुले में गंदगी और शौच से हैजा,डायरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है,जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा जोखिम है। गंदगी के कारण पूरे इलाके में बदबू फैलती है,जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानी होती है।यह वायु और जल प्रदूषण को भी बढ़ावा देता है।खुले में शौच से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और गरिमा पर खतरा होता है।गंदगी और बदबू के कारण स्टेशन की छवि खराब होती है,खासकर अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर जहाँ हर दिन हजारों यात्री आते-जाते हैं। स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म पर आम नागरिकों के लिए पूर्व में व्यवस्था थी लेकिन वहां भी निर्माण होने के कारण वह भी बंद पड़ा हुआ है।रेलवे को यात्रियों से अच्छा मुनाफा मिलता है लेकिन उसके बावजूद भी रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर के बाहर अभी तक सुलभ काम्प्लेक्स की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# खेरमाई मंदिर अनूपपुर में ताला तोडकर चोरी करने वाले आरोपी की जमानत निरस्त

**समाज जागरण अनूपपुर**

लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आरोपी शनि द्विवेदी पिता सुरेश द्विवेदी उम्र 24 वर्ष निवासी पटौराटोला अनूपपुर जिला अनूपपुर ने खेरमाई मंदिर में लोहे के हथियार से मंदिर के गेट में लगे ताला को तोडकर मंदिर में रखे दान पेटी का ताला तोडकर पैसा चोरी कर रहा था जिसे साक्षियों ने देखा और पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया गया । आरोपी के पास दान पेटी के चोरी किये हुये 1500/-रू0 जप्त हुये। उक्त अपराध के संबंध में थाना कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट अपराध क्रमांक 480/2025 भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया । मामले में आरोपियो की ओर से माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री कृष्णा डागलिया के न्यायालय में जमानत पर छोड़े जाने हेतु याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए और शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक श्री पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों और बहस तथा मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए चोरी के आरोपी शनि द्विवेदी आरोपी के विरूद्व अन्य मामलें भी पंजीवद्व होने, से जमानत याचिका को निरस्त कर दिया गया। आरोपी वर्तमान में जिला जेल अनूपपुर में 05.10.2025 से निरुद्ध है ।

# मूल पद में भेजा वापस

**समाज जागरण**

राजेंद्रग्राम। नर्मदा जायसवाल जोकि वर्तमान समय में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पुष्पराजगढ़ में संबंध थे, एवं इसके साथ-साथ आईएफएम इस पोर्टल पर कोषालय संबंधी कार्य कर रहे थे खिलाफ दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को आजाद अध्यापक संघ के द्वारा अनविभागी अधिकारी पुष्पराजगढ़ को कलेक्टर अनूपपुर के नाम से ज्ञापन सोपा गया है जिसमें शिक्षक नर्मदा जायसवाल एवं उनकी पदस्थापना स्थल कार्यालय पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं एवं सोशल मीडिया तथा अखबारों में प्रकाशित समाचारों में भी शिक्षकों ने जायसवाल के द्वारा पैसे लेने की शिकायत की है शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराजगढ़ ने नर्मदा जायसवाल को समय अपने विद्यालय में अध्यापन कार्य कराने संबंधी आदेश जारी किए हैं।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत करकेली में कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण**

उमरिया ।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियन के तहत शासकीय कन्या हाई स्कूल करकेली में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ ।इस अवसर पर बालिकाओ को हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 181 की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह नही करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक पुष्पा हरिजन, ब्लाक समन्वयक सचिन मिश्रा, वन स्टॉप सेंटर से अनीत चौरसिया सहित स्कूल के शिक्षक , शिक्षिकाए एवं बालिकाएं उपस्थित रहे।

# घुनघुटी में बरसात के पानी से बचने के लिए पन्नी लगाकर 52 पत्तों का खेल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहडोल मुख्यालय से महज 10-15 किमी दूर पाली थाना क्षेत्र के घुनघुटी के जंगल में पिछले कई दिनों से लाखों रुपये का जुआ फड़ संचालन हो रहा है।मुखबिर के मुताबिक, इस अवैध अड्डे पर अपराध जगत के बेताज बादशाह और मुख्यालय के नामचीन व्यापारी हर रात पहुंचते हैं। हर रात 8 बजे से शुरू होता ये 52 पत्तों का खेल अल सुबह तक खेला जाता हैं जिसमें लाखों के दांव लगता है। #स्थानीय लोग कहा पुलिस की पेट्रोलिंग कभी नहीं होती, तो क्या ये सेटिंग का खेल है....

# जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान शुरू,

**बीएलओ 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक घर घर जाकर गणना फार्म करायेगे उपलब्ध**

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के तहत निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में कैम्प कार्यालयके सभागार में जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की एवं पत्रकार बन्धुओं से वार्ता की। इस दौरान बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण को संचालित करने का निर्णय लिया है। इस पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और नाम, पता, आयु व अन्य प्रविष्टियों में त्रुटियों का संशोधन करना है। उन्होने बताया कि प्रदेश में इसके पूर्व विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था, जिसे पुनः भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार किया जा रहा है। मतदाता सूची को शुद्ध व समावेशी बनाने के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एस आईआर) का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का एक प्रमुख उद्देश्य राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है ताकि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शी और व्यापक रूप से संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2025 तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण कार्य किए जाएंगे। 04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का उपलब्ध करायेगें। 09 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन कराया जायेगा। 09 दिसंबर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि रहेगी। 09 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि निर्धारित है। 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए 2003 को मतदाता सूची में दर्ज नामों को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रत्येक मतदाता के घर पर पहुंचकर गणना फार्म उपलब्ध कराएगा। इस गणना फार्म को मतदाता को भरकर जल्द से जल्द साक्ष्यों के साथ वापस देना होगा। इनके सत्यापन के बाद अनंतिम मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जो लोग फार्म जमा नहीं करेंगे उनके नाम मतदाता सूची में नहीं रहेंगे। उन्होने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और अभियान में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और प्रतिनिधि मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन के लिए जागरूक करें। उन्होने कहा कि बीएलए (बूथ लेवल एजेन्ट) द्वारा 50 फार्म भराये जा सकते है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने की अपील भी उनसे की। 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा के नाम भी मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। उन्होने बताया कि एक मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होगें। एक ही परिवार के सभी सदस्यों को एक ही मतदेय स्थल पर रखने हेतु विशेष ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि नये निर्वाचकों के लिये फार्म-6, विलोपन के लिये फार्म-7 व सुधार/ स्थानान्तरण के लिये फार्म-8 भरा जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान फार्म भरने या अन्य कोई समस्या आ रही है तो अपर जिलाधिकारी (वि0/ रा0), उपजिलाधिकारी तनवीर अहमद एवं निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति, उप जिलाधिकारी तनवीर अहमद तथा विभिन्न राजनीतिक दलों में भाजपा के रामजी मिश्र, कांग्रेस पार्टी के सुरेश कुमार मिश्र, अपना दल के परमानन्द मिश्र व ज्ञानेन्द्र वर्मा, सपा के अब्दुल कादिर, माकपा के जय प्रकाश सिंह, बीएसपी के सादिक अली सहित दिनेश उपाध्याय, गजराज सिंह आदि प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खंड शिक्षाधिकारी बिहार की लापरवाही से शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़/ कुंडा प्रदेश सरकार ने प्राथमिक शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास कर रही है लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त सरकारी अधिक ारियों ,प्रधानों के जबाब और बिचौलियों के अनर्गल अड़े के कारण वह अपने मंसूबों को पूर्ण करने में प्रायःःनिष्फल ही प्रतीत होती रही है।सभी बच्चों पहनने के लिए ड्रेस, निःशुल्क भोजन ,बैठने के लिए छोटी-छोटी कुर्सियों की व्यवस्था कर रखी है लेकिन बिगड़ी हुई प्राथमिक पाठशाला की व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास कर रही है। विद्यालय की सुंदरता के लिए प्रत्येक विद्यालय को रंगाई पुताई के लिए पर्याप्त धन देती है किंतु स्थानीय स्तर पर किसी तरह से लीपा पोती करके बिल वाउचर विभाग को सौंप दिए जाते है। कर प है कि खंड शिक्षा अधिकारी को किसी भी विद्यालय में जाकर के भौतिक सत्यापन करने का ना तो समय है
और न ही किसी विद्यालय में आवश्यक निरीक्षण कर पठन-पाठन की क्रियओं पर ध्यान देने का समय हैं सरकार चाहे जितना प्रयास करें किंतु स्थानीय अधिकारी व जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन नहीं करेंगे

तो व्यवस्था ठीक करने में समय नहीं बल्कि युगों तक लग जाएंगे।

# अवैध वसूली के आरोपी अधिवक्ता अखिलेश दुबे की जमानत हाई कोर्ट से खारिज

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर लोगों से लाखों करोड़ों वसूलने की आरोपी अधिवक्ता अखिलेश दुबे की हाई कोर्ट से जमानतखारिज कर दी गई है। कोर्ट ने माना है कि में मोटी रकम हड़पने के इरादे से निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने का केंद्र बिंदु अखिलेश दुबे ही है। हाई कोर्ट की न्यायाधीश संतोषराय द्वारा की गई टिप्पणी के मुताबिक सभी तथ्यों को जोड़ा जाए तो अखिलेश ही मुख्य आरोपी दिखता है। हाई कोर्ट ने यह माना कि जमानत मिलने पर अखिलेश अधिवक्ता पेशे का दुरुपयोग कर साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने के साथ ही गवाहों को भी धमका सकता है। इस बारे में बताते चलें कि भाजपा नेता रवि सतीजा ने बर्रा थाने में दुबे के खिलाफ रंगदारी वसूलने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने छह अगस्त को अखिलेश को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जानकारी के मुताबिक सेशन कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अखिलेश ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान अखिलेश के अधिवक्ता ने झूठा फंसाए जाने का तर्क रखा। वहीं अभियोजन की ओर से तर्क रखा गया कि रंगदारी के संबंध में सुशील त्रिवेदी ने भी गवाही दी है। इसी के साथ अखिलेश दुबे के खिलाफतीन दर्जन से अधिक शिकायतें जांच की प्रक्रिया से गुजर रही है जिन पर भी मुकदमे दर्ज कराए जाने की संभावना बताई गई है।

# कन्नौज: कटिघरा और सद्दुपुर बांगर में 35 वर्ष बाद चकबंदी कार्य पूर्ण

### धारा 52 के प्रकाशन को भेजा गया प्रस्ताव

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौजः बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया है कि जनपद के ग्राम कठिगरा एवं सद्दुपुर बांगर में चकबन्दी कार्यवाही पूर्ण कर महत्वपूर्ण प्रगति प्राप्त की गई है। ग्राम कठिगरा, परगना-सौरिख, तहसील-छिबरामऊ, जिला-कन्नौज में चकबन्दी क्रियाएँ प्रारम्भ किये जाने हेतु धारा-4(2) के अन्तर्गत अधिसूचना दिनांक 10.07.1980 को प्रकाशित की गई थी। कब्जा परिवर्तन वर्ष 1985 में सम्पन्न हुआ। वर्ष 1990 के अग्निकाण्ड में ग्राम के अभिलेख जल जाने से कार्यवाही बाधित रही। जिलाधिकारी द्वारा जले हुए ग्रामों की नियमित समीक्षा बैठक कर चकबन्दी प्राधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। डीएम के प्रयासों से पूर्व की धारा-6(1) एवं धारा-4(2) की कार्यवाही को 01.04.2024 को निरस्त कर पुनः कब्जे के आधार पर अंतिम अभिलेख (आकार पत्र-41 एवं 45) तैयार कर लिए गए हैं। दिनांक 29.10.2025 को ग्राम कठिगरा के जिल्द बन्दोबस्त तैयार कर धारा-52 के प्रकाशन हेतु प्रस्ताव चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित किया जा चुका है। इससे ग्रामवासियों को लगभग 35 वर्ष पश्चात शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त होना प्रारम्भ हो जाएगा।

इसी क्रम में ग्राम सद्दुपुर बांगर, परगना, तहसील व जिला-कन्नौज में चकबन्दी क्रियाएँ प्रारम्भ किये जाने हेतु धारा-4(2) के अन्तर्गत अधिसूचना दिनांक 28.06.2016 को प्रकाशित की गई थी। कब्जा परिवर्तन दिनांक 29.06.2022 को सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की नियमित समीक्षा बैठकें करते हुए चकबन्दी प्राधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण होने से ग्रामीणों के छोटे-छोटे टुकड़ों में फैले खेत अब समेकित चकों के रूप में व्यवस्थित कर दिए गए हैं, जिससे कृषकों को कृषि कार्य में सुगमता एवं सुविधा प्राप्त हो रही है। दिनांक 29.10.2025 को ग्राम के जिल्द बन्दोबस्त तैयार कर धारा-52 के प्रकाशन हेतु प्रस्ताव चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को प्रेषित किया गया है। अब ग्रामवासियों को अपने खेतों तक पहुँचने हेतु चकमार्ग एवं नाली आदि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो चुकी है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में चकबन्दी कार्यों में पारदर्शिता, तीव्रता एवं ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता दी जा रही है।

जनपद के शेष प्रक्रियाधीन ग्रामों में भी इसी प्रकार की प्रगति सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# कन्नौज: पटेल जयंती की पूर्व संध्या पर रन फार यूनिटी तैयारी की मंत्री ने की समीक्षा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती को भव्यता से मनाये जाने के संबधं में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। इस दौरान मंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर राष्ट्र के प्रति उनके दिये हुए योगदानों को याद किया जाएगा तथा उनके रास्ते पर चलने के लिए राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी जाएगी। कहा कि कल 31 अक्टूबर को पूरा राष्ट्र सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती मनाएगा। कन्नौज में पी0एस0एम0 डिग्री कालेज से बोर्डिग ग्राउंड तक यूनिटी मार्च निकाला जाएगा। इस यात्रा में जनपद के लोग शामिल होगें। विशेष रूप से एनसीसी की टोलिया, एनएसएस की टोलियां, लगभग 10-15 विद्यालयों के बच्चें आदि शामिल होगे। कन्नौज के सभी नागारिकों से अपील की गई है कि वे भी इस यूनिटी मार्च में शामिल होकर अपना योगदान दे।

मंत्री कहा कि कार्यक्रम की अच्छी रूप रेखा तैयार कर कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। कार्यक्रम को भव्यता देने का कार्य किया जाये। जहां पर कार्यक्रम का आयोजन हो वहां पर कानून व्यवस्था, अनुशासन, स्वच्छता आदि देखने को मिलना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ज्वांइट मजिस्ट्रेट /उप जिला धिकारी सुश्री वैशाली सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कन्नौज: गांधी की मूर्ति के स्थान पर पूर्व सहकारिता मंत्री की मूर्ति लगाने पर सपा ने दिया ज्ञापन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। छिबरामऊ में पूर्व सहकारिता मंत्री की मूर्ति लगाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। महात्मा गांधी की मूर्ति हटाकर यह मूर्ति स्थापित की गई है। गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां के नेतृत्व में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, कल्यान सिंह दोहरे, जय कुमार तिवारी, हसीब हसन, विवेक पाल, यशवीर भदौरिया सहित कई नेता और कार्यकर्ता दोपहर में कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने बताया कि जिस स्थान पर भाजपा विधायक ने अपने पिता की मूर्ति लगवाई है, वहां पहले महात्मा गांधी की मूर्ति लगी थी। इसे हटाकर एक पार्क में रखवा दिया गया है। उन्होंने इस कृत्य को गलत बताते हुए कहा कि किसी महापुरुष की मूर्ति हटाकर किसी अन्य की मूर्ति लगाना सरासर अनुचित है। यादव ने सुझाव दिया कि मूर्ति के लिए कोई नया स्थान तलाशना चाहिए था। उन्होंने गौतम बुद्ध, महाराणा प्रताप या रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसे महापुरुषों की मूर्तियां लगाने की बात कही, जिनसे लोगों को प्रेरणा मिलती।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें पूर्व मंत्री की मूर्ति से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किसी महापुरुष की मूर्ति हटाकर इसे स्थापित करने पर आपत्ति है। सपा नेताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम अविनाश गौतम को सौंपा। उन्होंने मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# कन्नौज: सगे भाइयों पर चली गोली, एक अस्पताल में भर्ती, आरोपी फरार

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। एक गांव में गुरुवार तड़के दो सगे भाइयों पर फायरिंग हुई। इसमें एक भाई के हाथ और पेट में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां डॉक्टर सावेद ने उसकी हालत स्थिर बताई है। पीड़ित के भाई ने एक युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

यह घटना सदर कोतवाली के जलालपुर चौकी क्षेत्र के सिमरापुर गांव की है। गांव निवासी मलिखान सिंह के बेटे अमित और अर्पित सुबह अपने काम से गांव के बाहर जा रहे थे। जब वे चंद्रपाल सिंह के घर के सामने पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद चंद्रपाल के बेटे योगेंद्र सिंह ने उन पर रिवॉल्वर से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान अर्पित के पेट को छूती हुई एक गोली निकल गई, जबकि दूसरी गोली उसके हाथ में लगी। सुबह-सुबह हुई इस घटना से गांव में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही जलालपुर पनवारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, आरोपी योगेंद्र सिंह तब तक फरार हो चुका था। पुलिस ने घायल अर्पित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल अर्पित के भाई अमित ने योगेंद्र सिंह के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में अमित ने आरोप लगाया है कि योगेंद्र अपने भाई की लाइसेंसी रिवॉल्वर अपने पास रखता है और उसी से उसने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। बताया गया है कि दोनों परिवारों के बीच एक दीवार को लेकर पुराना विवाद चल रहा है, जिसके कारण उनमें अक्सर झगड़ा होता रहता था। इसी रंजिश के चलते यह फायरिंग की गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# कन्नौज: पुलिस ने चलाया नए आपराधिक कानूनों के लिए जागरूकता अभियान

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में नये आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना पुलिस द्वारा अपने- अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले स्कूलों/विद्यालयों, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर 03 नये आपराधिक कानूनों ( भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सम्बन्ध में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमें संबंधित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी द्वारा छात्र, छात्राओं व शिक्षकों को नये कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया। जनपद कन्नौज में नये आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधि नियम 2023 के प्रति आमजनमानस को जागरूक करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों में विभिन्न स्कूल/विद्यालयों, रेलवे स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थानों पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों एवं आमजन के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इन कार्यक्रमों में संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा प्रतिभागियों को नये आपराधिक कानूनों की विशेषताओं एवं उनके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रमों में यह बताया गया कि नये कानूनों में आमजन की सुविधा एवं न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुलभ, पारदर्शी व त्वरित बनाने के उद्देश्य से अनेक नवाचार किये गये हैं। इनमें जीरो एफआईआर एवं ई-एफआईआर की प्रक्रिया को सशक्त बनाना, समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करना, महिला एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित नये प्रावधानों को लागू करना, तकनीकी एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के अनिवार्य उपयोग को बढ़ावा देना तथा पीड़ित-केंद्रित न्याय प्रणाली को प्राथमिकता देना प्रमुख है। इन सुधारों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक मानवीय, विश्वसनीय और आधुनिक बनाना है। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर पुलिस अधिकारियों ने सरल व प्रभावशाली तरीके से दिया। शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में कानून के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि जिले के सभी थानों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विद्यालयों, महा विद्यालयों, पंचायतों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे समाज का प्रत्येक नागरिक नये आपराधिक कानूनों से परिचित होकर एक जागरूक एवं कानून-पालक

# संदिग्ध अवस्था में विवाहित ने लगायी फांसी

### मृतका की मां ने ससुराली जनो पर लगाया हत्या का आरोप

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पखरौली में संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय विवाहिता ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका की मां ने ससुराली जनो पर दहेज में पांच लाख रुपए मिलने का कारण हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। जानकारी के अनुसार पखरौली गांव निवासी कमल सिंह की पत्नी मीना देवी ने बुधवार की दोपहर घर के अन्दर फांसी लगाकर अत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। वहीं पोस्ट मार्टम हाउस में आई मृतका की मां सुनीता देवी ने सुसराली जनो पर आरोप लगाते हुये बताया कि शादी के तीन साल होने वाले इस बीच ससुराली जनो ने पांच लाख रुपए धन्धा करने के लिए मांगे लेकिन मायका पक्ष इस लायक नहीं था कि उनकी मांग पूरी करते। मां ने बताया कि दो बार ससुराली जनो की मार से वह मायके आ गयी थी। तीसरी बार ससुराली जनो ने दहेज की खातिर उसकी बेटी की हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

# गला रेत कर किया आत्म हत्या का प्रयास

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर, थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम वादिकीपुर मजरे सेमरैया में गुरूवार की सुबह 40 वर्षीय युवक ने ब्लेड से गला रेतकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार वादिकीपुर सेमरैया गांव निवासी मेवा लाल राजपूत का पुत्र गोरे लाल ने गुरूवार की सुबह लगभग 8 बजे ब्लेड से गला काट कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज करा रहा भाई राजकरन ने बताया कि उसके भाई का कई महीनों से मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। जिसके कारण उसने आज घटना को अंजाम दिया है।

# ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर, तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की कुचलकर मौत हो गई और ट्रेलर चालक ने दतौली चौकी के समीप ट्रेलर को छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने जाम लगाकर पुलिस को शव उठाने से मना कर दिया।

डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मान मनौव्वल और कार्यवाही के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला तब जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ललौली थाना क्षेत्र के उमरपुर भोदर गांव निवासी रामचंद्र प्रजापति के पुत्र राजू प्रजापति (33) बुधवार को दोपहर मुत्तौर कस्बे स्थित बाजार में सब्जी और गृहस्थी का सामान खरीदने गया था। वहां से वह बाइक लेकर तीन बजे गांव के लिए लौट रहा था। तभी मूसेपुर मोड़ के समीप बांदा टांडा हाइवे में फतेहपुर से बांदा की ओर जा रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने बाइक सवार राजू प्रजापति को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे उसकी बाइक दूर खंती में जा गिरी और वह ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया और कुचलकर उसकी मौके पर मौत हो गयी। बाइक सवार का शव करीब बीस मीटर तक घसीटता चला गया।

**मृतक मजदूरी करता था**

बहुआ। बाइक सवार की मौत से पत्नी रानी देवी उर्फ नीतू देवी और बहन अंजू देवी का रो-रोकर हाल बेहाल है। मृतक के तीन बच्चे शिवा (11), श्रृष्टि (08) और सत्यम (06) हैं जो पिता की मौत से बेहाल हैं। वहीं घटना के बाद चालक ट्रेलर को दतौली चौकी के समीप बीच सड़क में छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने मना करते हुए ट्रेलर चालक को मौके पर बुलाने, डीएम, एसडीएम की बुलाने, मुआवजे, और कार्यवाही की मांग हाइवे में जाम लगा दिया। ग्रामीणों और परिजनों ने साढ़े तीन बजे से शाम पांच बजे तक करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगाए रहे। हाइवे में जाम दोनों ओर करीब 10 किमी लंबा लगा रहा। इसके बाद गांव और आसपास के कई लोगों के समझाने और दतौली चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह, एसआइ एरिस पटेल समेत पुलिस कर्मियों के समझाने और कार्यवाही के आश्वासन पर डेढ़ घंटे बाद जाम खुलवाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ट्रेलर पकड़ गया है। चालक का पता लगाकर कार्यवाही की जाएगी।

# सांड के हमले से वृद्ध घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर, राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम रमवां में गुरूवार की सुबह खेत जा रहे 84 वर्षीय वृद्ध को अन्ना साड ने हमला कर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रमवां गांव निवासी स्व0 भगोली का पुत्र शिवकरन गुप्ता सुबह पहर जंगल जा रहा था। तभी वहां घूम रहे अन्ना साड़ ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वृद्ध घायल हो गया। आस पास के लोगो ने लाठी डन्डो से मार कर साड़ को वहां से भगाया और घायलावस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# कपिलवस्तु थाने में आठ आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज

### नाबालिग की वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते थे आरोपी।

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। जनपद के कपिलवस्तु थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है, जो कि मानवता को शर्मसार करते हुए दिलों को झकझोर देने के लिए काफी है,प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ दरिन्दों ने एक नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया,दरिंदों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया, पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आठों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है,घटना की पूरी जानकारी पीड़िता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी दरिन्दे युवकों ने पहले उसकी अश्लील वीडियो बनाई और उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए,आरोपियों ने अश्लीलता की वीडियो गांव के कुछ लोगों को भी दिखा दिया, जिससे पीड़िता मानसिक तौर से टूट चुकी,कई महीनों तक पीड़िता इस शोषण का सामना करती रही, आरोपियों का नाम- जुनैद, हलीम,मुमताज,रयान,शादाब हफीज, वैदु और सिराजुद्दीन है,पुलिस सूत्रों के अनुसार मुकामी पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध संगीन धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच यानि विवेचना शुरू कर दिया है,सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो महिला सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिया है,आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया,जिससे पीड़िता को और मुश्किलें झेलनी पड़ीं, गांव में इस घटना के बाद सुरक्षा और महिला सुरक्षा के सवाल उठाए जा रहे हैं,फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है,और पुलिस मामले में तत्पर दिख रही है,सूत्रों के अनुसार जिस तरह से कानून और खाकी का बिना परवाह किये ही आठ शातिर दरिंदों ने एक नाबालिग लड़की को कई महीनों तक अपने हवस का शिकार बनाया, ऐसे में उन शातिर दरिंदों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाना कपिलवस्तु पुलिस के सामने एक चुनौती बनी हुई है।

# बहुचर्चित बना जिले का दो थाना- कपिलवस्तु और मोहाना!

### मोहाना थाने के निलंबित 4 सिपाही और कपिलवस्तु थाने में आरोपित 8 दुष्कर्मी फरार, तलाश में पुलिस टीम।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जिले के मोहाना थाने में तैनात रहे चार पुलिसकर्मी जिनका नाम- राजन सिंह,मनोज यादव, अभिषेक गुप्ता,व मंजीत सिहं है,ये लोग बीते 22 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के रहने वाले बेगुनाह युवक रजनीश पटेल की वर्दी की रौब में जमकर पिटाई कर दिए, लेकिन जब मामला पुलिस उच्चाधिकारियों यानी आईजी गोरखपुर मोथा अशोक जैन,व डीआईजी बस्ती रेंज संजीव त्यागी, तक पहुंचा तो जिले के पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया,और डीआईजी के आदेश पर पुलिस कप्तान ने थाना प्रभारी मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय सहित चारों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया,और रजनीश पटेल के परिजनों की तहरीर पर इन लोगों के विरुद्ध हत्या का प्रयास व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया। बताते चलें कि मुकदमा पंजीकृत होते ही आरोपी पुलिसकर्मी फरार हो गए ऐसा लगता है कि सीधे पाताल लोक के लिए रवाना हो गए, इतना ही नहीं चारों आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाशी के लिए सात पुलिस टीमें लगायी गई हैं,और फरार पुलिस कर्मियों पर 25 - 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है, लेकिन अभी तक फरार पुलिसकर्मियों का कोई सुराग नहीं लग पा रहा है, ऐसा लगता है कि तलाश करने वाली पुलिस टीम पर फरार पुलिसकर्मी भारी पड़ रहें हैं। बताते चलें कि यह मामला अभी ठंडा ही नहीं हुआ कि जिले के कपिलवस्तु थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला प्रकाश में आ गया, जो कि मानवता को शर्मसार करते हुए दिलों को झकझोर देने वाला है, देखिए क्या है मामला- थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ दरिन्दों ने एक नाबालिग लड़की का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया,दरिंदों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आठों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है,पीड़िता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी दरिन्दे युवकों ने पहले उसकी अश्लील वीडियो बनाई और उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए,आरोपियों ने अश्लीलता की वीडियो गांव के कुछ लोगों को भी दिखा दिया, जिससे पीड़िता मानसिक तौर से टूट चुकी,कई महीनों तक पीड़िता इस शोषण का सामना करती रही, आरोपियों का नाम- जुनैद, हलीम ,मुमताज, रयान, शादाब हफीज, वैदु और सिराजुद्दीन है, इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन जिस तरह से कानून की परवाह किये बगैर आठ शातिर दरिंदों ने एक नाबालिग लड़की को कई महीनों तक अपने हवस का शिकार बनाया, ऐसे में उन शातिर दरिंदों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाना कपिलवस्तु पुलिस के लिए एक चुनौती है। सूत्रों के अनुसार मोहाना थाने के निलंबित फरार चल रहे चार पुलिसकर्मी व कपिलवस्तु थाने में आरोपित दुष्कर्म के आठ आरोपियों की वजह से ये दोनों थाने इन दिनों सुर्खियों में बनें हैं।

# ई-रिक्शा पलटा किशोर घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर, गाजीपुर थाना क्षेत्र बरौहा के समीप ई-रिक्शा पलट जाने से 16 वर्षीय किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाने के चकसकरन गांव निवासी श्याम किशोर मिश्रा का पुत्र कृष्ण चन्द्र मिश्रा सुबह ई-रिक्शे में बैठ कर किसी काम से जा रहा था। तभी बरौहा के समीप अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# कन्नौज : पूर्व मंत्री की मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद, सपा ने कहा गांधी का अपमान स्वीकार नही

**बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। छिबरामऊ में भाजपा विधायक के पिता और पूर्व मंत्री स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी की मूर्ति स्थापना को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता दीपू चौहान ने कार्यकताओं के साथ प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तिराहे पर यह मूर्ति लगाई गई है, वहां दो साल पहले तक महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित थी, और यह राष्ट्रपिता का अपमान है। सपा नेता दीपू चौहान की अगुवाई में बुधवार शाम पार्टी कार्यकर्ता छिबरामऊ के पश्चिमी बाईपास पर पहुंचे। उन्होंने हाथों में तख्तियां लेकर सांकेतिक धरना दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और कार्यकताओं पर धरना समाप्त करने का दबाव बनाया।

दीपू चौहान ने बताया कि पश्चिमी बाईपास पर दो साल पहले तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा मौजूद थी। नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान प्रतिमा को नगर पालिका के एक पार्क में स्थानांतरित कर दिया गया था। हाईवे निर्माण पूरा होने के बाद भी गांधी जी की प्रतिमा को दोबारा स्थापित नहीं किया गया। इसके बजाय, उसी स्थान पर भाजपा विधायक अर्चना पांडेय ने अपने पिता राम प्रकाश त्रिपाठी की प्रतिमा स्थापित करवा दी, जिसे उन्होंने गलत बताया। चौहान ने यह भी कहा कि जिस पार्क में गांधी प्रतिमा को रखा गया है, वह गंदगी से भरा है और वहां साफ-सफाई या उचित व्यवस्था का अभाव है। उन्होंने मांग की कि गांधी प्रतिमा को उसके मूल स्थान पर ही पुनः स्थापित किया जाना चाहिए था, भले ही उसके पास में पूर्व मंत्री की प्रतिमा लगाई जाती। दीपू चौहान ने सुझाव दिया कि छिबरामऊ में एक नया पार्क बनाकर उसमें भाजपा विधायक के पिता की मूर्ति स्थापित की जा सकती थी, जिससे शहर को एक नया सार्वजनिक स्थान भी मिल जाता

# कन्नौज: एलपीजी वितरकों ने सेवा दर बढ़ाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की इकाई के बैनर तले जिले के सभी एलपीजी वितरक देर शाम सड़कों पर उतर आए। उन्होंने तिर्वा क्रॉसिंग से शहीद स्थल सदर तहसील तक मोमबत्ती जुलूस निकाला। वितरकों ने सरकार से होम डिलीवरी शुल्क और सेवा दरों में बढ़ोतरी पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। इस जुलूस में बड़ी संख्या में वितरक और उनके सहयोगी शामिल थे। सभी ने अनुशासन और संयम बनाए रखते हुए अपनी मांगों को सामने रखा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार बढ़ती परिचालन लागत और सरकार की अनदेखी के कारण अब आंदोलन ही उनके पास एकमात्र विकल्प बचा है। एसो सिएशन के सदस्यों ने कहाकि घर-घर गैस सिलेंडर की डिलीवरी का चार्ज बहुत ही मामूली है, जिससे उनके सामने परिवार के पालन-पोषण की समस्या हर वक्त रहती है। आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है। एलपीजी डिस्ट्री ब्यूटर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि उनका यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आगे की रणनीति उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर ही तय की जाएगी हालांकि, एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो इस आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाया जाएगा।

# आम आदमी पार्टी यूथ विंग के जिलाध्यक्ष बने शुभम मिश्रा

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आम आदमी पार्टी युथ विंग प्रदेश महासचिव अंकित परिहार की अनुशंसा पर सोनभद्र जिले के यूथ विंग जिलाध्यक्ष की घोषणा किया गया एवं शुभम मिश्रा के संघर्ष से प्रभावित होकर युथ साथी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश चौरसिया, प्रदेश सचिव राकेश भारतीय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एड० संतोष त्यागी द्वारा मनोनीत किया गया कप्रदेश अध्यक्ष (युथ विंग) पंकज अवाना के नेतृत्व में नवीन कार्यकारिणी ने नई जिम्मेदारियों पर खरा उतरने की सहमति जताई है। शुभम मिश्रा जिलाध्यक्ष बनने से पहले पार्टी में जिला उपाध्यक्ष पद पर एवं विधानसभा सचिव भी रहे चुके हैं



इनके कार्यकाल में पार्टी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सोनभद्र में अहम भूमिका निभाया हैं। इन्होंने अभी भी पार्टी की जो भी गतिविधियां होती हैं चाहे वह राष्ट्रीय स्तर की हों या प्रदेश स्तर की या फिर जिला स्तर पर शुभम मिश्रा उसको काफी अच्छे से संभालते हैं। स्थानीय विस्थापितों का मुद्दा हो या भ्रष्टाचार का, युवा बेरोजगारी का मसला और सामाजिक न्याय दो अन्य जनहित का कोई मुददा, ये हमेशा मुखर रहे हैं। इन्हीं सबको लेकर पार्टी के आलाकमान ने इन पर अपना भरोसा जताया है।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुद्धी में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक और सराहनीय पहल करते हुए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुद्धी में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर तीन माह तक संचालित किया जाएगा, जिसमें बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुण सिखाए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या कुसुम सिंह एवं डॉ. प्रीति शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण का संचालन एन.आई.एस. कोच रवि सिंह द्वारा किया जा रहा है, जो दक्षिण कोरिया से ताईक्वांडो ब्लैक



बेल्ट (4 डॉन), अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट एवं उत्तर प्रदेश राज्य पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी हैं। उद्घाटन अवसर पर कोच रवि सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा विभिन्न सरकारी एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। आत्मरक्षा के लिए ताईक्वांडो एन आई एस कोच रवि सिंह द्वारा शिविरों में बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए गऐ इन शिविरों में प्रशिक्षणार्थियों को आत्मरक्षा के साथ-साथ बाल अधिकार, बाल सुरक्षा, गुड टच-बैड टच, किशोरा वस्था में कौशल विकास, साइबर क्राइम के बारे में भी जानकारी दी गई मार्शल आर्ट, पंचेस ब्लॉकिंग, हैंड मूवमेंट, किक गले का छुड़ाना, हाथ का छुड़ाना, बाल का छुड़ाना, कन्धे का छुड़ाना आदि सुरक्षा के दॉव-पेंच बताये गये कि हमे सड़क पर अगर कोई छेड़ता है तो उनको कैसे जवाब देना है और अपनी सुरक्षा कैसे करनी है आदि के उपयोगी गुर सिखाए गए कोच रवि सिंह ने बताया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा नहीं, बल्कि मानसिक आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। जब कोई लड़की आत्मरक्षा जानती है, तो उसमें खुद के प्रति एक नई शक्ति और विश्वास जागता है। प्रभारी प्रधानाचार्या कुसुम सिंह ने कहा कि मार्शल आर्ट हर बालिका के लिए जरूरी है, क्योंकि यह हमें किसी भी विपरीत परिस्थिति में आत्मनिर्भर बनाता है। सभी छात्राओं को इस प्रशिक्षण को गंभीरता से सीखना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति शर्मा के साथ-साथ वर्षा, अर्चना, वर्षा, मनीष कुमार, राधा, आरती, रूमन राय, अंजली राय, पुष्पा देवी, समायरा खान, गीता, महिमा यादव, आदि की विशेष उपस्थिति रही। बालिकाओं में आत्मरक्षा सीखने को लेकर उत्साह एवं जोश देखा गया।

# हिंडालको में वेतन समझौते से पहले बढ़ा विवाद, टूर पैकेज प्रकरण ने बढ़ाई हलचल, बड़ा सवाल कब तक होता रहेगा श्रमिकों का शोषण

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

रेणुकूट/ सोनभद्र। रेणुकूट नगर के प्रतिष्ठितऔद्योगिक प्रतिष्ठान हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड में आगामी महीनों में होने वाले त्रिवर्षीय वेतन समझौते से पहले ही विवाद गहराने लगा है। कंपनी प्रबंधन और श्रमिक यूनियन के बीच होने वाले इस समझौते के तहत कर्मचारियों की सैलरी वृद्धि तय होती है, लेकिन इस बार समझौते से पहले ही टूर पैकेज विवाद ने सबका ध्यान खींच लिया है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी प्रबंधन द्वारा यूनियन पदाधिकारियों को अन्य राज्यों के भ्रमण का टूर पैकेज दिया गया था। इस दौरान यूनियन के कुछ प्रतिनिधि घूमने-फिरने और मौज-मस्ती की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर बैठे, जिसके बाद कर्मचारियों में रोष फैल गया। मामला तब और तूल पकड़ गया जब समाजसेवी विजय प्रताप सिंह ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाते हुए लिखा कि जब कंपनी और यूनियन के बीच वेतन समझौते की बातचीत होनी है, ऐसे समय में टूर पैकेज देना पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है ।सोशल मीडिया पर विरोध बढ़ने के बाद कंपनी प्रबंधन ने सभी टूर कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया। हालांकि कंपनी की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में भी कंपनी बेहद मामूली वेतन वृद्धि करती है, जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि यूनियन के कुछ दलाल प्रतिनिधि प्रबंधन के साथ मिलकर समझौते में अपनी सुविधा देखते हैं और वास्तविक लाभ श्रमिकों तक नहीं पहुंचता। एक श्रमिक ने कहा- हर बार समझौता होता है, लेकिन फायदा यूनियन नेताओं को मिलता है। हम लोगों की आवाज कोई नहीं सुनता। इस प्रकरण पर सामाजिक संगठनों और कई स्थानीय नागरिकों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यूनियन प्रतिनिधियों को टूर पैकेज क्यों और किस उद्देश्य से दिया गया था। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आगामी वेतन समझौते में क्या वाकई श्रमिकों की वास्तविक मांगें पूरी होंगी या फिर यह समझौता भी पिछले वर्षों की तरह विवादों के साए में रह जाएगा। वही कंपनी के अधिकारियों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया वो छुट्टी पर है इसीलिए उनको इस विषय पर कोई जानकारी नहीं।

# अग्निमंथन से निकली ज्वाला , हवन कुंड में 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी गई आहुति.

**नंदीग्राम, भरतकुंड, अयोध्या स्थित भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में किया गया है आयोजन**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। नंदीग्राम भरतकुंड अयोध्या में वृहस्पतिवार को तीसरे दिन पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ में रुद्राभिषेक पूजन किया गया। अग्निमंथन से निकली ज्वाला को हवनकुंड में प्रज्वलित करते हुए प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी



बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के यज्ञाध्यक्ष भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज 28 अक्तूबर की देर शाम यज्ञ स्थल पर पहुंचे और कार्यक्रम का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज के तीसरे दिन आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी, राजेश तिवारी, रेवती तिवारी, रामपूजन मिश्र, योगेश त्रिपाठी, कौशल तिवारी व निर्भय द्वारा पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रुद्राभिषेक पूजन कराया गया। यह पूजन गंगाजल, दूध व रुद्राक्ष के दाने से संपन्न कराया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया।

प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। अग्निमंथन कार्यक्रम में महंत परमात्मा दास महाराज, संपूणानंद जी, यजमान संजय अग्रवाल के साथ ही शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, रामखेलावन, राजेश, खुशहाल मिश्रा आदि शामिल रहे।

# ओबरा में 30वें ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ

**ब्यूरो चीफ/विजय कुमार अग्रहरी/समाज जागरण**

सोनभद्र। आज 30वें ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम ओबरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव कुमार गोंड (राज्य मंत्री अनुसूचित जाति जनजाति समाज कल्याण विभाग ,उत्तर प्रदेश), संजीव कुमार त्रिपाठी (प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य) व श्रीमती चांदनी देवी (अध्यक्ष, नगर पंचायत ओबरा) व खंड शिक्षा अधिकारी चोपन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण से किया गया। विकासखंड चोपन के समस्त न्याय पंचायत जुगैल, सेमिया, परसोई, कोटा, चतरवार व सिंदूरिया के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट करते हुए अतिथियों को सलामी दी गई। प्रथम सत्र आरंभ में खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति स्वागत व आभार प्रकट करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं अर्पित की गई। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मुख सुंदर स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। माननीय मंत्री द्वारा उपस्थित समस्त जनों को क्रीडा शपथ दिलाई गई एवं सभी प्रतियोगियों को भविष्य में अपनी प्रतिभाओं का और बेहतर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी गई। दो दिवसीय चलने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ ,400 मीटर दौड़, खो खो, कबड्डी, गोला प्रक्षेप, लंबी कूद, ऊंची कूद इत्यादि प्रतिस्पधाओं के साथ अंताक्षरी गायन, समूह गीत व एकल नृत्य संबंधित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जाना है। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि रूप में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार कुशवाहा, राष्ट्रीय खिलाड़ी रमेश सिंह यादव, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के प्राचार्य प्रमोद कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं, खेल प्रशिक्षक रफ्फ अफ्फ व संकुल शिक्षक उपस्थित रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्र द्वारा विभिन्न समितियों निर्माण कर शिक्षकों व शिक्षिकाओं के द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का सुंदर संयोजन किया गया। समापन सत्र में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राज्य पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ शिक्षक मनीष पटेल आनंद कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल समापन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। शिक्षा क्षेत्र घोरावल के परिषदीय विद्यालय केवली परिसर में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत लहास की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पटेल ने बताया कि दो दिनों तक चले इस आयोजन में विभिन्न खेलों – दौड़, कबड्डी, खो-खो, आदि में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता, जो डायट परिसर में



आयोजित होगी, में भाग लेंगे।

कार्यक्रम का संचालन दीनबंधु त्रिपाठी ने किया। बता दें कि प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बुधवार को विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य और ब्लॉक प्रमुख दीपक पटेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों के बीच आयोजित कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, महामंत्री इंद्रप्रकाश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष कौसर जहां, दीनबंधु त्रिपाठी, दिनेश दुबे, मयंक दुबे, संजय मिश्र, शिवशंकर, राजीव, नंदकुमार, लवकुश, अखिलेश सिंह, सुनील, राजेश पटेल, संतोष शुक्ला और अमित पांडेय सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# जनता दर्शन के दौरान दूर-दराज से आने वाले फरियादियों की जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्या

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन के दौरान दूर-दराज से आने वाले फरियादियों की जन समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के मंशानुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय



दिलाया जाए ताकि उन्हें बार-बार जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय के चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय से अपने कार्यालय पहुंचते हुए आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुने और उनका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हो तो मौके पर जाकर स्थलीय भ्रमण करते हुए दोनों पक्षों की उपस्थिति में उनकी बातों को सुनते हुए समस्या का समाधान पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

# भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मजयंती मनाने को लेकर किया गया बैठक

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी चोपन मंडल शक्ती केंद्र हाइडील कलोनी हनुमान मंदिर के प्रांगण में मंडल अध्यक्ष संजय केशरी की अध्यक्षता में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर मंडल की बैठक की गई जहां मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व



जिलाध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मजयंती के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम होंगे। इस दौरान राकेश पांडे, उमेश सिंह पटेल, विशाल गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,
तेजवंत पांडे, राजन जायसवाल, मीनू चौबे, धर्मशिला देवी, रश्मि खरवार, आरती चौबे, राहुल प्रताप सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल विमलेश मौर्य, विजय बैसवार, राम दुलारे खरवार, अनिल पाठक, मनमोहन यादव, रामकुमार सोनी, विशाल विश्वकर्मा, पुनीत पाठक, प्रदीप सिंह, राम प्रताप साहनी, मिथिलेश केसरी, विनीत तिवारी के साथ ही जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक बुथ अध्यक्ष आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री विकास चौबे ने किया।

# बेमौसम बारिश से धान की फसल तबाह, किसानों की मेहनत पर फिरा पानी।

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

कोन/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खण्ड में इन दिनों वे मौसम बारिश से धान की फसल तबाह हो गई है किसान की मेहनत पर पानी फिरता नजर आने लगा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में मौसम बारिश का सिलसिला जारी है। बीते दिन बुधवार की रात लगभग एक बजे से मूसला धार बारिश होने से खेत खलिहानों में पानी भर गया है। जानकार बताते हैं कि ऐसी वर्षा लगभग पचास साल पहले हुआ करती थी जिसमें नदी नाले में पानी भर जाता था।परंतु आज के समय में बे मौसम बारिश ने किसानों की नींद हराम कर दी है। मेहनत पर पानी फिरता नजर आने लगा है। खेत तालाब बन गए हैं। सावन के महीने जैसा दृश्य दिखने



लगा है। बता दें यह महीना धान के काटने का है। किसान राजेश, राजन, बिहारी प्रसाद यादव, रघुवर, महेंद्र, रामचरित्र आदि ने बताया कि धान तैयार था जिसकी मजदूरों से कटाई चालू हो गई थी परन्तु इंद्रदेव की बे मौसम बारिश से धान सड़ने के कगार पर पहुंच गए हैं। धान नीचे पानी उपर से वह रहा है। इसी में मौसम विभाग की चेतावनी दी है कि इस तरह का मौसम अभी दो तीन दिन तक रहेगा।किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आने लगा है रात दिन मेहनत कर किसी तरह किसान अपनी फसल तैयार किया परंतु बेमौसम बारिश के कारण किसान लाचार हो गया है। भारी वर्षा के बीच हवा का तूफानी रुद्र रूप धान को तहस नहस कर दिया है। लगभग धान जमीन पर गिर गए हैं। जानकारों की मानें तो शेष बचा धान भी धाराशायी हो जाएगा।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर जनपद में आयोजित किए जायेंगें विविध कार्यक्रम- डीएम

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अगवत कराया है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयन्ती के महत्त्वपूर्ण अवसर पर सरदार/150 एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत 31 अक्टूबर, 2025 को जनपद सोनभद्र में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगें। उन्होंने बताया कि पद यात्रा यूनिटी मार्च (यूनिटी मार्च का शुभारम्भ पटेल प्रतिमा/चित्र माल्यार्पण उपरान्त सरदार पर किया जाएगा। समापन के अवसर ह्यआत्मनिर्भर पर भारत शपथ का आयोजन किया जाएगा)। जनपद स्तर पर प्रातः 08.00 बजे मा० सांसद/मा० विधान सभा/विधान परिषद के सदस्यगण के नेतृत्त्व में डायट परिसर, उरमौरा से पद यात्रा बढ़ौली चैक, सदर की तहसील गेट से वापस पुनः बढ़ौली चैक होते हुए



डायट परिसर में समाप्त होगी। पद यात्रा में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता, युवा प्रतिनिधि, स्वयंसेवक, एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं मंगल दल के सदस्यों तथा स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी आदि सम्मिलित होंगें। विकास खण्ड स्तर पर प्रातः 08.00 बजे स्थानीय जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में युवक एवं महिला मंगल दलों के माध्यम से यूनिटी मार्च का आयोजन होगा। कलेक्ट्रेट/विकास भवन परिसर के साथ ही विविध स्थलों पर व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, कलेक्ट्रेट परिसर में ओ0डी0ओ0पी0 व स्वदेशी मेले का आयोजन, ग्राम पंचायत/विकास खण्ड स्तर पर मंगल दल के सदस्यों के माध्यम से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन तथा सरदार पटेल की विरासत पर सेमिनार व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। माई भारत पोर्टल के माध्यम से अधिकाधिक युवाओं का पंजीकरण कराते हुए निबन्ध प्रतियोगिताए/ पॉडकास्ट/प्रश्नोत्तरियों व राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक, राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर-करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की, बैठक में जिलाधिकारी ने माानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित महीने के अनुरूप लक्ष्य वसूली के कार्य में तेजी लाया जाये, जिससे राजस्व वसूली के प्रगति में तेजी लाया जा सकें, इस कार्य में शिथिलता न बरती जायें, लक्ष्य पूरा न करने वालों की जिम्मेदारी तय की



जाये। उन्होंने कहा कि तहसीलों का काम समयबद्ध और बेहतर तरीके से करने के लिए कड़ाई के साथ उप जिलाधिकारी व तहसीलदार राजस्व कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाये, किसी भी हाल में जनता के साथ अन्याय न होने पायें, इसका भी ध्यान दिया जाये। बैठक अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर अधिकारियों के साथ राज्यमंत्री समाज कल्याण ने की बैठक

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मा0 मुख्यमंत्री जी के संभावित आगमन के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान मा0 मंत्री जी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहाकि जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर 15 नवम्बर,2025 को मा0



मुख्यमंत्री जी का जनपद में आगमन प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत सभी अधिकारीगण सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर लें, जिससे कि कार्यक्रम भव्य व दिव्य तरीके से सम्पन्न कराया जा सकें। इस दौरान विधायक सदर भूपेश चौबे ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस पर मा0 मुख्यमंत्री जी के संभावित आगमन के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां करने के साथ-साथ सभी विभाग सरकार की योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायें और जिन भी अधिकारी को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, वह उसका अनुपालन ससमय सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण ससमय अपने विभाग से सम्बन्धित कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रम स्थल पर स्टाल लगाकर योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित को दियें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अशोक मिश्रा, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# नगवा के रामपुर में पशु आरोग्य शिविर, 196 पशुओं का उपचार, बकरी-मुर्गी पालन से रोजगार पर चर्चा

**समाज जागरण/ अभय कुमार पटेल**

सोनभद्र। नगवा ब्लॉक स्थित रामपुर गांव में गुरुवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय निशुल्क पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 196 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया।शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं के रोगों से बचाव और उनके स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



इस अवसर पर पशुओं का टीकाकरण भी किया गया, साथ ही उन्हें कृमिनाशक दवाएं भी पिलाई गईं।कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान अमरावती देवी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राधे मोहन और नोडल अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी नगवा डॉ. जितेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया।उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राधे मोहन और डॉ. जितेंद्र कुमार ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं और पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पशुओं के बंध्याकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अधिकारियों ने किसानों को बकरी पालन और मुर्गी पालन जैसी गतिविधियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि किसान इन व्यवसायों को अपनाकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। पशुपालक अप्रैल माह से संबंधित योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त, चालक फरार – पदमा पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, समाज जागरण**

पदमा (हजारीबाग): अवैध बालू खनन पर नकेल कसते हुए पदमा ओपी पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक ट्रैक्टर को जब्त किया है जो अवैध रूप से बालू लादकर करर से पदमा की ओर आ रहा था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस वाहन को देखकर ट्रैक्टर चालक ने वाहन को गौरैयागड़ा की ओर मोड़ दिया, लेकिन जल्दबाजी में ट्रैक्टर रास्ते में ही फंस गया। मौके की नजाकत भांपते हुए चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पदमा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को निकालकर थाने ले आई। पुलिस ने ट्रैक्टर के चेसिस नंबर के आधार पर मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नबीनगर विधान सभा सीट पर चेतन आनंद की दावेदारी हुई मजबूत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर विधानसभा सीट पर एनडीए के जदयू प्रत्याशी चेतन आनंद को उनके पिता और पूर्व सांसद आनंद मोहन का समर्थन मिल



रहा है। आनंद मोहन ने अपने बेटे को जिताने के लिए एक अनोखा ऑफर दिया है, जिसे 'बाय वन गेट थ्री' कहा जा रहा है। इसके तहत, चेतन आनंद को वोट देने पर नबीनगर की जनता को तीन तरह के फायदे मिलेंगे।

**क्या है 'बाय वन गेट थ्री' ऑफर?**

आनंद मोहन ने कहा है कि चेतन आनंद को जिताने पर नबीनगर की जनता को तीन तरह के फायदे मिलेंगे। पहला, विधायक के रूप में चेतन आनंद नबीनगर की जनता का पटना वाला काम करेंगे। दूसरा, दिल्ली वाला काम चेतन की मां और शिवहर की सांसद लवली आनंद करेंगी। तीसरा, जो काम इन दोनों से नहीं हो पाएगा, उसे खुद आनंद मोहन पूरा करेंगे।नबीनगर सीट पर इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प माना जा रहा है। चेतन आनंद के मैदान में उतरने से जेडीयू ने इस सीट पर अपनी जीत को लेकर दावा किया है।चेतन आनंद का कहना है कि नबीनगर से उनका गहरा लगाव है और वे यहां की मिट्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे हर हाल में कायम रखेंगे ।नबीनगर विधानसभा सीट पर एनडीए के जदयू प्रत्याशी चेतन आनंद को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। वहीं एनडीए के सभी घटक दल चुनाव प्रचार अभियान में डटकर जमे हुए हैं।मतदाताओं में नीतीश और मोदी की डबल इंजन सरकार के कार्यों को लेकर काफी उत्साह है। महिलाओं का कहना है कि वर्तमान सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे उनके खाते में पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है।महिलाओं ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के शासन में उनकी सुरक्षा और स्वतंत्रता में काफी सुधार हुआ है। अब महिलाएं रात में भी घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस करती हैं। इसके अलावा, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं में भी काफी विकास हुआ है।जनसमर्थन के पीछे एक बड़ा कारण चेतन आनंद का परिवार भी है, जिसकी लोकप्रियता और राजनीतिक प्रभाव का फायदा जदयू को मिल सकता है। अब देखना यह है कि चेतन आनंद नबीनगर विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर पाते हैं या नहीं।

# पटना पुलिस ने किया एक अपराधी को गिरफ्तार

## दो देशी कट्टा और सात जिंदा कारतूस बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवा में छापेमारी कर पुलिस ने कुख्यात फुदन नट उर्फ पदनीया नट को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो देशी कट्टा और सात जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, फुलवारी शरीफ के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को नगवा स्थित उसके घर पर छापेमारी की। मौके से फुदन नट उर्फ पदनीया नट, पिता स्वर्गीय लोथा पहलवान को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि आरोपी किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। उसके खिलाफ जानीपुर थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार फुदन नट का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पटना के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गतिविधियों और नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष नवीन कुमार, पु.अ.नि. संजय कुमार सिंह, पु.अ.नि. हर्षवर्धन कुमार, स.अ.नि. हरेराम ओझा, स.अ.नि. शंभु कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# गांजा की बड़ी खेप बरामद एक तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने मनोज कुमार चंद्रवंशी के घर से 1.110 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार चंद्रवंशी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि माली थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनोज कुमार चंद्रवंशी के घर छापेमारी की। इस दौरान उनके घर के अंदर कमरे में रखे बक्से से गांजा, डिजिटल तराजू और नकदी बरामद हुई। बरामद सामग्रियों में शामिल हैं ःगांजा 1.110 किलोग्राम,डिजिटल तराजू 3 पीस,नकद 35,000 रुपये,गांजा पैक करने का पुड़िया 2 बंडल।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान आरोपी मनोज कुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है- मुन्ना सिंह

**सेवा और करुणा के भाव से ओतप्रोत रहे मुन्ना सिंह, बोले गौसेवा केवल परंपरा नहीं, यह जीवन का संस्कार है**

**मिंटू कुमार समाज जागरण**



हजारीबाग - गुरुवार को पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह वर्षों पुरानी कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी, हजारीबाग द्वारा आयोजित गौ पूजन सह गौपाष्टमी उत्सव कार्यक्रम में ससम्मान सहभाग किया। आयोजन स्थल पर पहुंचने पर समिति के सदस्यों ने उन्हें परंपरागत तरीके से गमछा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धा के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर गौपूजन में भाग लिया, जिसे उन्होंने अपने लिए आस्था और गर्व का क्षण बताया।

सोसाइटी की ओर से उन्हें पौधा, सॉल और श्रीमद्भागवत गीता भेंटस्वरूप प्रदान की गई। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि सेवा का अर्थ केवल सहायता नहीं, बल्कि करुणा को अपने जीवन का संस्कार बनाना है। पिंजरापोल सोसाइटी जैसे संस्थान यह सिखाते हैं कि मनुष्य होने का अर्थ तभी पूर्ण होता है जब हम हर प्राणी के जीवन में सम्मान और सुरक्षा का भाव जगाते हैं। उन्होंने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह केवल पूजा का विषय नहीं, बल्कि मानवता की जड़ों से जुड़ा एक संस्कार है। आज जब समाज में संवेदनाएँ क्षीण होती जा रही हैं, तब ऐसे संस्थान हमें करुणा, सह-अस्तित्व और सेवा की राह पर लौटने की प्रेरणा देते हैं। मुन्ना सिंह ने सोसाइटी के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास समाज में सद्भाव, सहयोग और संवेदना के बीज बो रहा है। आपकी यह सेवा परंपरा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने यही मेरी हार्दिक शुभकामना है।

# प्रयास भारत संस्था ने दिया स्वच्छता का संदेश, ग्राम नावाडीह कला में लगाए डस्टबिन

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

पदमा- प्रखंड अंतर्गत कूटीपीसी पंचायत, नावाडीह कला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ह्लस्वच्छ भारत अभियानह्व और ह्लग्रीन इंडिया, क्लीन इंडियाह्व पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रयास भारत संस्था ने एक सराहनीय कदम उठाया है। संस्था के सदस्यों ने ग्राम नावाडीह कला और आसपास के क्षेत्रों में सात स्थानों पर डस्टबिन स्थापित किए।



संस्था के संस्थापक कुलदीप मेहता ने बताया कि इस स्वच्छता अभियान के तहत डस्टबिन शिव मंदिर नावाडीह, नावाडीह राजकीय विद्यालय, दोनय राजकीय विद्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए।

उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। हर नागरिक को इसकी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और संस्था के सदस्यों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों को अपील की कि वे कचरा उचित स्थान पर डालें तथा अपने आस-पास का वातावरण साफ रखें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलदीप मेहता, अमन मेहता, अतीवार्ष मेहता, अनुज मेहता, अजीत मेहता, यशवंत मेहता, वाडू मेहता, अनिरुद्ध राणा, रामवृक्ष मेहता, सुरेश शर्मा, दिलीप राणा, राजू मेहता, इम्तियाज अंसारी सहित प्रयास भारत संस्था के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

संस्था ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के स्वच्छता एवं जनजागरण अभियान नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि हर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

# छतरपुर को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित करना मेरा लक्ष्यः वित्तमंत्री

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुरः छतरपुर के जपला रोड में श्वेता मेमोरियल हॉस्पिटल का उद्घाटन फीता काट कर और दीप प्रज्जवलित कर झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने किया। इस मौके पर निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया । इसके इस मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि छतरपुर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधार करना उनकी प्राथमिकता है, आने वाले समय में छतरपुर के सभी अस्पतालों को चिकित्सा उपकरणों से लैस किया जाएगा, आगे कहा कि वह मानते हैं कि छतरपुर में जिस हिसाब से स्वास्थ्य सुविधाएं होनी चाहिए थी वह अभी तक बहाल नहीं हुई हैं, लेकिन उनकी पूरी कोशिश होगी कि वे राज्य के स्वास्थ्य महकमा के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके छतरपुर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाएं। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया। अस्पताल के संचालक डॉ अभिषेक ने बताया कि उनकी तमन्ना छतरपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है और आज अस्पताल के रूप में उनका सपना साकार हुआ है, उनकी कोशिश होगी कि छतरपुर के लोगों की विभिन्न बीमारियों का इलाज करने का यह अस्पताल एक महत्वपूर्ण केंद्र बने, जहां पर कम पैसों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगा। उन्होंने यह भी बताया कि श्वेता मेमोरियल अस्पताल उन्होंने अपने दिवंगत बहन के स्मृति में खोला है।

सभा को डॉ रामरेश, मोहन जायसवाल सहित कई गणमान्य लोगों ने सम्बोधित किया। अस्पताल के संचालक के द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण सिंह, भोला सिंह, मिथलेश सिंह, जेएमएम नेता चन्दन प्रकाश सिन्हा, डॉ सत्यनारायण गुप्ता, लखन साव उपस्थित थे वहीं इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वशिष्ठ नारायण, डॉक्टर भारद्वाज नारायण चौधरी, डॉ राहुल सिंह, डॉक्टर नित्यानंद कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ नीरज, डॉ अंकित वर्मा, डॉ सिद्धार्थ, श्रीकांत, डॉ मुकेश, डॉ शांतनु, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर, डॉ सुमैल डॉ अजहर, डॉ अपर्णा, डॉ राहुल ने लोगों का इलाज किया। अस्पताल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर लगाए गए हेल्थ कैंप में सैकड़ो लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया जहां उन्हें निशुल्क चिकित्सा परामर्श, खून जांच, के साथ-साथ दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

# पटना के मोकामा में गोली मारकर एक कि हत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव के बीच गुरुवार की शाम मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जनसुराज पार्टी के उम्मीदवार पीयूष प्रियदर्शी के काफिले पर घात लगाए अपराधियो ने हमला कर दिया। इस हमले में उनके चाचा सह इलाके के पुराने बाहुबली दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि कई अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना घोसवरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई बताई जा रही है। जानकारी के



अनुसार, जनसुराज प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी अपने समर्थकों के साथ प्रचार अभियान से लौट रहे थे। उनका काफिला पूर्व विधायक अनंत सिंह के वाहन के पीछे चल रहा था। इसी दौरान कुछ असमाजिक लोगो ने लाठी-डंडों और हथियारों के साथ काफिले पर टूट पड़े। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और गोलियां चलने लगीं। इसी दौरान एक गोली दुलारचंद यादव को लग गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमला सुनियोजित तरीके से किया गया था। स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने गोलियां चलाकर उन्हें भी पीछे हटा दिया। घटना की सूचना मिलते ही घोसवरी और मोकामा थाना पुलिस, साथ ही पटना जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसपी (पूर्वी पटना) ने बताया कि पूरे इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा की घटना अत्यंत गंभीर है। जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। हमने मौके से कई खाली कारतूस बरामद किए हैं और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक, योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश

**उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज ग्रामीण विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।**

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग**



बैठक में प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं के अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में और गति लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों तक समय पर पहुँचे, इसके लिए निरंतर निगरानी एवं फील्ड विजिट आवश्यक है।

उन्होंने मनरेगा योजनाओं के अंतर्गत रोजगार सृजन दिवस बढ़ाने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कुआं एवं सोक पिट निर्माण जैसी परिसंपत्तियों के सृजन पर विशेष बल दिया। उपायुक्त ने बीडीओ को संचालित योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की और सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने ह्यदीदी बाड़ी योजनाह्न को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए अधिकाधिक लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही, आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका निर्माण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने को कहा।

बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड ई-केवाईसी, आवास योजना की किश्तों का समय पर हस्तांतरण, तथा बर्मी कंपोस्ट एवं नाडेप निर्माण जैसे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ऐसे कार्यों को मनरेगा योजनाओं से टेक-अप करते हुए अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

अंत में, उपायुक्त ने सभी प्रखंडों को निर्देश दिया तथा मनरेगा योजना के तहत दिए गए लक्ष्यों का निष्पादन कर आगामी समीक्षा बैठक में कार्य संपादन की प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु आईएएस, डीआरडीए निदेशक मौजूद थे।

# झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने झारखंड के नेताओं को बनाया बिहार चुनाव का स्टार प्रचारक

**संवाददाता परमबीर पात्रो समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूम - आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने झारखंड इकाई से सक्रिय एवं समर्पित नेताओं को स्टार प्रचारक के रूप में चयनित किया है। यह घोषणा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा जी द्वारा की गई।

**झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि —**

ह्लझारखंड के कार्यकताओं ने संगठन को जनझजन तक पहुँचाया है। उनके समर्पण, निष्ठा और जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए इन्हें स्टार प्रचारक के रूप में चुना गया है। अब ये साथी बिहार की धरती पर सामाजिक न्याय, भाईचारे और संविधान की भावना के साथ बदलाव का संदेश लेकर उतरेंगे।




**घोषित स्टार प्रचारकों की सूची —** संजय रविराज, प्रभुनाथ बौद्ध, मधुसूदन कुमार, सिराज खान, मुमताज खान, नागमणि रजक, राम कुमार रवि, अजय सिंह चौरसी, अकबर अंसारी, प्रवीण कुमार, गौरव कुमार, सुनील उरांव, अब्दुर्दा खान, चंदू कुमार, सुहैल अंसारी, समीम अकरम, नाशिक अंसार, फैयाज आलम, राशिद खान।

इस घोषणा के बाद झारखंड इकाई में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है। सभी चयनित नेताओं ने बिहार चुनाव में पार्टी के मिशन को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने अंत में कहा कि इन प्रचारकों की भूमिका पार्टी की विचारधारा को बिहार की जनता तक पहुँचाने में अहम होगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपील की कि वे संविधान, समानता और सामाजिक भाईचारे के संदेश को हर घर तक ले जाएँ।

# कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की स्थिति हुई मजबूत

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस अध्यक्ष और महागठबंधन के प्रत्याशी विधायक राजेश राम की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। शुरूआती दौर में कुछ मतदाताओं का विरोध झेल रहे राजेश राम को अब अपने कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों का लाभ मिलने लगा है। मतदाताओं में यह धारणा बन रही है कि इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन होगा और नई सरकार में राजेश राम को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।राजेश राम को महागठबंधन के सभी घटक दलों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए महागठबंधन द्वारा घोषित लोक लुभावन योजनाओं का भी राजेश राम को लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं में शामिल हैं हर हाथ को काम,माई बहिन की गारंटी योजना,हर घर को सरकारी नौकरी,200 यूनिट फ्री बिजली, जीविका दीदियों को स्थाई नौकरी ,महिला सशक्तिकरण,बस में महिलाओं को फ्री यात्रा और संविदाकर्मियों को नियमित करने का वादा किया गया है।हालांकि, महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर विवाद की खबरें आई लेकिन कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में राजेश राम की स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे राजेश राम कई विकास कार्यों को किया है जिसे देखते हुए लोगों ने राजेश राम के प्रति विश्वास व्यक्त करना शुरू कर दिया है। मतदाताओं का समर्थन और महागठबंधन की एकजुटता राजेश राम की जीत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

# पटना में पिकअप से कुचलकर एक ब्यक्ति हुआ घायल, स्थिति गम्भीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना सिटी के धवलपुरा इलाके में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को बुरी तरह कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से पास के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद पिकअप वाहन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। गुस्साए स्थानीय लोगों ने वाहन को घेर लिया और बाद में उसे मालसलामी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और फरार ड्राइवर की पहचान करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात धवलपुरा मुख्य सड़क पर यह हादसा हुआ। घायल व्यक्ति की पहचान योगेश्वर कुमार (महतो) के रूप में हुई है, जो उसी इलाके का निवासी है। योगेश्वर सड़क किनारे खड़ा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन ने



अचानक उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह कुछ फीट दूर जाकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को उठाया और नजदीकी निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि घायल की हालत गंभीर है और उसके सिर व पैर में गहरी चोटें आई हैं। फिलहाल उसे आईसीयू में रखा गया है। इधर हादसे के तुरंत बाद पिकअप वाहन का चालक वाहन वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक नशे में धुत था और वाहन को बेकाबू गति से चला रहा था। हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर जाम लगाने की भी कोशिश की। हालांकि पुलिस के मौके पर पहुंचने से स्थिति नियंत्रण में आ गई। स्थानीय महिला और घायल की परिजन संगीता कुमारी ने बताया की ड्राइवर शराब के नशे में था। उसने गाड़ी को तेज रफ्तार में चलाया और मेरे पति को कुचल दिया। जैसे ही लोग जमा हुए, वह गाड़ी छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही मालसलामी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सब इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने पिकअप को कब्जे में लेकर थाने को सौंप दिया है। उन्होंने कहा की वाहन को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि यह क्षेत्र ट्रैफिक थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए संबंधित ट्रैफिक थाना को सूचना दे दी गई है और आगे की विधिक कार्रवाई वहीं से की जाएगी।

# पटना पुलिस ने किया गोलीबारी मामले में पांच अपराधियो को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ में 26 अक्टूबर को हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने दो नाबालिग समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मौके से गोली के चार खोखे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि यह फायरिंग आपसी विवाद का नतीजा थी और इसमें आठ लोगों की संलिप्तता पाई गई है। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद 48 घंटे के भीतर पांच को गिरफ्तार कर लिया गया।घटना फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के नहर किनारे की है, जहां 26 अक्टूबर की शाम दो गुटों के बीच किसी पुराने विवाद को लेकर तनाव उत्पन्न हुआ। बात इतनी बढ़ गई कि एक गुट ने फायरिंग शुरू कर दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, इस गोलीबारी में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद फुलवारीशरीफ थाना की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।पुलिस के मुताबिक, रुखसाना खातून नामक एक महिला ने इस मामले में थाना में आवेदन दिया था। उन्होंने आठ लोगों को नामजद करते हुए कहा कि उनके परिवार से पुराने विवाद को लेकर इन लोगों ने उन पर हमला किया और गोलीबारी की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फुलवारीशरीफ थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह और फुलवारीशरीफ के डीएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में कार्रवाई की गई। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पुलिस ने लगातार छापेमारी करते हुए घटना में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अफजल अशरफ, मोहम्मद आरिफ खान और दो नाबालिग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना के बाद सभी आरोपी इलाके से फरार हो गए थे और छिपने के लिए अलग-अलग स्थानों पर चले गए थे। लेकिन पुलिस ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूत्रों की मदद से उनकी लोकेशन का पता लगाया और छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जांच के दौरान घटनास्थल से चार खोखे बरामद किए हैं। हालांकि, अब तक अपराधियों के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को शक है कि अपराधियों ने हथियार किसी सुरक्षित स्थान पर छिपा दिए हैं। अब पुलिस इनकी निशानदेही पर हथियार की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है। सिटी एसपी ने बताया कि फायरिंग की घटना आपसी रंजिश का परिणाम है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन और पारिवारिक विवाद को लेकर लंबे समय से तनाव चल रहा था, जो गोलीबारी का कारण बना। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अब भी तीन आरोपी फरार हैं। सभी की पहचान हो चुकी है और उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। सिटी एसपी ने कहा कि पुलिस बहुत जल्द बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कहा की यह पुलिस की प्राथमिकता में शामिल मामला है। जल्द ही सभी फरार अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

# देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विकसित किए जाएंगे 76 यात्री आवास

एस एन वर्मा/समाज जागरण

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 76 यात्री आवास क्षेत्र (होल्डिंग एरिया) विकसित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री आवास क्षेत्र की सफलता के बाद लिया गया है।देश भर में नियोजित यात्री आवास क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और इनका स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी यात्री आवास क्षेत्र 2026 के त्यौहारी सीजन से पहले ही पूरे हो जाने चाहिए।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को अपने नए विकसित यात्री आवास क्षेत्र की मदद से प्रबंधित किया। इसे चार महीने की के भीतर तैयार किया गया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र (स्थायी होल्डिंग एरिया) को किसी भी समय लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, इसमें प्री-बोर्डिंग सुविधा और यात्री आने में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यात्रियों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए इस




सुविधा को रणनीतिक रूप से तीन क्षेत्रों - टिकटिंग, पोस्ट-टिकटिंग और प्री-टिकटिंग-में बांटा गया है। नई दिल्ली स्टेशन का होल्डिंग एरिया 7,000 से अधिक यात्रियों को समायोजित कर सकता है और यहां पुरुषों और महिलाओं के लिए 150-150 शौचालय, टिकट काउंटर, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें और मुफ्त शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

यात्री आवास विकसित किए जाने वाले 76 स्टेशनों के नाम हैं-मुंबई सीएसएमटी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, नागपुर, नासिक रोड, पुणे, दादर ,हावड़ा, सियालदह, आसनसोल, भागलपुर, जसीडीह,पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा, पं. दीन दयाल उपाध्याय,भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, पुरी,नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, गाजियाबाद, जम्मू तवी,



श्री माता वैष्णो देवी कटरा, लुधियाना, लखनऊ (एनआर), वाराणसी, अयोध्या धाम, हरिद्वार,कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मथुरा, आगरा कैंट।गोरखपुर, बनारस, छपरा, लखनऊ जं. (एनईआर),गुवाहाटी, कटिहार,जयपुर, गांधी नगर जयपुर, अजमेर, जोधपुर, रींगस,एमजीआर चेन्नई सेंट्रल, चेन्नई एग्मोर, कोयंबटूर जंक्शन, एनार्कुलम जंक्शन।,सिकंदराबाद, विजयवाड़ा, तिरूपति, गुंटूर, काचीगुडा, राजमुंदरी,रांची, टाटा, शालीमार,रायपुर,एसएमवीटी बेंगलुरु, यशवंतपुर, मैसूरु, कृष्णराजपुरम,मुंबई सेंट्रल, बांद्रा टर्मिनस, उधना, सूरत, अहमदाबाद, उज्जैन, वडोदरा, सीहोर,भोपाल, जबलपुर तथा कोटा।

# टीएमयू में कल्पद्रुम महामण्डल, विधान का विधि-विधान से शंखनाद

समाज जागरण

मुरादाबादः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रिद्धि-सिद्धि भवन में प्रथम बार हो रहे आध्यात्मिक अनुष्ठान- श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान का विधि-विधान से शुभारम्भ हो गया है। इससे पूर्व जिनालय पर जैन धर्म की स्थापना हुई। यहां से भगवान की पांच प्रतिमाओं को दिव्य घोष और जयकारों के बीच रिद्धि-सिद्धि भवन ले जाया गया, जहां श्रीजी का अभिषेक हुआ। इस दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए थीं, जबकि महिलाओं के संग पुरूषों ने चांदी आदि के हार-मुकुट धारण किए हुए थे। प्रज्ञाश्रवण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद मुनि महाराज जी, मुनि श्री सभ्यानंद जी मुनिराज, कर्मयोगी क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज, क्षुल्लक श्री 105 प्रबुद्धानंद जी महाराज सरीखे जैन संतों के मंगल आशीर्वाद से शांतिधारा दी गई। शिखर जी से आए ऋषभशास्त्री के संग श्री मनीष शास्त्री ने देवशास्त्र गुरू, नंदिश्वर पूजा,



विधान पूजा के संग-संग 24 तीर्थंकरों की पूजा कराई। अष्ट अर्ध्य से पूजा हुईं। अष्ट कुमारियों ने जल शुद्धि और कलश शुद्धि कराई।

ध्वज स्थापना के समय कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, श्री अनिल जैन, श्री अमित जैन, श्रीमती नीरू जैन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामण्डल विधान में महायज्ञ नायक की भूमिका में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, सम्राट भरत चक्रवर्ती- श्री मनीष जैन, सुभद्रा चक्रवती- श्रीमती ऋचा जैन, श्री ऋषि जैन सौधर्म इन्द्र, श्रीमती निधि जैन- शचि इंद्राणी, वीसी प्रो. वीके जैन- महामंडलेश्वर, श्री मनोज जैन- बाहुबली, प्रो. विपिन जैन-कुबेर की भूमिका में नजर आए। कल्पद्रुम महामण्डल विधान में प्रो. रवि जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. अक्षय जैन, श्री विपिन जैन, श्री अंकित जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती नीलिमा जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# कोऑपरेटिव बैंक एम्पलाइज यूनियन के केंद्रीय कार्यालय के साधारण सभा की बैठक होगी दिसंबर में

**13 तथा 14 दिसंबर को वाराणसी मे होगा अधिवेशनः नायब सिंह**

समाज जागरण

वाराणसी।कोआपरेटिव बैंक इम्पलाइज यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केंद्रीय कार्यालय के साधारण सभा की बैठक वाराणसी मे होगी ।

उक्त जानकारी देते हुए यूनियन की वाराणसी यूनिट के जिला मंत्री नायब सिंह ने बताया कि साधारण सभा के लिए दिसंबर मे 13 तथा 14 तारीख निर्धारित की गई है।

नायब सिंह ने बताया कि केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक मे यूनिटों के मंत्री एवं अध्यक्ष सहित समस्त आदरणीय संरक्षकों ने भी भाग लिया, जिसमे आगामी साधारण सभा के वाराणसी मे होने के संबंध मे निर्णय निर्णय लिया गया है।

नायब सिंह ने बताया कि 13 व 14 की बैठक मे कोआपरेटिव बैंक कर्मचारियो के हितो और अधिकारो के संरक्षण के संबंध मे बहुप्रतीक्षित एवं ठोस निर्णय लिया जाएगा।

# सभी सचिव धान क्रय केन्द्रो की तैयारियाँ पूर्ण रखें: देवेंद्र कुमार सिंह

वाराणसी।आगामी पहली नवम्बर से जनपद मे धान खरीद प्रारंभ होगी।सहकारिता विभाग ने इसके लिए युद्ध स्तर पर तैयारी कर ली है।



सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद मे पीसीएफ द्वारा छब्बीस तथा पीसीयू द्वारा दस समितियो मे धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। सहायक आयुक्त ने कहा कि धान खरीद पहली नवम्बर से अट्ठाइस फरवरी तक चलेगी।धान क्रय केन्द्रो पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा, पंखा, बैनर, छन्ना इत्यादि समेत अपेक्षित अभिलेख उपलब्ध है या नहीं , इस हेतु सभी एडीसीओ , एडीओ व अन्य कर्मचारियो को केन्द्रो के निरीक्षण के लिये निर्देशित किया गया है जो पहली नवम्बर को अपराह्न मे अपनी निरीक्षण आख्या कार्यालय मे प्रस्तुत करेंगे।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती पर निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न

वाराणसी। आज गुरुवार को महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में शासन के निदेर्शानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 54 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



महाविद्यालय द्वारा नियुक्त प्राध्यापकों द्वारा इनके निबंध पत्रों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन कर्ता अंगद प्रसाद यादव, डॉ अंजना,प्रियंका मौर्या रहीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सत्यम मिश्रा विधि प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान आकृति पटेल बीए प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान सूर्य प्रताप बी0ए0 तृतीय वर्ष को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिला नन्द सिंह , डॉ0 अर्चना सिंह, प्रोफेसर मंजू मिश्रा, उमेश कुमार ,डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह ,डॉ0 उमेश प्रसाद ,डॉ0 ममता, डॉ0 पूनम सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# ग्रामीण स्थानीय खेलकूद प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाना समय की जरूरत हंसराज विश्वकर्मा एमएलसी।

समाज जागरण

वाराणसी। काशी संसद खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता का सफल समापन रिन्यू एजुहब स्क्वैश कोर्ट, पनियरा, वाराणसी में हुआ।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता जिसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कड़ी प्रतिस्पर्धा और बेहतरीन प्रदर्शन के बीच आदर्श प्रजापति, श्रेया श्रीवास्तव, रामबाबू, तन्या, अनुज, आराध्या और समर जैसल विजेता घोषित किए गए। सभी विजेता खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना अतिथियों एवं दर्शकों द्वारा की गई।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद




सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने ग्रामीण स्थानीय खेलकूद को प्रोत्साहित करने को समय की जरूरत कहा।

खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र यादव, ग्राम प्रतिनिधि अरविंद पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजक संदीप कुमार, प्रबंधक रिन्यू सीएसआर, और अंकित सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

अतिथियों ने अपने संबोधन में ग्रामीण और स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया और रिन्यू एजुहब जैसी पहल की सराहना की, जो ग्रामीण क्षेत्र में विश्वस्तरीय खेल मंच उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम का समापन सभी खिलाड़ियों को इसी उत्साह और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के संदेश के साथ हुआ।

# चंदेल ने श्री गोपाष्टमी गौ पूजन कर गौ माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने और गौ हत्यारे को मृत्युदंड की मांग

## (श्री गोपाल गौ रक्षा दल द्वारा गोपाल अष्टमी का भव्य आयोजन किया गया )

समाज जागरण

नई दिल्ली 30 अक्टूबर / श्री गोपाल गौ रक्षा दल द्वारा आज ब्रह्मपुरी में गौ माता पूजन का भव्य आयोजन किया गया जिसके जिसमें अतिथि के तौर पर भाजपा वरिष्ठ नेता एवं वाल्मीकि रत्न महंत गुरुजी राजू चंदेल ने दीप प्रज्वलित कर गौ पूजन किया इस मौके पर महंत चंदेल को संस्था के पदाधिकारी ने स्मृति चिन्ह व पटका देकर सम्मानित किया

इस धार्मिक अनुष्ठान आयोजन कताओं में प्रमुख नवीन तिवारी. विनीत त्यागी . उन्नति तिवारी. मुकुल रोहिल्ला तरुण गुप्ता बृजेश राणा संगीता त्यागी महेश रामगोपाल शर्मा को प्रियंका गॉड . लक्ष्मी मुद्र गल




.प्रेम सैनी, बल्लू डागा, दीपिका चंदेल भाजपा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,लक्ष्मी चंदेल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे

इस मौके पर महंत गुरुजी चंदेल ने कहा कि गौ पूजन से हमारे तमाम पापों का नाश होता है गौ माता के अंदर 33 कोटि देवताओं का वास होता है गौ माता के स्पर्श से ही हमारे शरीर के तमाम रोग और पापों का नाश होता है

गुरु जी ने कहा कि हम सभी मानव जाति के लोगों को गौ माता की सेवा करनी चाहिए

इस मौके पर उन्होंने अपनी केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द गो हत्या करने वालों को मृत्यु दंड का कानून बनाकर उन्हें सजा दे

जो समुदाय विशेष के लोग लोग कुबार्नी के नाम पर गाय माता की हत्या करते हैं उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं क्योंकि गाय हमारी राष्ट्र माता है

उन्होंने कहा भारतवर्ष वर्ष कि इस पावन धरती पर गौ माता का खून लहू बहाना बंद करें गौ माता हमारी माता व आस्था और स्वाभिमान है संपूर्ण भारतवर्ष में गाय माता की हत्या पर प्रतिबंध लगे और गाय को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए और हथियारों को मृत्युदंड

# पात्र मतदाता सूची में होंगे शामिल, कोई नहीं छूटेगा

## एसडीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

समाज जागरण

सहावर। तहसील सभागार में बुधवार को उपजिलाधिकारी एसएन त्रिपाठी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। यह बैठक स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) और मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर हुई।

उपजिलाधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों को प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपजिलाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हैं, उन्हें केवल आयोग की ओर से उपलब्ध कराया गया एन्यूमरेशन



फॉर्म भरना होगा। जिन मतदाताओं के नाम 2003 की सूची में नहीं हैं, उन्हें एन्यूमरेशन फॉर्म के साथ निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित 11 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक की प्रति संलग्न करनी होगी।

नए मतदाताओं के लिए अपने माता-पिता में से किसी एक का पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा। उपजिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम सूची में शामिल हों और कोई भी मतदाता वंचित न रहे। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# इतिहास को दोहराने के लिए एक बार फिर देवबंद पहुंचे महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज

समाज जागरण

देवबंद। देवबंद स्थित महाकालेश्वर ज्ञान मंदिर में ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज की समाधि पर आकर उनके शिष्य महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने धर्म संसद का संकल्प लिया।

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने अपने जीवन की पहली धर्म संसद अपने गुरु ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज के आदेश पर कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनवाने और जिहाद पर स-




रकार से श्वेत पत्र मांगने के मुद्दे पर यहीं आश्रम में आयोजित की थी, जिसके लिए उन्हें जेल जाना पड़ा था। उनके समर्थन में पूरे सहारनपुर का नौजवान उमड़ पड़ा था। आज ये मुद्दे तो कहीं खो गए और स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज भी ब्रह्मलीन हो गए, परन्तु उनके शिष्य महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज अभी भी पराजित और अभिशप्त जीवन जी रहे हैं। उन्हें बार-बार प्रताड़ित और अपमानित किया जा रहा है, परंतु वो अपने गुरु के द्वारा दी गई लड़ाई से बाल बराबर भी पीछे नहीं हट रहे हैं।

आज उन्होंने ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज के शिष्यों के साथ बातचीत करके फरवरी के पहले हफ्ते में दो दिवसीय धर्म संसद आयोजित करने का निर्णय लिया।

**एक बार फिर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने की धर्म संसद की घोषणा**

देवबंद में आरंभ हुआ धर्म संसद का कारवां फिर देवबंद पहुंचा

जिहाद और तालिबान को लेकर फरवरी में देवबंद में होगा धर्म संसद

6 और 7 सितंबर 2013 को देवबंद में हुई थी पहली धर्म संसद

यह धर्म संसद दारुल उलूम देवबंद और तालिबान के बढ़ते हुए प्रभाव का संपूर्ण मानवता और हिंदू समाज पर होने वाले प्रभाव पर चिंतन करेगी। यह धर्म संसद इस विषय में भी चिंतन करेगी कि इस्लामिक गुलामी आने पर हमारा भविष्य कैसा होगा और इस्लामिक भारत का संपूर्ण विश्व और मानवता पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने देवबंद के सभी हिंदुओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका समर्थन करने का आह्वान किया!

यहां आश्रम में अभिषेक त्यागी, सचिन इलू जड़ौदा पांडा, गुरदीप गुर्जर मीरगपुर, आकाश पुंडीर बड़-ेडी, मनीष त्यागी, सुमित सैनी, राजीव धीमान, वसु राणा शुभरी, निशु चौधरी, मनोज त्यागी वास्तम, प्रदीप कुरड़ी, अनुज भरतपुर, गोलू त्यागी जड़ौदा पांडा सहित अनेक भक्तों ने उनका स्वागत किया।

आश्रम में यह तय किया गया कि धर्म संसद से पहले 9 दिवसीय मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा ताकि दैवीय शक्तियों का जागरण और दुष्ट शक्तियों का शमन और दमन हो सके।

# युवक की हत्या के बाद सहावर में तनाव, पुलिस ने बढ़ाई गश्त

## क्षेत्राधिकारी शाहिदा नसरीन ने संभाली कमान, लोगों को दिलाया भरोसा — “शांति भंग नहीं होने देंगे”

सहावर, कासगंज। कस्बे में शनिवार देर रात एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों में दहशत का माहौल है। देर शाम तक लोग घरों में सिमटे रहे, बाजारों में सन्नाटा छाया रहा।

घटना मोहल्ला झंडा की बताई जा रही है, जहां प्रेम प्रसंग के विवाद में युवक पर चाकुओं से हमला किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह जब लोगों को घटना की जानकारी हुई तो आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में पुलिस ने शाम से ही गश्त तेज कर दी। थाना प्रभारी चमन कुमार गोस्वामी तथा अमापुर व सुनगढ़ी थाने की पुलिस भी गश्त में जुटी रही। पुलिस टीमों ने गलियों और प्रमुख बाजारों में पैदल मार्च किया तथा लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

सीओ शाहिदा नसरीन ने कहा कि “किसी भी सूरत में माहौल बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। पुलिस लगातार निगरानी रख रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।”

घटनास्थल पर पिकेट ड्यूटी तैनात की गई है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। पुलिस ने मोहल्ले के लोगों से बातचीत कर उन्हें आश्वस्त किया कि कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

# सहावर सरदार पटेल की 150वीं जयंती की तैयारी

## एसडीएम ने राष्ट्रीय एकता और अन्य कार्यक्रमों पर की चर्चा।

समाज जागरण

सहावर। तहसील परिसर में गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसडीएम एस एन त्रिपाठी ने बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें आगामी कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय एकता पदयात्रा, राष्ट्रीय एकता दौड़ और अन्य जनजागरण आयोजनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।एसडीएम ने कहा कि सरदार पटेल का देश की एकता और अखंडता के लिए दिया गया योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रीय एकता, समरसता और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को



निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम अनुशासन, सौहार्द और व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न होने चाहिए ताकि उनका संदेश प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंच सके। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप चौधरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी आरती चौधरी, अधिशाषी अधिकारी शुक्ला, अधिशाषी अधिकारी सहावर अजय कुमार, निषाद खण्ड विकास अधिकारी चरण सिंह आदि तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राहिम कबड्डी टूनार्मेंट में जे.डी. एकेडमी नोएडा की टीम विजेता

## सहावर में खेला गया रोमांचक फाइनल मुकाबला, युवाओं में दिखा उत्साह

संवाददाता, समाज जागरण।

सहावर, कासगंज। कस्बे के मामू-भांजे दरगाह परिसर के पास आयोजित राहिम कबड्डी टूनार्मेंट में जे.डी. एकेडमी नोएडा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टूनार्मेंट में विभिन्न जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया और रोमांचक मुकाबले देखे गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता जाहिदा सुल्तान उर्फ फातिमा आपा ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि “खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। ये न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक होना चाहिए।”



टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला बेहद रोचक रहा, जिसमें जे.डी. एकेडमी नोएडा के कप्तान रजत सिंह के नेतृत्व में टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया और हरियाणा क्लब हरियाणा (कप्तान अभिषेक) को पराजित कर विजय हासिल की।

मैच के रेफरी जावेद खान एवं तौसीफ खान रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन अफरोज, तौसीफ, अजहर, नासिर, अतीक और समीर ने किया। एलाउंसर की भूमिका ईशान ने निभाई।

कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। प्रमुख रूप से नियाज मोहम्मद, ताज अंसारी, सानू कुरैशी, बबलू कुरैशी, अमन कुरैशी और इजहार मदन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

खेल भावना और भाईचारे के संदेश के साथ टूनार्मेंट का समापन हुआ। आयोजकों ने घोषणा की कि अगले वर्ष इस प्रतियोगिता को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।